4 रायपुर संभाग
उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने 135 हैंडपंप तकनीशियनों को...

6 अभिमत
ईरानी क्रांतिः सफलता के कारण

09 विविध
खेल के माध्यम से किया गया यातायात जन जागरूकता...

10 संस्कारधानी
झूरानदी सहकारी समिति में धान में मिलावट...



रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
# पायनियर
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 13 फरवरी 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-172 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज

### सीएम ने दाऊ कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने समाज सेवी और छत्तीसगढ़ में अपनी दानशीलता के लिए प्रसिद्ध



महान दानवीर दाऊ कल्याण सिंह की 13 फरवरी को पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। साय ने कहा है कि दाऊ कल्याण सिंह जी विलक्षण प्रतिभा के धनी व दीन-दुखियों के सेवा में सदैव तत्पर रहने वाले मनीषी थे। उन्होंने अस्पताल, पुस्तकालय, कॉलेज, जलाशय जैसे कई कामों के लिए मुक्त हाथों से कई एकड़ जमीन दान कर दी। उनके दिए दान से समाज के हर वर्ग को आसानी से शिक्षा और चिकित्सा सुविधा देने में मदद मिली। सीएम साय ने कहा कि स्वस्थ व संस्कारित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए संपूर्ण जीवन अर्पित कर देने वाले दाउ कल्याण सिंह का नाम छत्तीसगढ़ में हमेशा आदर के साथ लिया जाता रहेगा।

### आंध्र में दो घटनाओं में पांच किशोर डूबे, मौत

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के एलुरु और एएसआर जिलों में पांच किशोरों की नदी में डूबने से मौत हो गयी। पुलिस ने सोमवार को बताया कि कुछ छात्र एएसआर जिले के रामपछोड़ावरम मंडल के आई. पोलावरम गांव में सीतापल्ली नदी पर पिकनिक मनाने गए थे। उनमें से तीन नहाने के लिए सीतापल्ली नदी में उतरे और डूब गए। शवों को नदी से बाहर निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए रामपछोड़ावरम के क्षेत्रीय अस्पताल भेज दिया गया है। मृतकों की पहचान काकरा वीरा वेंकट अर्जुन (16), एंडीबोइना देवी चार्न (16) और लावेती रमन (16) के रूप में की गयी है। ये तीनों गोदावरम मंडल के रंपा येर्रमपलेम गांव में जेडपी हाई स्कूल में 10वीं कक्षा के छात्र थे।

### मध्यप्रदेश में कई स्थानों पर बारिश के साथ गिरे ओले

**भोपाल।** मौसम के बदले मिजाज के बीच पिछले चौबीस घंटों के दौरान मध्यप्रदेश के अनेक स्थानों पर बारिश के साथ ओले गिरे, जिससे फसलों को नुकसान पहुंचा है। मौसम विज्ञान केन्द्र भोपाल के वैज्ञानिकों ने आज यहां बताया कि पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के मंडला, डिंडौरी, सिवनी, बालाघाट, नरसिंहपुर, कटनी, जबलपुर, उमरिया, अनूपपुर, छिंदवाड़ा में बारिश के साथ ओले गिरे। वहीं, बैतूल और नर्मदापुरम जिलों में कहीं कहीं वर्षा हुयी है।

# उप मुख्यमंत्री सिर्फ एक पदवी, वेतन मंत्री के समान

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा-उप मुख्यमंत्री का पद संविधान का उल्लंघन नहीं

एजेंसी ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय ने राज्यों में उप मुख्यमंत्रियों की नियुक्ति की परंपरा पर सवाल उठाने वाली एक जनहित याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने 'पब्लिक पॉलिटिकल पार्टी' की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि उप मुख्यमंत्री सिर्फएक पदवी है, जो किसी भी संवैधानिक प्रावधान का उल्लंघन नहीं करती है। पीठ ने याचिकाकर्ता का पक्ष रख रहे वकील से कहा कि उप मुख्यमंत्रियों को केवल दूसरे मंत्रियों से वरिष्ठ माना जाता, लेकिन वे उनसे अधिक वेतन नहीं लेते हैं। इसके बाद वकील ने दलील दी कि उप मुख्यमंत्री की नियुक्ति सरकारी विभाग में अन्य अधिकारियों के लिए गलत उदाहरण स्थापित कर रही है। याचिकाकर्ता



के वकील ने कहा, 'उनकी नियुक्ति का आधार क्या है। आधार केवल धर्म और समाज का विशेष संप्रदाय है। ऐसे उप मुख्यमंत्री के पद पर नियुक्ति का कोई अन्य आधार नहीं है।' उन्होंने तर्क दिया उप मुख्यमंत्री का पद यह संविधान के अनुच्छेद 14 के खिलाफ है। पीठ ने हालांकि कहा कि एक उप मुख्यमंत्री एक विधायक और एक मंत्री होता है। इस प्रकार, यह पद किसी भी संवैधानिक प्रावधान का उल्लंघन नहीं है। जनहित याचिका में सवाल उठाए गए थे कि राज्यों में उप मुख्यमंत्री की नियुक्ति के लिए संविधान में कोई प्रावधान नहीं है। इस पर पीठ ने कहा, एक उप मुख्यमंत्री किसी राज्य की सरकार में सबसे पहला और सबसे महत्वपूर्ण मंत्री होता है। उप मुख्यमंत्री का पदनाम संवैधानिक पद का उल्लंघन नहीं है। शीर्ष अदालत ने कहा, इस याचिका में कोई दम नहीं है। यह खारिज की जाती है।

## पीएम मोदी ने रोजगार मेले में एक लाख नियुक्ति पत्र वितरित किये

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से नवनियुक्त कर्मचारियों को एक लाख से अधिक नियुक्ति पत्रों का वितरण किया। उन्होंने यहां एकीकृत परिसर 'कर्मयोगी भवन' के पहले चरण की आधारशिला भी रखी। यह परिसर मिशन कर्मयोगी के विभिन्न स्तंभों के बीच सहयोग और समन्वय को बढ़ावा देगा। इस अवसर पर एक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एक लाख से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपे जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने नवनियुक्तों और उनके परिवारों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सरकार में युवाओं को नौकरी के अवसर उपलब्ध कराने का अभियान पूर्ण गति के साथ जारी है। नौकरी अधिसूचना और नियुक्ति पत्र सौंपने के बीच लगने वाले लंबे समय के कारण बढ़ने वाली रिश्वतखोरी का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ने निर्धारित समय के तहत भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने के साथ-साथ पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बना दिया है।




**रायपुर।** रोजगार मेले में रायपुर जिले के आरंग स्थित केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल कैम्प में प्रधानमंत्री रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेला में अभ्यर्थियों को नियुक्ति -पत्रों का वर्चुअल वितरण कार्यक्रम में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल शामिल हुई। उन्होंने विभिन्न केन्द्रीय सशस्त्र बलों एवं अन्य विभागों में चयनित 75 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। अनुप्रिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबध्दता को पूरा करने की दिशा में यह रोजगार मेला एक ऐतिहासिक कदम है। रोजगार मेला भविष्य में रोजगार सृजन उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा और युवाओं को उनके सशक्ति करण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा। रोजगार मेले में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 04, सीमा सुरक्षा बल के 09, भारत तिब्बत सीमा पुलिस के 01, पोस्टल के 17, रेवेन्यू सी.बी.आई.सी. के 10, एफसीआई एण्ड पीडी के 04, लेबर (ईपीएफओ) के 05, हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड के 20 तथा हायर एजुकेशन के 05 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। इस समारोह में अपर महानिदेशक (भा.पु.से.) अमित कुमार, पुलिस महानिरीक्षक (भा.पु.से.) साकेत कुमार सिंह, उप महानिरीक्षक छत्तीसगढ़ सेक्टर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल विजय शंकर पाण्डेय, ग्रुप केंद्र रायपुर के कमाण्डेड अजय कुमार सिंह, चयनित अभ्यर्थी एवं उनके परिवारगण सहित केन्द्रीय विभागों के अधिकारी तथा कार्मिक उपस्थित रहे।

## राहुल गांधी ने अडानी-अंबानी और मोदी पर बोला हमला

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा कोरबा के सीतामणि चौक से शुरू हो होकर ट्रांसपोर्ट नगर पहुंची। यहां राहुल ने गांधी ने चौक पर जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान राहुल ने अडानी-अंबानी और प्रधानमंत्री मोदी पर हमला बोला। राहुल गांधी अग्निवीर, जीएसटी तमाम मामलों को लेकर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में 74 फीसदी आबादी वाले ओबीसी, दलित, आदिवासियों को नहीं बुलाया गया। वहां बड़े-बड़े पूंजीपति और फिल्म स्टार गए।



बरपाली तानाखर में लंच के बाद 7 किलोमीटर बस यात्रा करते हुए राहुल की गुर्सीय, चोटिया और मोरगा गांव में 3 छोटी-छोटी सभाएं होंगी। 71 किलोमीटर बस यात्रा के बाद सूरजपुर के शिव नगर ग्राम पंचायत में यात्रा का रात्रि विश्राम होगा। यात्रा के तीसरे दिन कोरबा पहुंचे राहुल का लोगों ने स्वागत किया। सड़क के दोनों किनारे लोगों की अच्छी खासी भीड़ देखी गई।

## एम्स में भुगतान के लिए एम्स-एसबीआई स्मार्ट कार्ड

एजेंसी ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि एम्स-एसबीआई स्मार्ट भुगतान कार्ड दूर-दराज के इलाकों से मरीजों को नकदी ले जाने की समस्या का समाधान करेगा और सुरक्षित भुगतान की गारंटी देगा। मांडविया ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान- एम्स में एम्स-एसबीआई स्मार्ट भुगतान कार्ड जारी करते हुए कहा कि मरीजों और उनके तीमारदारों के लिए यह एक बड़ी राहत है। उन्होंने कहा कि एम्स स्मार्ट पेमेंट कार्ड की सेवाएं निकट भविष्य में सभी 22 एम्स तक बढ़ाई जाएंगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि एम्स स्मार्ट पेमेंट कार्ड दूर-दराज के इलाकों से मरीजों को अस्पताल में नकदी ले जाने की समस्या का समाधान करेगा। उन्होंने कहा कि मरीज या उनके तीमारदार एम्स, नयी दिल्ली के सुविधा केंद्रों से आसानी से कार्ड प्राप्त कर सकते हैं और उसके बाद विभिन्न काउंटरों पर भुगतान के लिए इसका उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया पहल ने सरलता और सुरक्षा के एक नए युग की शुरुआत की है जो बहुत ही महत्वपूर्ण है। एम्स में इलाज करा रहे मरीज के लिए भुगतान संबंधी किसी भी तत्काल आवश्यकता के मामले में अब कोई भी व्यक्ति देश भर से आसानी से और तेजी से धनराशि स्थानांतरित कर सकता है। एसबीआई-एम्स स्मार्ट कार्ड सभी मरीजों को निशुल्क प्रदान किया जा रहा है और इसमें कोई सेवा शुल्क नहीं है। प्रवेश पर सभी मरीजों को स्मार्ट कार्ड जारी किया जाएगा। कार्ड को मरीज के विशिष्ट अस्पताल पहचान (यूएचआईडी) नंबर और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत जारी आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (एबीएचए) आईडी से जोड़ा जाएगा। एक बार जारी किया गया कार्ड पांच साल की अवधि के लिए वैध होगा।

## कतर ने रिहा किए आठ पूर्व भारतीय नौसेना कर्मी


वार्ता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कतर की एक कंपनी में काम करने वाले भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को रिहा कर दिया गया है और इनमें से सात लोग बीती रात स्वदेश लौट आए हैं। विदेश मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार कतर में हिरासत में लिए गए दहरा ग्लोबल कंपनी के लिए काम करने वाले आठ भारतीय नागरिकों की रिहाई का स्वागत करती है। इन आठ में से सात लोग भारत लौट आए हैं। हम इन नागरिकों की रिहाई और घर वापसी को सक्षम करने के लिए कतर राज्य के अमीर के फैसले की सराहना करते हैं। स्वदेश लौटने पर एक कर्मी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उनकी रिहाई से वे बहुत खुश हैं और यह कठिन काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तिगत हस्तक्षेप के बिना संभव नहीं था। कतर में आठवें भारतीय के बारे में विदेश मंत्रालय ने अभी कुछ नहीं कहा है।

### डबलडेकर बस और कार की भिडन्त में पांच लोग जिंदा जले

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश में मथुरा जिले के महाबन थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस वे पर एक बस और एक कार की भिड़त में पांच लोग जिंदा जल गए। दुर्घटना की सूचना



पर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेष (एसएसपी) कुमार पाण्डे मौके पर पहुंचे और अधीनस्थों को आवश्यक निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के अनुसार सोमवार को लगभग आठ बजे घटी इस दुर्घटना में जिन पांच लोगों की मौत हुई है वे सभी कार में सवार थे। उन्होंने बताया कि आगरा की ओर से दिल्ली की ओर जा रही एक प्राइवेट डबलडेकर बस और कार में उस समय भिड़न्त हो गई जब कार के आगे जा रही बस का एक पहिया फट गया।

## राष्ट्रपति मुर्मु दयानंद सरस्वती के स्मरणोत्सव समारोह में शामिल हुई

वार्ता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुजरात के टंकारा में महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती के अवसर पर 200वें जन्मोत्सव-ज्ञान ज्योति पर्व स्मरणोत्सव समारोह में हिस्सा लिया । राष्ट्रपति ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत भूमि महर्षि दयानंद सरस्वती जैसी अद्भुत विभूतियों के जन्म से धन्य हुई है। स्वामी जी ने समाज सुधार का बीड़ा उठाया और सत्य को सिद्ध करने के लिए 'सत्यार्थ प्रकाश' नामक अमर ग्रन्थ की रचना की। उनके आदर्शों का लोकमान्य तिलक, लाला हंसराज, स्वामी श्रद्धानंद और लाला लाजपत राय जैसी महान हस्तियों पर गहरा प्रभाव पड़ा। उन्होंने कहा कि स्वामी जी और उनके असाधारण अनुयायियों ने भारत के लोगों में नई चेतना और आत्मविश्वास का संचार किया। मुर्मु ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने 19वीं सदी के भारतीय समाज में व्याप्त अंधविश्वासों और कुरीतियों को दूर करने का बीड़ा उठाया। उन्होंने समाज को आधुनिकता और सामाजिक न्याय का रास्ता दिखाया। उन्होंने बाल विवाह और बहुविवाह का कड़ा विरोध किया और विधवा पुनर्विवाह को प्रोत्साहित किया। वह नारी शिक्षा एवं नारी स्वाभिमान के प्रबल समर्थक थे। उनके द्वारा फैलाये गये प्रकाश ने रूढ़ियों और अज्ञानता के अंधकार को दूर किया। वह प्रकाश तब से हमारा मार्गदर्शन कर रहा है और भविष्य में भी करता रहेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि अगले वर्ष आर्य समाज अपनी स्थापना के 150 वर्ष पूरे करेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आर्य समाज से जुड़े सभी लोग एक बेहतर विश्व बनाने के स्वामीजी के दृष्टिकोण को क्रियान्वित करने की दिशा में आगे बढ़ते रहेंगे।

### निरीक्षण में गुणवत्ताहीन निर्माण के साथ पाई गईं कई खामियां, संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार पर होगी कार्रवाई

## गुणवत्ता को लेकर उप मुख्यमंत्री साव सख्त, पानी टंकी को तोड़ने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ लोरमी
www.dailypioneer.com

उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव ने मुंगेली जिले के लोरमी विकासखंड के देवरहट में निर्माणाधीन गुणवत्ताहीन पानी टंकी को तोड़ने के निर्देश दिए हैं। विगत दिनों एक कार्यक्रम में शामिल होने देवरहट पहुंचे उप मुख्यमंत्री साव ने ग्रामीणों द्वारा गुणवत्ताहीन निर्माण और लेट-लतीफी की शिकायत पर तत्काल कार्यस्थल पहुंचकर इसका निरीक्षण किया था। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता को निर्माणाधीन पानी टंकी की जांचकर निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। प्रमुख अभियंता द्वारा निरीक्षण में काम को खराब गुणवत्ता का और कई खामियां पाए जाने पर उप मुख्यमंत्री ने इसे गिराकर दूसरी नई टंकी के निर्माण के



निर्देश दिए हैं। निर्माणाधीन टंकी को ध्वस्त करने का काम शुरू हो चुका है। प्रमुख अभियंता ने निरीक्षण प्रतिवेदन में संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार पर भी कार्रवाई की अनुशंसा की है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का प्रभार संभालने के बाद से ही जल जीवन मिशन के कार्यों में निर्माण की गुणवत्ता और इन्हें समय-सीमा में पूर्ण करने पर जोर दे रहे हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को इसके लिए लगातार निर्देशित भी किया है। उन्होंने कहा है कि गुणवत्ता से समझौता और लेट-लतीफी किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता ने देवरहट में निर्माणाधीन पानी टंकी के निरीक्षण के बाद प्रतिवेदित किया है कि निर्माण कार्य के लिए नियुक्त एजेंसी श्री राम कंस्ट्रक्शन कम्पनी, बिजुरी (अनुपपुर) द्वारा गुणवत्ताहीन निर्माण के साथ ही काम में काफी लेट-लतीफी की गई है। टंकी के निर्माण में निर्धारित मापदंड एवं गुणवत्ता का पालन नहीं किए जाने से यह जनहित में उपयोग के लायक नहीं है। इस कार्य में ठेकेदार के साथ-साथ विभागीय अभियंताओं की भी गंभीर लापरवाही परिलक्षित हुई है। कार्य हेतु थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एजेंसी इंजीनियरिंग स्टॉफ कॉलेज ऑफ इंडिया की भूमिका भी काफी असंतोषजनक पाई गई है। टंकी के निर्माण के दौरान बरती गई लापरवाही को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए प्रमुख अभियंता ने गुणवत्ताहीन टंकी को तोड़कर गुणवत्तायुक्त नई पानी टंकी निर्धारित मापदण्ड के अनुसार निर्मित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पुरानी टंकी को ध्वस्त किए जाने के दौरान समुचित सावधानी बरतने के निर्देश ठेकेदार को दिए हैं जिससे अप्रिय घटना की आशंका न रहे। निरीक्षण प्रतिवेदन में कहा गया है कि गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य से जल जीवन मिशन की छवि धूमिल हुई है। अतः भविष्य में ठेकेदार श्री राम कंस्ट्रक्शन कंपनी को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से संबंधित किसी भी कार्य में भाग लेने से आगामी निर्देश तक प्रतिबंधित किया जाता है। प्रमुख अभियंता ने मुख्य अभियंता, बिलासपुर को संबंधित कार्यपालन अभियंता आई.पी. मंडावी, सहायक अभियंता एस.पी. सोनवानी और उप अभियंता आई.एस. कश्यप के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए कारण बताओ सूचना एवं आरोप पत्र प्रारूप प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

### सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के घर कुर्की का नोटिस चस्पा, कोर्ट ने जारी किया स्थायी वारंट

**रायपुर।** सट्टा ऐप महादेव बुक के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के खिलाफ पुलिस ने शिकंजा कसना शुरु कर दिया है। दोनों के खिलाफ कोर्ट ने स्थायी वारंट जारी किया है। कोर्ट ने दोनों आरोपियों को 12 मार्च तक उपस्थित होने का आदेश दिया है। इसके साथ ही रायपुर पुलिस ने कोर्ट के आदेश के बाद दोनों प्रमोटरों सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के घर पर कुर्की का आदेश चस्पा कर दिया है। इससे पहले दुर्ग रेंज आईजी राम गोपाल गर्ग और एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने दोनों आरोपियों पर इनाम घोषित किया है। आईजी ने 25 हजार और एसपी ने 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। महादेव सट्टेबाजी ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले की ईडी की जांच जारी है। मामले में ईडी ने पुलिस कर्मियों सहित कई लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी अभी रायपुर जेल में बंद हैं। सोशल मीडिया में एक आरोपी एएसआई चंद्रप्रकाश वर्मा के कथित बयान की कॉपी भी सोशल मीडिया में वायरल हो रही है। जिसमें आरोपियों के द्वारा हर महीने पुलिस अधिकारियों के अलावा कई रसूखदार लोगों को 1 करोड़ रुपये तक हर महीने प्रोटेक्शन मनी के रुप में दिए जाने का दावा किया गया है।

### किसानों को कुचलने के लिए सरकार ने क्रूरता की सारी हदें पार की : आप

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने कहा है कि कभी ब्रिटिश हुकूमत ने स्वतंत्रता सेनानियों की आजादी की मांग को कुचलने के लिए सारी हदें पार कर दी थी और आज केंद्र और हरियाणा की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार किसानों को कुचलने के लिए सड़कों पर कीलें ठोक कर और दीवारें चुनवा कर क्रूरता की सारी हदें पार कर रही है। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान देश कहा जाता है। भारत के किसान तपती धूप, कड़कड़ाती ठंड और बारिश में अपना खून पसीना बहा कर अनाज पैदा करते हैं और गांव के पटवारी से लेकर के प्रधानमंत्री तक का पेट भरने का काम करते हैं। मंगलवार यानी 13 फरवरी को अपनी मांगों को लेकर किसानों ने दिल्ली मार्च का ऐलान किया है। इसे रोकने के लिए केंद्र में बैठी भाजपा सरकार के निर्देश पर हरियाणा की भाजपा सरकार अंग्रेजों से भी ज्यादा क्रूर तरीके से तानाशाहीपूर्ण रवैया अपनाते हुए किसानों को रोकने के लिए सारे हथकंडे अपना रही है, जो गुलामी के दौर की याद दिला रहा है। राय ने कहा कि शहीद भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी, डॉक्टर अंबेडकर समेत कई स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन पर आधारित बनी फिल्मों में इस तरह के दृश्य देखे जाते हैं। उन फिल्मों को देखकर पता चलता है कि ब्रिटिश हुकूमत किस क्रूरता के साथ देश के लोगों को गुलाम बनाए रखने और आजादी की मांग को कुचलने के लिए सभी हदों को पार कर देती थी।

# किसान आत्महत्या मामला में मंत्री के जवाब पर विपक्ष ने किया बहिर्गमन...



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

विधानसभा बजट सत्र के छठें दिन सोमवार को सदन में किसान आत्महत्या का मामला उठा। सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के जवाब से नाराज विपक्ष ने सदन से बहिर्गमन कर दिया। दरसल कांग्रेस विधायक लखेश्वर बघेल ने ध्यानाकर्षण के जरिए कर्ज नहीं पटा पाने से आत्महत्या करने वाले नारायणपुर के किसान हीरू का मामला उठाया। बघेल ने कहा कि किसान हीरू ने एक लाख 82 हजार रुपये का कर्ज बैंक से लिया था। चुनाव में दो लाख रुपये तक का कर्ज माफ करने का वादा किया गया था। नई सरकार के वादे से मुकरने की वजह से किसान ने आत्महत्या की है। इस पर जवाब देते हुए सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि किसान हीरू ने कर्ज पटा पाने की वजह से आत्महत्या नहीं की। किसान ने किसी भी बैंक से कर्ज नहीं लिया था। आपसी झगड़े की वजह से उन्होंने जहर खाया था। इसके बाद सत्तापक्ष के जवाब से नाराज विपक्ष ने किया सदन से बहिर्गमन कर दिया। इसके पहले प्रश्नकाल के दौरान बस्तर, सरगुजा, मध्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण में हुए कार्यों का मुद्दा गूंजा। प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक लखेश्वर बघेल ने पूछा कि आदिवासी विकास प्राधिकरणों के द्वारा वर्ष 2023 से 10 जनवरी 2024 तक कुल कितने कार्य व राशि स्वीकृत किए गए है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कम राशि के छोटे-छोटे कार्यों को रोक दिया गया है, जिससे लोग परेशान हो रहे हैं। इस पर आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने बताया कि जहां ले-आउट नहीं हुआ था, उसे निरस्त किया गया है। उन्होंने कहा कि नई सरकार आई है, हम लोगों की मंशा के अनुसार फिर से इस पर विचार करेंगे। नए प्राधिकरण का गठन होगा। इसमें आप भी शामिल होंगे। आपकी मंशा के अनुसार फिर काम शुरू किया जाएगा। उन्होंने पुरानी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछली सरकार में बिना काम के 40 प्रतिशत राशि निकाल दी गई है।

## स्मार्ट सिटी के कार्यों और साइंस कॉलेज चौपाटी की होगी जांच : ओपी चौधरी




भाजपा विधायक राजेश मूणत ने सोमवार को विधानसभा में ध्यानाकर्षण के जरिए रायपुर स्मार्ट सिटी के कामों में गड़बड़ी का मुद्दा का उठाया। सवालों का जवाब देते हुए मंत्री ओपी चौधरी ने समार्ट सिटी रायपुर के कई कामों की जांच कराने का ऐलान किया। मंत्री चौधरी ने सदन में साइंस कॉलेज चौपाटी के संबंध में जांच की घोषणा की। इसके अलावा चौपाटी हटाने के संबंध में नगरीय प्रशासन विभाग से चर्चा करने की बात भी उन्होंने कही। मंत्री ने कहा- स्मार्ट सिटी की गड़बड़ियों की जांच होगी। गलत ढंग से काम करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। इससे पहले ध्यानाकर्षण के जरिए राजेश मूणत ने स्मार्ट सिटी के कामों का मामला उठाते हुए करोड़ों रुपए की राशि में बंदरबांट का आरोप लगाया। उनहोंने बगैर दक्षता देखे मिलीभगत कर काम देने का आरोप लगाया। इस पर मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि, सभी काम दक्षता देखने के बाद दिए गए हैं। प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंसी के परीक्षण के बाद काम दिए गए। तब राजेश मूणत ने कहा 970 करोड़ की परियोजनाएं आईं। इनमें से कितने काम पूरे हुए और कितने काम अधूरे हैं। 180 करोड़ का काम किया जा चुका है, 399 करोड़ के 10 टेंडर को निरस्त किए गए हैं। राजेश मूणत ने कहा : 185 परियोजनाओं को पूरा नहीं किया जा सका, इसके लिए कौन जिम्मेदार है। ओपी चौधरी ने दिया जवाब : नवा रायपुर में सभी पैकेज को निरस्त कर दिया गया है। पुराने रायपुर के संबंध में नगरीय प्रशासन विभाग से वे जानकारी लेकर उपलब्ध करा देंगे। इसके बाद राजेश मूणत ने कहा- बूढ़ातालाब को प्रयोग का केंद्र बना दिया गया।

## राज्यपाल हरिचंदन से केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री ने की सौजन्य भेंट



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से गत दिवस राजभवन में वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री भारत सरकार अनुप्रिया सिंह पटेल ने पुष्प गुच्छ और शॉल भेंट कर अभिवादन किया। उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं से राज्यपाल को अवगत कराया। राज्यपाल ने पटेल को अपनी आत्मकथा पुस्तक बैटल नॉट यट ओवर और स्मृति चिन्ह भेंट की।

## राज्य में 103 लाख 40 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव



**रायपुर।** राज्य सरकार द्वारा अब तक किसानों से 144.92 लाख मीट्रिक टन धान की समर्थन मूल्य पर रिकार्ड खरीदी की जा चुकी है। धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। अब तक 106 लाख 69 हजार 702 मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध मिलर्स द्वारा 103 लाख 40 हजार 304 मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। धान उपार्जन के एवज में किसानों को 31 हजार 913 करोड़ रूपए से अधिक की राशि का भुगतान बैंक के माध्यम से किया गया है। मार्कफेड के महाप्रबंधक से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में समर्थन मूल्य पर अब तक 24 लाख 72 हजार 440 किसानों से 04 फरवरी 2024 तक 144 लाख 92 हजार 96 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है।

## ओबीसी का खुला अपमान करके ओबीसी को पिछड़ा वर्ग से बाहर करने का षड्यंत्र रच रहे राहुल गांधी : देव

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के बयान पर तीखा पलटवार करते हुए कहा है कि आजादी के बाद सालों तक लगातार जाति-पंथ और विभिन्न बहानों से देश को आपस में लड़ाकर तोड़ने वाली कांग्रेस अब भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल रही है! श्री देव ने सवाल किया कि आखिर भारत टूटा कहाँ से है, जिसे राहुल जोड़ने निकले हैं? उल्टे उनकी पार्टी के एक सांसद डीके सुरेश देश तोड़ने की धमकी भरी भाषा बोल रहे हैं और राहुल गांधी इस पर मुँह में दही जमाए बैठे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि अगर राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी को जोड़ने का प्रयास करें या मोहब्बत की दुकान पहले पार्टी में चलाएं, तो शायद उन्हें इसका फायदा होगा। डर और नफ़रत के नाम पर मिथ्या प्रलाप करके राहुल गांधी देश में परस्पर सद्भाव को क्षति पहुँचा रहे हैं। आज देश साक्षी है कि नफ़रत की दुकान खोलकर राहुल गांधी ने प्रभु रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आमंत्रण अस्वीकार कर यह बता दिया कि नफ़रत कहाँ भरी पड़ी है? श्री देव ने कहा कि पूरे देश ने, समाज के हर वर्ग ने अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव पर सद्भाव, सौहार्द की अनूठी मिसाल पेश की और राहुल गांधी घूम-घूमकर यह झूठ परोस रहे हैं कि अयोध्या के कार्यक्रम में ओबीसी, दलित और आदिवासियों की उपेक्षा की गई। कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के कोरबा से रवाना होने पर श्री देव ने तंज कसा कि यह यात्रा हताश कांग्रेस की फिज़ूल सियासी कवायद है और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के इस राजनीतिक प्रहसन को प्रदेश की जनता कतई रिस्पॉन्स नहीं दे रही है। तमाम संसाधन झोंकने के बाद भी कांग्रेस अपने 'शहजादा' को स्थापित करने में विफल साबित हुई है। अपनी पिछली भारत जोड़ो यात्रा के बाद कांग्रेस तीन राज्यों की सत्ता से बेदखल हुई थी और अबकी बार तो छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटों पर कांग्रेस को मुँह की खानी पड़ेगी। भारत जोड़ो न्याय यात्रा कांग्रेस का एक और सुपर फ्लॉप शो साबित होगी। श्री देव ने कहा कि दरअसल कांग्रेस मोदी-विरोध के एजेंडे पर चलते-चलते अब देश और देश की जनता का विरोध करने लगी है जिसे देश की जनता स्वीकार नहीं कर रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि जिस कांग्रेस में उसके अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ न्याय नहीं हो पाया और कांग्रेस के नामचीन नेताओं और ज़मीनी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस से किनारा कर लिया, उस कांग्रेस की यह न्याय यात्रा सिवाय नौटंकी के और कुछ नहीं है। कहने को तो कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे हैं, परंतु उन्हें डमी बनाकर रखा गया है। परिवारवाद में बुरी तरह जकड़ी कांग्रेस में आज भी राहुल गांधी की ही तूती बोल रही है। श्री देव ने कहा कि हजारों करोड़ रुपयों का घोटाला करके छत्तीसगढ़ को 10, जनपथ का एटीएम बनाकर कांग्रेस की भूपेश सरकार ने प्रदेश के खजाने में खुली लूट मचाई और प्रदेश की जनता के पसीने की गाढ़ी कमाई का पैसा कांग्रेस नेताओं की तिजोरी भरने में खपा दिया। भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी भूपेश सरकार ने तो गरीबों का चावल डकारकर सैकड़ों करोड़ रुपए का घोटाला करके प्रदेश के गरीबों के साथ तक अन्याय की पराकाष्ठा कर दी, उस सरकार के धत्कर्मों से नजरें फेरकर राहुल गांधी आज न्याय यात्रा के नाम पर शिगूफेबाजी कर रहे हैं।

## महतारी वंदन योजना के लिए राज्य में 46 लाख 22 हजार से अधिक महिलाओं ने भरा आवेदन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आरंभ की गई महतारी वंदन योजना के लाभ के लिए बड़ी संख्या में आवेदन भरने का सिलसिला जारी है। इस योजना के तहत प्रदेश में 46 लाख 22 हजार 926 आवेदन प्राप्त हुए हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार महतारी वंदन योजना के तहत पात्र महिलाओं से आवेदन लिए जा रहे है। प्रदेश भर में फार्म भरने के लिए महिलाएं बड़ी संख्या में आवेदन कर रही हैं। महिलाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। सभी जिलों में लग रहे कैंपों में महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। महिलाओं का कहना है कि छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से हर महीने मिलने वाली एक हजार रूपए की राशि से वह अपनी छोटी-मोटी जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होंगी और सम्मानजनक जीवन निर्वाह कर सकेंगी।

## 54 लाख से अधिक राशन कार्डधारियों ने किया नवीनीकरण के लिए ऑनलाईन आवेदन, छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित सभी 77 लाख राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य 25 जनवरी से जारी है। 12 फरवरी की स्थिति में 54 लाख 03 हजार 620 राशन कार्डधारियों ने नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग द्वारा दी गई, ऑनलाइन सुविधा का लोग भरपूर लाभ उठा रहे हैं और स्वयं अपने मोबाइल से खाद्य विभाग के एप के जरिये राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत कर रहे हैं। गौरतलब है कि राशनकार्ड नवीनीकरण 25 जनवरी से 15 फरवरी 2024 तक किया जा रहा है। राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग के द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का नया मोबाईल एप्प तैयार किया गया है, इसे प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। हितग्राही द्वारा खाद्य विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। राशनकार्डधारी अपने मोबाईल में इस एप्प के जरिए नवीनीकरण के लिए इलेक्ट्रानिक आवेदन ऑनलाईन प्रस्तुत कर सकते हैं।

## शासकीय आईटीआई सड्डू में दस्तावेज सत्यापन 15 फरवरी को

**रायपुर।** राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में छात्रावास अधीक्षक एवं छात्रावास अधीक्षिका के पदों पर तृतीय चरण के दस्तावेज सत्यापन हेतु अभ्यर्थियों को दिनांक 15 फरवरी 2024 को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायपुर, विधान सभा रोड, सड्डू, रायपुर में बुलाया गया है। इस हेतु संबंधित अभ्यर्थियों को एसएमएस/व्हाट्सएप्प पर भी सूचना भेजी जा रही है। कट ऑफ मार्क्स संचालनालय की वेबसाइट पर देखा जा सकता है। उक्त चरण में रिक्त पदों के विरूद्ध 03 गुना अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाया गया है।






## बेमेतरा के एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के बच्चों से विधानसभा कार्यालय कक्ष में मुलाकात की

# आपके लिए विकसित छत्तीसगढ़ को संवारने हम यहां बनाते हैं कानून

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



वर्ष 2047 में विकसित छत्तीसगढ़ का जिम्मा संभालने की जिम्मेदारी जिस पीढ़ी पर होगी, उन्हें तैयार करने और गढ़ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय प्रदेश के बच्चों से निरंतर संवाद कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आज विधानसभा परिसर का निरीक्षण करने आये बेमेतरा के एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के बच्चों से विधानसभा कार्यालय कक्ष में मुलाकात की और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी मौजूद रहे। बच्चे विधायक श्रीमती भावना बोहरा के नेतृत्व में पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने बच्चों से कहा कि आप लोग जो भी पूछना चाहते हैं पूछें। उन्होंने बच्चों से पूछा भी कि अब तक यहां क्या देखा। बच्चों ने बताया कि वे सेंट्रल हाल गये, विधानसभा की कार्रवाई देखी और यहां की लाइब्रेरी का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री ने बच्चों को बताया कि ये सबसे महत्वपूर्ण जगह है जहां पर विधायक प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण कानून तैयार करने मंशा करते हैं प्रदेश को आगे ले जाने की दिशा में काम करते हैं। मुख्यमंत्री ने बच्चों को बताया कि आप लोग जब बड़े होंगे तो आपकी पीढ़ी के लोग यहां पहुंचेंगे और छत्तीसगढ़ को आगे बढ़ाएंगे। प्रदेश के बच्चों की अच्छी परवरिश हो, उन्हें बुनियादी सुविधाएं मिल सकें, इसके लिए हमने यहां बजट पारित किया और आने वाले सालों के लिए संकल्प भी तय किये। मुख्यमंत्री ने बताया कि जिस तरह से आपने यहां लाइब्रेरी देखी और इसकी प्रशंसा की। उस तरह की लाइब्रेरी रायपुर में नालंदा परिसर के नाम से है जिसमें युवा छात्र तैयारी करते हैं और किताबें पढ़ते हैं। हमने इस बार बजट में इसी तरह से अन्य जिलों में भी 20 लाइब्रेरी तैयार करने का निर्णय लिया है। हर जिले में एक अच्छी लाइब्रेरी होगी, जहां आपके लिए खूब सारी किताबें होंगी और आप इन्हें पढ़कर अपना उज्जवल भविष्य तैयार कर पाएंगे। छात्र पीयूष राजपूत ने मुख्यमंत्री से पूछा कि आप मुख्यमंत्री हैं तो छत्तीसगढ़ को किस तरह से आगे बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि आपमें से कुछ बच्चे किसान परिवारों से होंगे। हमने किसानों का विशेष ध्यान रखा है। हम उन्हें धान का मूल्य 3100 रुपए प्रति क्विंटल कृषि उन्नति योजना के अंतर्गत दे रहे हैं। हमने 2 साल की बोनस राशि भी किसानों को दी है। हम लोग 21 क्विंटल धान प्रति एकड़ खरीदते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सब वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं लाते हैं जिससे सभी को लाभ होता है। हमने बजट प्रस्ताव भी ऐसा ही रखा है। सभी क्षेत्रों में समुचित विकास की पहल की है जिससे पूरा प्रदेश तरक्की की राह में तेजी से आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बच्चों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तो हमेशा बच्चों से चर्चा करते रहते हैं।

### विश्व रेडियो दिवस : रेडियो संवाद का सशक्त माध्यम : मुख्यमंत्री साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर संदेश देते हुए बताया कि रेडियो संचार का एक सशक्त माध्यम है और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, सार्वजनिक बहस तथा शिक्षा के प्रसार में रेडियो के महत्व को समझाने के उद्देश्य से वर्ल्ड रेडियो डे मनाया जाता है। मुख्यमंत्री साय ने कहा है कि सूचना के लिए सबसे शक्तिशाली और सस्ते माध्यम के तौर पर रेडियो को जाना जाता है। जिसके जरिए असंख्य लोगों तक संदेशों को पहुंचाया जाता रहा है। खासकर गांव, कस्बों और ऐसी जगहों पर रहने वाले लोगों तक, जहां संचार का कोई और माध्यम पहुंचना आसान नहीं है। वर्तमान में भी ''रेडियो'' संवाद का एक सशक्त माध्यम है। साय ने कहा है कि भले ही रेडियो सदियों पुराना माध्यम है, लेकिन संचार के लिए इसका इस्तेमाल आज भी हो रहा है। आपात परिस्थितियों में भी रेडियो ने अपनी महत्ता स्थापित की है।

### मुख्यमंत्री ने दाऊ कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने समाज सेवी और छत्तीसगढ़ में अपनी दानशीलता के लिए प्रसिद्ध महान दानवीर दाऊ कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। साय ने कहा है कि दाऊ कल्याण सिंह विलक्षण प्रतिभा के धनी व दीन-दुखियों के सेवा में सदैव तत्पर रहने वाले मनीषी थे। उन्होंने अस्पताल, पुस्तकालय, कॉलेज, जलाशय जैसे कई कामों के लिए मुक्त हाथों से कई एकड़ जमीन दान कर दी। उनके दिए दान से समाज के हर वर्ग को आसानी से शिक्षा और चिकित्सा सुविधा देने में मदद मिली।

# बस्तर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक बस्तर के नव आर्थिक विकास की रीढ़ की हड्डी रहा है : डॉ. राजाराम त्रिपाठी

## बस्तर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक कर्मियों का पुनर्मिलन समारोह संपन्न, 90 नब्बे बैंक अधिकारियों, कर्मियों का सपत्नीक हुआ सम्मान तथा नागरिक अभिनंदन

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com







बस्तर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की पूर्व सेवायुक्तों अधिकारियों कर्मचारियों का भव्य पुनर्मिलन-समारोह कोंडागांव में रविवार को संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में लगभग सौ अधिकारियों कर्मचारियों तथा उनके परिजनों ने भाग लिया। कार्यक्रम के प्रथम भाग डीएनके कॉलोनी स्थित 'मां दंतेश्वरी हर्बल परिसर' में संपन्न हुआ। यहां सर्वप्रथम सभी अतिथियों का अक्षत तथा पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। तत्पश्चात 'बईठका-कक्ष' में आयोजित बैठक में सभी लोगों ने सेवाकाल के अपने-अपने खट्टे मीठे संस्मरण साझा किए। इस अवसर पर हर्बल की खेती जैविक खेती तथा विशेष रूप से ऑस्ट्रेलिया टीक और काली मिर्च के पेड़ों से तैयार नेचुरल ग्रीनहाउस के लिए देश में विदेश में पुरस्कृत किसान डॉ.राजाराम त्रिपाठी को बस्तर क्षेत्रीय ग्रामीण के समस्त बैंक कर्मियों की ओर से सम्मानित करते हुए स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ राजाराम त्रिपाठी ने औषधीय पौधों की खेती शुरू करने के पहले कुछ वर्षों तक ' स्टेट बैंक आफ इंडिया ' तथा राज्य सरकार के द्वारा प्रायोजित 'बस्तर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक' में अधिकारी/ शाखा-प्रबंधक के रूप में अपनी सेवाएं दी थी?। इस अवसर पर अपने भावुक व्याख्यान में डॉक्टर त्रिपाठी ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में उनकी सफलताओं में बैंक के सेवा काल में उन्हें मिले कार्य प्रबंधन, वित्तीय प्रबंधन, संतुलित व्यवहार व कठोर अनुशासन की शिक्षा तथा सतत प्रशिक्षण का बड़ा योगदान रहा है,और वे आज भी अपनी मातृ संस्था बस्तर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक तथा सभी साथी बैंक कर्मियों के दिल से आभारी हैं। बस्तर के दुर्गम ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवा का सूत्रपात करने, बस्तर के लोगों को बैंकों से पहली बार जोड़ने और बस्तर के समग्र विकास में बस्तर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक व उसके कर्मचारियों अधिकारियों का बड़ा योगदान रहा है। इस अवसर पर मां दंतेश्वरी हर्बल समूह की ओर से शिप्रा त्रिपाठी ने मां दंतेश्वरी की भतरी बोली में वंदना गीत तथा स्वागत-गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। तत्पश्चात मां दंतेश्वरी हर्बल समूह के डॉ राजाराम त्रिपाठी, शिप्रा त्रिपाठी, अनुराग त्रिपाठी, जसमती नेताम,बलई चक्रवर्ती,, रमेश पंडा, कृष्णा नेताम, शंकर नाग,संजय कोर्राम द्वारा बस्तर के ग्रामीण अंचलों की दीर्घकालीन सेवा हेतु बैंक अधिकारी सत्येंद्र पांडे,रामकुमार पात्र, अलखराम सिंहा, डॉ एलएन खोबरागड़े, अशोक तिवारी,पीके राघव, वीरेंद्र साहू , वसीम अख्तर,एनके ओट्टी,राजीव सेलोकर, जनक प्रसाद पांडे, ऊषालता राव,कोशी फिलिप्स,आरती फिलिप्स, एचएस मरावी,सनातन नाग, धन सिंह ठाकुर, सुब्रत मुखर्जी,जनक प्रसाद पांडे,सुब्रत मुखर्जी,आरपी जोशी, विनोद सुरोजिया,जेपीएन शर्मा,अमीन करीम गाजी, मुरली पालीग्राही, विश्वजीत कर, वेणु गोपाल राव,उत्तम धर, हरक राम धनेलिया, कलीराम सेन,एन नेताम, श्री हरिनाथ यादव, पितुराम पांडे, लोकनाथ राठौर, गजेंद्र ठाकुर,भूपेंद्र ठाकुर, रमेश सिंह, राजेश सावरकर कोसरिया,एम गेडाम, रवीन्द्र यादव,एआर पांडे आदि सभी अतिथियों का सपरिवार अंगवस्त्रम से सम्मानित करते हुए 'नागरिक-अभिनंदन' किया गया। इसके साथ ही मां दंतेश्वरी हर्बल समूह द्वारा कोंडागांव में उगाई गई काली मिर्च भी भेंट की गई।

तदोपरांत जलपान के पश्चात कार्यक्रम के दूसरे भाग में बैंक अधिकारियों कर्मचारियों समेत 100 से अधिक लोगों का काफिला चिकलपुटी स्थित ' मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म तथा रिसर्च सेंटर' पहुंचा। यहां पर देश में सबसे ज्यादा नगद लाभ देने वाली ऑस्ट्रेलियन टीक और काली मिर्च की सफल युगलबंदी से तैयार नेचुरल ग्रीनहाउस मॉडल का अध्ययन किया गया, इसके साथ ही अनुराग त्रिपाठी तथा जसमती नेताम ने इन ऑस्ट्रेलिया टीम के पेड़ों के नीचे उगने वाले जड़ी बूटियों का विस्तार से परिचय भी दिया गया। उल्लेखनीय रूप से शक्कर से 25 गुना ज्यादा मीठी होने के बावजूद जीरो कैलोरी वाली बूटी (स्टीविया ) की पत्तियों को चखकर और यह जानकर कि यह इतना ज्यादा मीठा होने के बावजूद ये मीठी पत्तियां शक्कर का सुरक्षित विकल्प होने के साथ ही साथ डायबिटीज की बीमारी का कारगर इलाज भी है, सभी हैरान रह गए। इस अवसर पर सत्येंद्र पांडे ने कहा कि डॉ राजाराम त्रिपाठी जी अपने जुनून, कठोर परिश्रम और तपस्या के बूते देश विदेश में कृषि के क्षेत्र में अव्वल स्थान हासिल किया है, हर ग्रामीण बैंक कर्मी को आज उन पर गर्व है। डॉक्टर खोबरागड़े ने कहा कि डॉक्टर राजाराम को जब भी कोई अवार्ड मिलता है तो हम ग्रामीण बैंक परिवार के सभी को लगता है कि मानो वो अवार्ड हमें ही मिला है?। फिर पीके राघव तथा विश्वजीत कर,उत्तम धरने डॉ. त्रिपाठी के साथ काम करने के दरम्यान हुए अपने अनुभव साझा किये।

भले ही कालांतर में 'बस्तर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक' का विलय राज्य के अन्य ग्रामीण बैंकों के साथ ही 'छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक' में हो गया, परंतु बस्तर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के पूर्व सेवायुक्तों में परस्पर एक परिवार की भांति प्रेम,अपनापन और भाई चारा कायम है। इस अवसर पर बस्तर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक जिंदा है के नारे भी लगाए गए , और साथ ही आगामी पुनर्मिलन समारोह कांकेर में करने की घोषणा भी की गई।

# अमृत काल यह बजट आर्थिक समबृद्धि और आत्मनिर्भरता छत्तीसगढ़ को बढ़ावा देगा : अरोरा

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आज बजट पेश होने पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा ने बजट को अमृत काल बेहतर बजट कहते हुए कहा कि, छत्तीसगढ़ सरकार की इस बजट से आर्थिक समबृद्धि. और आत्म निर्भर छत्तीसगढ़ को बढ़ावा मिलेगा और सभी नागरिकों के विकास पर खरा उतरेगा। सरकार के इस बजट से प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचेगी। बजट में गरीब, युवा ,अन्नदाता और महिलाओं के साथ हर वर्ग का विशेष ध्यान रखा गया है तो वही तेंदूपत्ता संग्राहकों को खरीदी में बोनस देने का प्रावधान करने से उनकी आर्थिक उन्तति होगी साथ ही चरण पादुका जैसी योजनाएं शुरू की जा रही है तो वंही मोदी गारंटी के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना से मकान महतारी वंदन योजना से महिलाओं को प्रतिवर्ष 12 हजार एवं कृषक उन्नत योजना के तहत धान खरीदी का प्रावधान रखा गया। इसी तरह युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए छत्तीसगढ़ उद्गम क्रांति योजना, आईटी हब के साथ पुलिस बल एवं अस्पताल के पदों में वृद्धि कर भर्ती के लिये बजट प्रावधान किया गया हैं। सेंट्रल लाइब्रेरी के साथ रास्ट्रीय स्तर पर स्थापित भारतीय प्रौद्योगिक संस्थानों के भाँति प्रदेश विभिन्न क्षेत्रो में छत्तीसगढ़ प्रौद्योगिक संस्थान की स्थापना राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए युवाओं को लाभ मिलेगा। साथ ही शहरी व ग्रामीणों क्षेत्रों के विकास के लिये बजट में बड़ी राशि प्रावधान होने से प्रदेश के हर वर्ग तक लाभ निश्चित ही पहुचेगा। उन्होंने जनकल्याण पर केंद्रित बजट पेश करने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व वित्त मंत्री व ओपी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# सीआरपीएफ अल्फा 188वीं बटालियन केशकाल में जवानों को बताये गये तनाव प्रबंधन के तरीके

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com






जिले में अर्द्धसैनिक बलों एवं विभिन्न सेनाओं के जवानों में लगातार घर से दूर विषम परिस्थितियों में रहकर जिले में शांति व्यवस्था स्थापित करने का कार्य किया जाता है। जिससे वे स्वयं कई बार अवसादों से घिर जाते है। जिनसे उन्हें बचाने एवं उनमें तनाव को कम करने के लिए जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत उनके शिविरों में जा कर मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत जिले में कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरके सिंह के निर्देशानुसार जिला नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉ. दिव्या तिवारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ भावना महलवार के मार्गदर्शन में सीआरपीएफ अल्फा 188वी बटालियन् के जवानो के लिए जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम द्वारा मानसिक तनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जवानों को रोजाना की दिनचर्या में आने वाली मानसिक समस्याओं से मुकाबला कैसे करें और तनाव के स्तर को कैसे कम करें, इस संबंध में सोशल वर्कर वीरेंद्र केला एवं कम्युनिटी नर्स निधि साहू द्वारा विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई एवं साथ ही विभन्न गतिविधिया कराई गई।

इसके अतिरिक्त जवानों को तनाव प्रबंधन की रणनीति बताई गई जिसके तहत शारीरिक व्यायाम, गहरी सांस लेना, मानसिक विश्राम, ध्यान करना, योग करना, अपने रोजाना की दिनचर्या से समय निकालकर रचनात्मक शौक को समय देना जैसे गायन, नृत्य, शिल्पकला, बागवानी, खाना पकाना, आर्ट्स एवं क्राफ्ट्स के लिए समय निकालना। जिससे मन को संतोष एवं संतुष्टि प्राप्त हो ऐसे कार्य को अल्प समय करके अपने तनाव के स्तर को कम किया जा सकता है। इसके अलावा समय का नियोजन एवं समय के महत्व को प्राथमिकता देने से तनाव से आसानी से निपटा जा सकता है। प्रभावी सम्प्रेषण कौशल से बातचीत अल्प एवं आसान शब्दों से करना चाहिए जिससे भी तनाव की स्थिति उत्पन्न करने से बचा जा सकता है। तनावपूर्ण स्तिथि संघर्षपूर्ण होती है जिसको स्वीकार करना एवं उनका निदान या ढूंढने हेतु प्रयास की इच्छा व्यक्त करनी चाहिए। इसके साथ ही बताया गया कि, किसी भी तरह की मानसिक तनाव की समस्या होने पर जिला अस्पताल के स्पर्श क्लीनिक ओपीडी कक्ष न. 9 में विजिट हेतु सलाह दिया गया एवं टेलीमानस टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 18008914416 एवं 14416 में कॉल कर के भी आप अपनी मानसिक समस्या का समाधान अपनी चुनिंदा भाषा मे कार्यस्थल पर ही ले सकते है।

# जेएनवी कोंडागांव में काष्ठकला कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com






विकास नगर में संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय में शिक्षा मंत्रालय के निदेशानुसार प्राचार्य संजय सिंह के मार्गदर्शन में 7 से 13 फरवरी तक सात दिवसीय स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम वुड क्राफ्ट वर्कशॉप का आयोजन किया गया है। जिसमें नवोदय के पूर्वछात्र शिल्पकार शिवचरण द्वारा नवोदय में अध्ययनरत बच्चों को काष्ठ कला की बारीकियों की जानकारी प्रदान करते हुए विभिन्न प्रकार की कला कृतियां निर्माण कराया जा रहा हैं। बच्चों में निहित बहुमुखी प्रतिभा को निखारते हुए कला के क्षेत्र में रोजगार के अवसर और लोकल फॉर वोकल का महत्व देते हुए स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बच्चों को उनकी रुचि अनुरूप शब्द कटिंग से लेकर फ्रेमिंग कार्य सिखाया जा रहा हैं प्रशिक्षक शिवचरण साहू शिक्षक के साथ एक अच्छे काष्ठ शिल्पकार भी हैं। जिनके द्वारा नवाचारी गतिविधि से समय समय पर क्षेत्र के स्कूली बच्चों को चित्रकला और स्थानीय कला के साथ काष्ठ कला का प्रशिक्षण दिया जाता है। कार्यशाला में प्राचार्य संजय सिंह, आर्ट शिक्षिका नारायणी शिक्षक आर के कश्यप एके मिश्र मनीष रूपेश कुमार सचिन कुमार रेखा गुप्ता संतोषी आकांक्षा गर्ग अनुप्रिया स्वराज भावना मेहलावात भूपेंद्र धनंजय नायक अंकित सोलंकी ओमकार द्वारा अपनी उपस्थिति के साथ अहम भूमिका प्रदान किया जा रहा हैं।

# सैन्य प्रशिक्षण के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराएगी जिला प्रशासन

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुणाल दुदावत ने अग्निवीर भर्ती के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करने पहुंचे युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, वे अपने निर्णय से ही 50 प्रतिशत कार्य पूरा कर चुके हैं और शेष 50 प्रतिशत कार्यों को अपने परिश्रम से पूरा करेंगे। स्थानीय विकास नगर स्टेडियम में अग्निवीर भर्ती के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर के शुभारंभ के अवसर पर कलेक्टर दुदावत ने कहा कि, अपने सपने को साकार रूप देने के लिए निर्णय लेना जरूरी है, निर्णय के अनुरूप जितना मेहनत उस मुकाम को हासिल करने में करेंगे उसका परिणाम भी बेहतर होगा। प्रतिस्पर्धा बहुत है उसी स्तर पर मेहनत भी जरूरी है, युवा आत्मविश्वास के साथ अपने भविष्य और सपनों को पोषित करें। उन्होंने निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की प्रशंसा करते हुए कहा कि, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के प्रयासों से जिले के के युवा अग्निवीर सहित विभिन्न सैन्य, अर्द्धसैनिक व स्थानीय पुलिस की सेवा में चयनित हुए हैं। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त करने आए युवाओं से कहा कि, सैनिक कभी भी सेवानिवृत्त नहीं होता है। वह हमेशा देश और समाज सेवा का कार्य करता रहता है तथा इसका उदाहरण अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद है, जिसके सदस्य सेवानिवृत्त होने के बाद भी कार्य कर रहे हैं। कलेक्टर दुदावत ने कहा कि, अग्निवीर वायु के लिए आज पंजीयन की अंतिम तिथि हैं और अधिक से अधिक युवा इसमें पंजीयन कराएं। उन्होंने पंजीयन हेतु आवश्यक शुल्क का व्यय जिला प्रशासन द्वारा किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही अग्निवीर थल सेना के लिए भी 22 मार्च तक पंजीयन किया जाएगा, जिसके लिए अपने स्वयं के पंजीयन के साथ ही आसपास के युवाओं को भी प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि यहां शारीरिक प्रशिक्षण के साथ ही बौद्धिक प्रशिक्षण के लिए भी प्रशिक्षक की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने युवाओं को जिला पुस्तकालय का उपयोग करने को भी कहा। उन्होंने कहा कि, युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं प्रदान करने के लिए भी जिला प्रशासन कार्य करेगा, जिसका लाभ सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवा भी उठा सकेंगे।

## महिलाओं को योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए आयोजित किया गया शक्ति वंदन कार्यक्रम

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली समूहों को किया गया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





दीनदयाल अत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत तहसील पारा वार्ड में विधानसभा स्तर पर शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिलाओं में जागरूकता लाने और सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करने के लिए योजनाओं पर आधारित स्टॉल लगाए गए और महतारी वंदन योजना, सामाजिक सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना विभागों द्वारा सभी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा पाम्पेलेटस वितरण किया गया। अच्छे सामुदायिक रिसोर्स पर्सन के रूप में श्रीमती खीरकुमारी श्रीवास्तव, सुशीला मण्डावी, तथा खुमेश्वरी नेताम को शाल, श्रीफल तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दीपेश अरोड़ा व मनोज जैन जी अध्यक्ष भा.ज.पा कोंडागांव, उन्होने अपने वक्तव्य द्वारा महिला शक्ति के विषय में जानकारी प्रदान की तथा योजनाओं के बारे मे भी जानकारी दी। शासन के 5 सूत्रीय नियमों का पालन करने तथा शासन के हर कार्यक्रम में अपनी भागीदारी बढ़ाने हेतु अच्छे स्व सहायता समूह के रूप में जय मां जगदम्बा स्व सहायता समूह, नील स्व सहायता समूह, जय सीताराम स्व सहायता समूह कुल 5 स्व सहायता समूह को अच्छे समूह का प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस कड़ी में अच्छे शहर स्तरीय संघ (एएलएफ) को प्राप्त हुआ ष्उन्नति (एएलएफ) एवं महामाया (एएलएफ) को भी प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा स्वच्छता के क्षेत्र में स्वच्छता दीदीयों को शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि दीपेष अरोरा द्वारा इस अवसर पर शासन द्वारा महिलाओं के लिए शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके साथ ही आवास योजना, स्वास्थ्य बीमा एवं जांच, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमन्त्री विश्वकर्मा योजना, आयुष्यान कार्ड, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत आवेदन लिए गए। मंचासीन अतिथि के रूप में जैनेन्द्र सिंह, संतोष पात्रे, दिलावर कपाड़िया, जितेन्द्र सुराना, लक्ष्मी ध्रुव, सतीश सोनी, ललित देवांगन, तेज देवांगन, सोनामणी पोयाम, मोहेतेश्वरी पटेल, संतोष नाग, केदार जैन मुख्य नगरपालिका अधिकारी भुपेन्द्र वाडेकर, सहायक अभियंता विजय कुमार मेहरा, उप अभियंता देवेन्द्र सिदार, गिरिजा शंकर परते लेखापाल, मंयक कुमार, संतोषी मरकाम व सभी अधिकारी-कर्मचारी सहित 87 महिला स्व सहायता समूहों के लगभग 430 सदस्य एवं एरिया लेवल फेडरेशन सदस्य उपस्थित रहें।

# जिले में परीक्षा के नोडल अधिकारी जागेश्वर कौशल ने किया पीएससी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◀ बीजापुर
www.dailypioneer.com

बीजापुर जिले में छत्तीसगढ़ राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा -2023 की परीक्षा का कलेक्टर अनुराग पाण्डेय के निर्देशन में सफलता पूर्वक संचालन किया गया। परीक्षा के सफल संचालन हेतू नोडल अधिकारी जागेश्वर कौशल ने निरीक्षण कर केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ अनुपस्थित परीक्षार्थियों का संज्ञान लेकर उनके पेपर को जमा करने के निर्देश दिए। बीजापुर जिले में शासकीय शहीद वेंकटराव पीजी कॉलेज और स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2023 रविवार को दो पाली में पूर्वान्ह 10 बजे से 12 बजे तक और अपरान्ह 3 बजे से शाम 5 बजे तक जिले के 02 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की गई। पहली पाली में 658 परीक्षार्थी शामिल होने थे किंतु 460 ही उपस्थित हुए 198 अनुपस्थित रहे।

# किरन्दुल के दीनानाथ ठाकुर बनाएं गए डीएमएफ सदस्य



**किरन्दुल।** जिला खनिज संस्थान न्यास निधि डीएमएफ किरन्दुल का सदस्य भाजपा मंडल किरन्दुल के महामंत्री दीनानाथ ठाकुर को नियुक्त किया गया हैं।बता दें वे डीएमएफ अंतर्गत सम्पूर्ण जिले क्षेत्रों के हित व लाभ के लिए स्वीकृत व स्वीकृत किए जाने वाले कार्यों के संबंध में अपनी सहभागिता निभाएंगे।सदस्य बनाएं जाने पर भाजपा मंडल अध्यक्ष धरमपाल मिश्रा, महामंत्री संजीव दास व अन्य पदाधिकारियों ने दीनानाथ को बधाई व शुभकामनाएं दी।

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने 135 हैंडपंप तकनीशियनों को प्रदान किया नियुक्ति पत्र

## तकनीशियनों की संख्या बढ़ने से हैंडपंपों की मरम्मत और रखरखाव की व्यवस्था होगी सुदृढ़ : उप मुख्यमंत्री साव

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव ने व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) द्वारा प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से चयनित 135 नए हैंडपंप तकनीशियनों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इन्हें प्रदेश भर में ग्रामीण इलाकों में पदस्थ किया गया है। साव ने उम्मीद जताई कि विभाग में हैंडपंप तकनीशियनों की संख्या बढ़ने से इनकी मरम्मत, रखरखाव और पेयजल की गुणवत्ता नियंत्रण की व्यवस्था सुदृढ़ होगी। रायपुर के नवीन विश्राम भवन में आयोजित कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुलहक, जल जीवन मिशन के संचालक सुनील जैन और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता डॉ. एम.एल. अग्रवाल भी शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नवनियुक्त तकनीशियनों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों के जीवन का एक नया अध्याय प्रारंभ हो रहा है। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने के बाद आप लोग एक अलग ही अहसास से गुजर रहे होंगे। पर यह आप लोगों की मंजिल नहीं है, केवल एक पड़ाव है। संतुष्ट होकर बैठना नहीं है, बल्कि लगातार आगे बढ़ते जाना है। उन्होंने कहा कि आप लोगों की ऊर्जा और कौशल से विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की सुचारू व्यवस्था में सहायता मिलेगी। हैंडपंपों की मरम्मत और रखरखाव के कार्यों में तेजी आएगी। उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि नई भर्ती की जानकारी मिलने पर मैंने विभागीय अधिकारियों को जल्द से जल्द काउंसिलिंग कर नियुक्ति पत्र प्रदान करने के लिए निर्देशित किया था। मैं आप सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि मैदानी स्तर पर आप लोगों की सक्रियता और अच्छे कार्यों से आप लोगों का मान-सम्मान और प्रतिष्ठा बढ़ेगी। इससे विभाग का भी सम्मान बढ़ेगा। उन्होंने नई ऊर्जा के साथ सभी नवनियुक्त हैंडपंप तकनीशियनों को विभागीय कार्यों में सहयोग करने को कहा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुलहक ने कार्यक्रम में कहा कि सभी नए तकनीशियन फील्ड में अपने कार्यों को गंभीरता से अंजाम देंगे और प्रदेशवासियों को निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराने में विभाग की सहायता करेंगे, ऐसी उन्हें उम्मीद है।

आप सभी अपनी भूमिका का अच्छे से निर्वहन करें। आपकी अच्छी सेवाओं से विभाग की बेहतर छबि बनेगी। विभाग आपके हर अच्छे कार्य को प्रोत्साहित करेगा और सभी जरूरी सहयोग मुहैया कराएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी तकनीशियन अपने कार्यों का अच्छा प्रशिक्षण लेंगे और अपने कौशल को दक्षता के साथ अमल में लाएंगे। रायपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता राजेश गुप्ता और मंत्रालय में विभागीय ओ.एस.डी. टी.डी. शांडिल्य सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अनेक अधिकारी-कर्मचारी भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

# चिरायु योजना से संवर रही है जिंदगी 6 वर्षीय श्रेया अब सुन पाएगी आवाज

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रही राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम (चिरायु) की बलौदा बाज़ार टीम द्वारा दो बच्चों में क्रमशः स्तन में गांठ और जन्मजात श्रवण बधिता की पहचान कर उसका उपचार कराया है। बलौदाबाजार के विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अभिजीत बनर्जी के अनुसार उक्त दोनों ही बच्चों की पहचान बलौदाबाजार की चिरायु टीम द्वारा की गई है। ग्राम अर्जुनी की 6 वर्षीय बच्ची श्रेया ध्रुव के पिता कृषक हैं। बच्ची के पिता ने जानकारी दी की जन्म से ही उनकी बेटी को सुनने की समस्या रही है कई जगहों पर जांच करवाने के पश्चात चिरायु दल के संपर्क में आने पर बच्ची के ऑपरेशन की व्यवस्था की गई। बच्ची के कान में कॉक्लियर मशीन लगाया गया है जिससे अब उसे सुनाई देने लगा है। इस ऑपरेशन में चिरायु की डॉ किरण देवांगन की टीम ने सहयोग किया गया। निजी अस्पताल में इसका उपचार 2 लाख से ऊपर का होता है। पर चिरायु के माध्यम से होने पर एक रूपये भी परिवार को देना नही पड़ा। उनके पिता ने इस सफ्ल आपरेशन पर राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया है। इसी तरह एक दूसरे प्रकरण में बलौदा बाजार शहर की एक 16 वर्षीय किशोर बच्ची में चिरायु की डॉ आरजू परवीन की टीम द्वारा स्तन में गांठ की पहचान की गई। जिसका उपचार रायपुर के डॉ भीमराव अंबेडकर अस्पताल में किया गया। जिले में चिरायु टीम द्वारा स्तन के गांठ की पहचान कर उसका उपचार किया गया है। चिरायु में इस में तरह का केस मिलना पहला मामला है। बच्ची के घर वालो ने भी जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया की चिरायु टीम द्वारा स्कूलों तथा आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। जिसमें किसी प्रकार की बीमारी पाई जाने पर उसके उपचार की निःशुल्क व्यवस्था की जाती है।

# बीटी सडक 15 दिवस में रिपेयरिंग करने जारी नोटिस, अन्यथा राशि होगी राजसात

### जनहितकारी भावनाओं का सम्मान करना भाजपा की है प्राथमिकता –नरेंद्र रोहरा

### नोटिस के विषय को अंजाम मे परिवर्तित करें अधिकारी –श्यामा साहू



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

नगर निगम के विभिन्न वार्डों में निर्माण किए गए सीसी रोड जिसकी गारंटी अवधि 5 वर्ष निर्धारित की गई थी तथा वह कई जगह से उखड़ गए हैं उसे निर्धारित मापदंड के तहत रिपेयरिंग करने का नोटिस नगर निगम द्वारा संबंधित ठेकेदार को देते हुए यह कहा गया कि वह 15 दिन के अंदर में उक्त कार्य को वार्ड इंजीनियर के दिशा निर्देश पर संपन्न करें अन्यथा उनकी परफॉर्मेंस गारंटी राशि राजसात की जाएगी।

ज्ञात रहे की उक्त 11 डामरीकरण सड़क के लिए नगर निगम के विपक्ष के पार्षदगणों द्वारा नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा के नेतृत्व में निगम के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों का ध्यान आकर्षित करते हुए जनहित में मांग की थी कि इन उखड़े हुए सड़कों का शीघ्र रिपेयरिंग किया जाए अन्यथा वे नगरीय प्रशासन विभाग के जिम्मेदार अफ्सर से मिलकर इस गंभीर विषय की ओर ध्यान आकर्षित करेंगे जिस पर त्वरित रूप से आयुक्त नगर निगम के निर्देश पर निगम के मुख्य अभियंता द्वारा संज्ञान में लेते हुए नोटिस जारी किया गया है। इस पर नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी जनहित करी मुद्दों को प्राथमिकता के साथ संपन्न करने के लिए हमेशा समर्पित भाव से अपने कार्यकर्ताओं तथा जनप्रतिनिधियों को समय.समय पर दिशा निर्देश देती है जिसके तहत निगम के सड़कों का भी रिपेयरिंग करने हम सभी पार्षद गणों ने निगम प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया वही पार्षद श्याम साहू ने कहा है कि नोटिस के ऊपर नोटिस की प्रथा को समाप्त कर अधिकारी कर्मचारी नोटिस के विषय पर परिणाम देकर जनता का विश्वास जीते।

# जेसीपी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाये गए गजेंद्र रथ



पायनियर संवाददाता ◄ खरोरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विधनसभा चुनाव 2024 के ठीक पहले बनी छत्तीसगढ़ की प्रादेशिक राजनीतिक दल जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी की कार्यकारिणी घोषित हुई। जिसमें नगर खरोरा के युवा पत्रकार गजेंद्र रथ गर्व को प्रदेश कार्यकारिणी टीम का हिस्सा बनाया गया है। बतादें की जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी लगातार छत्तीसगढ़िया संस्कृति, भाषा व सांस्कृतिक प्रतिमानों के साथ जल जंगल जमीन की लड़ाई लड़ रही है।

बीते दिनों राजधानी रायपुर से हसदेव अरण्य तक कार रैली कर जंगल बचाने की मुहिम छेड़ी जिसके बाद से राजस्थान की संसद में यह मामला तूल पकड़ा और चौरासी विधानसभा के विधायक का भी हसदेवबचाओ मुहिम के तहत छत्तीसगढ़ के हसदेव अरण्य में संघर्ष समिति के साथ बैठक हुई। जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी की प्रादेशिक बैठक में इस बात पर भी सहमति बनी की छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक धरोहर राजिम माघी पुन्नी मेला के नाम परिवर्तन को लेकर भी सर्व छत्तीसगढ़िया समाज के साथ मिलकर विरोध प्रदर्शन करेगी।

प्रदेशाध्यक्ष अमित बघेल ने की अपनी टीम घोषित, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी में इन्हें मिली जिम्मेदारी

प्रदेश उपाध्यक्ष चन्द्रकांत यदु, महासचिव भूषण साहू, सचिव देवेंद्र नेताम, सहसचिव राजकुमार (राजू) साहू, कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र चंद्रहास। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गजेंद्ररथ गर्व, अरुण गंधर्व, दिनेश वर्मा। जिला अध्यक्ष रायपुर शहर धीरेन्द्र साहू, रायपुर ग्रामीण योगेश साहू, कोरबा जैनेन्द्र कुर्रे, बालोद चंद्रभान साहू, मुंगेली पारस राम यादव, बिलासपुर शैलू ठाकुर, राजनादगाँव मनीष देवांगन, रायगढ़ मुकेश चौहान, दुर्ग शहर पंकज चतुर्वेदी, दुर्ग ग्रामीण मधुकान्त साहू, गरियाबंद भोज नेताम, धमतरी निखिलेश देवान, महासमुंद नरेश पोर्ते, बेमेतरा राजेन्द्र पटेल, बलोदाबाजार भाठापारा सुरेंद्र यदु। महिला अध्यक्ष रायपुर ग्रामीण कविता सेन, रायपुर शहर लक्ष्मी नाग, बेमेतरा रुखमनी निषाद, भिलाई श्वेता पटेल।

# झेरिया धोबी समाज की वार्षिक बैठक संपन्न



**भंवरपुर।** झेरिया धोबी समाज फुलझर राज परिक्षेत्र बसना सरायपाली की आवश्यक बैठक गढ़फूलझर में रखी गई थी। समाज के सदस्य ग्राम संतपाली निवासी कौशल करसाल ने बताया कि ग्राम गढ़फूलझर में नेतन धोबीन दाई का मंदिर निर्माण किया जाना है, इसी स्थान पर समाज की वार्षिक बैठक संपन्न हुई जिसमें वार्षिक आय व्यय, लेखा जोखा सहित मंदिर निर्माण संबंधित कार्ययोजना पर परिचर्चा की गई।

# सागरपाली में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई



**भंवरपुर।** भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम सागरपाली में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के प्रतिमा की पूजा अर्चना कर उनकी जयंती मनाई गई। इस दौरान मंडल अध्यक्ष विद्या चौधरी, लालचंद्र अग्रवाल, कृष्ण कुमार नायक महामंत्री, उत्तर निषाद, गोपाल शर्मा, जागेश्वर चंद्र, सोहन पटेल, सोमनाथ पटेल आदि कार्यकर्ता गण उपस्थित थे। जहां माल्यार्पण विद्या चौधरी एवं लाल चंद्र अग्रवाल ने मिलकर किया।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार न्याय आयोग छग के अध्यक्ष पर जानलेवा हमला घोर निंदनीय–चंद्रमोहन सिंह



**धमतरी।** बीते 4 फरवरी को छत्तीसगढ मानवाधिकार न्याय बोर्ड के अध्यक्ष एस मधुप पर जानलेवा हमला होने के बाद बिहार मानवाधिकार न्याय बोर्ड के अध्यक्ष एवं स्वाते के डायरेक्टर चंद्रमोहन सिंह ने कडा विरोध जताते हुए घोर निंदा किया है। एवं डा.मधुप एवं उनके परिवार के लिए सुरक्षा की मांग की है। उन्होने स्थानीय प्रशासन, एसपी, डीएम, डीजीपी, मुख्य सचिव और छत्तीसगढ सरकार से जल्द से जल्द डाक्टर मधुप और उनके परिवार की सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। उन्होने कहा है कि ये घटना घोर निंदनीय है और इस पर त्वरित एवं कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होने की कि सामाजिक और प्रशासनिक रूप से समर्पित रहने वाले व्यक्ति के साथ इस तरह की घटना घोर निंदनीय है। निश्चित रूप से ही इस तरह की घटना छत्तीसगढ सरकार के कानुन के शासन के राज्य पर सवार उठाता है। उन्होने कहा है कि अगर जल्द से जल्द डाक्टर एस मधुप को सुरक्षा उपलब्ध नही करागई गई और अपराधियो पर कार्रवाई नही हुई तो देश भर में बडा आंदोलन खडा किया जायेगा।

# सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते 5 आरोपियों के विरुद्ध कि गई वैधानिक कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा जुआ, सट्टा, अवैध शराब, अवैध कारोबारियों के विरुद्ध सभी थाना, चौकी प्रभारियों को कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिये हैं। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में एसडीओपी कुरूद केके वाजपेयी के नेतृत्व में थाना प्रभारी द्वारा सतत् कार्यवाही कि जा रही है। इसी तारतम्य में थाना मगरलोड को मोबाईल मुखबीर सूचना मिली कि ग्राम चुचरूंपुर गौठान के पीछे कुछ लोग सार्वजनिक स्थान पर रूपये पैसे से हार जीत का दांव लगाकर काट पती नामक जुआ खेल रहे है कि सूचना पर ग्राम चुचरूंगपुर गौठान के पीछे जाकर

घेराबंदी कर काट पत्ती नामक जआ खेलते 05 आरोपियान पकडे गये आरोपियों के कब्जे से 10090. रुपये नगदी रकम, ताश 52 पत्ती जप्त किया जाकर धारा 3(2) छग जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 के तहत् वैधानिक कार्यवाही किया गया।

आरोपीगण- राम सोनवानी पिता स्व0 धनीराम सोनवानी उम्र 34 वर्ष साकिन चुचरंगपुर, कृष्ण साहू पिता हुलास साहू उम्र 27 वर्ष साकिन चुचरूंगपुर, विशाल कोसले पिता बोहरिक कोसले उम्र 47 वर्ष साकिन मगरलोड, उज्जवल निषाद पिता साधु राम निषाद उम्र 35 वर्ष साकिन मगरलोड, रेमन सिन्हा पिता प्रदीप सिन्हा उम्र 38 वर्ष साकिन मगरलोड, थाना मगरलोड, जिला.धमतरी। सम्पूर्ण कार्यवाही में चौकी प्रभारी मगरलोड निरी राजेश जगत, सउनि धनीराम नेताम, प्रआर गोपाल कोसरे,आर किशन सोनकर, कीर्तन सोनकर, भीमसेन साहू, गोविन्दा, की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# रुद्रेश्वर वॉलीबाल क्लब रुद्री द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन





**धमतरी।** ग्राम रुद्री में जल संसाधन विभाग के तत्वाधान में रुद्रेश्वर वॉलीबाल क्लब रुद्री द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम की शुरूवात मुख्य अतिथि रुद्री सरपंच अनिता यादव, जनपद सदस्य पिंकू जागेंद्र साहू, रुद्री मेडिकल के संचालक राकेश साहू के हाथों पूजा अर्चना कर प्रारंभ हुआ। इस जिला स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में जिले के 16 टीम ने हिस्सा लिया जिसमें रुद्रेश्वर वॉलीबाल रुद्री के सीनियर टीम ने बारूका गरियाबंद को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार द्वितीय पुरुस्कार बारुका गरियाबंद, तृतीय पुरूस्कार रुद्री जूनियर टीम को एवं चतुर्थ पुरस्कार सिरोदखुर्द फिंगेश्वर के नाम रहा, वालीबाल प्रतियोगिता में 4 पुरस्कार रखे गए थे। प्रथम ईनाम पिंकू जागेंद्र साहू द्वारा, द्वितीय सरपंच रुद्री द्वारा, तृतीय रुद्री मेडकिल द्वारा, चतुर्थ ईनाम देवांगन किराना स्टोर द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का संचालन जल संसाधन विभाग के कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने किया साथ ही आयोजक समिति प्रमुख के रूप में सदाशिव राव, चंदू नायर,आरके शर्मा, ओ पी सिंग, राजहंश सर, जाटव ,अंगद वर्मा, महेश श्रीवास्तव, अश्वनी यादव,दादू वैष्णव, सुशांत, चिकू विश्वकर्मा सहित भारी संख्या में दर्शकगण उपस्थित थे।

# गांव चलो घर चलो अभियान का समापन पं दीनदयाल जी की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कर किया

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com





अभियान के अंतिम दिन 11 फ़रवरी को कुरूद नगर में निर्मित वार्ड क्रमांक 3 में पं दीनदयाल उपाध्याय चौक में पं जी के विशालकाय प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करके नगर के वार्ड 5, 7, 12 के विभिन्न घरों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानो में यशस्वी मोदी के एवं यशस्वी विष्णुदेव साय के भाजपा सरकार के उपलब्धियों को लेकर चर्चा किये। कुरूद नगर में गाँव चलो घर चलो अभियान के तहत 11 फ़रवरी को अभियान के समापन के रूप में अंतिम दिन भी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ अभियान चलाकर मोदी जी के गारंटी` छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार ने बहुत अल्प समय में वादा निभाकर छत्तीसगढ मे सुशासन लाने का अद्भुत प्रयास किये है ! इसी तरह केन्द्र के मोदी सरकार ने लगातार 10 वर्षों से श्राष्ट्रवाद को विश्व पटल मे हमारे देश को आगे बढ़ाने जैसे विभिन्न उपलब्धियों को कुरूद नगर मे वार्ड क्रमांक 3, 5, 7, 12 के घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों मे मिलकर चर्चा किये और मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए आग्रह किये। इन्ही भावनाओं को लेकर कुरूद नगर के विभिन्न घरों मे गांव चलो अभियान के संयोजक भानू चंद्राकर ने पहुँचने का प्रयास भाजपा के जुझारू कार्यकर्ताओं मे ज्योति चन्द्राकर पूर्व अध्यक्ष नप कुरूद, भारती पंचायन पूर्व पार्षद, महिला मोर्चा पदाधिकारीगण भूमिका सिन्हा, विधा शर्मा, कमिथला साहु सहित भाजपा कार्यकर्ता दल के साथ किये। भाजपा जिला से लेकर कुरूद विधानसभा के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्तागण इस महाभियान में 11 फ़रवरी तक दीनदयाल उपाध्याय जी के पुण्यतिथि में श्रद्धा सुमन

# सात दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन में शामिल हुए बस्तर महाराजा कमलचंद भंजदेव



**नगरी/धमतरी।** फ्रेंड्स क्लब बिरगुडी के तत्वाधान में सात दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बस्तर के महाराजा कमलचंद भंजदेव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम के अध्यक्षता प्रकाश बेस अध्यक्ष भाजपा जिला धमतरी, विशेष अतिथि के रूप में राजेंद्र गोलछा जिला मंत्री भाजपा धमतरी, विकास बोहरा सांसद प्रतिनिधि जनपद पंचायत नगरी, अकबर कश्यप अध्यक्ष भाजपा मंडल बेलरगांव, मनोहर दास मानिकपुरी, राकेश चौबे महामंत्री भाजपा मंडल बेलरगांव, हुमित लिमजा जनपद उपाध्यक्ष नगरी, राजेश कश्यप, करण सिंह, दीपक साहू, मुकेश देव एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# गांव चलो घर चलो को सफल बनाने के लिए भाजपा की बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी की महत्वपूर्ण गांव चलो घर चलो को सफल बनाने के लिए भाजपा कार्यालय में भाजपा की बैठक हुई। बड़ी तादाद में बवासीर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री राकेश तिवारी ने कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद यहां हमारी पहली बड़ी बैठक होने जा रही है विधानसभा चुनाव में हां कहीं ना कहीं हमारी मेहनत में कमी रह गई उसी का परिणाम है कि हम विधानसभा चुनाव में पीछे रह गए विधानसभा चुनाव को की हर तो भाजपा एवं पार्टी की नहीं हम सब की हार है आप लोग भी आप लोग भी इस हार का परिणाम देख रहे हैं। लेकिन अब हमें आगामी महीने में होने जा रहे लोग सुबह चुनाव के लिए अपनी मेहनत में कोई कोर कसर नहीं छोड़ता है आईये हम संकल्प लेवे कि हम रायपुर लोकसभा के चुनाव में भाजपा भाटापारा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी को रिकॉर्ड हो, तो उसे जीत कर प्रधानमंत्री मोदी के हाथ मजबूत करना है। तिवारी ने कहा कि हमारे लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि देश में अटल जी के बाद मोदी के रूप में हमें दूसरा राष्ट्रवादी प्रधानमंत्री मिला है जिनके नेतृत्व में आज देश की पताका पूरे विश्व में फहरा रही है। कोरोना कल में जब पूरा विश्व त्राहिमाम कर रहा था तो मोदी ने न केवल मुफ्त में पूरे देशवासियों को कोरोना के टीके लगवाए अपितु अन्य देशों को भी मुफ्त में निर्यात किया, यही नहीं पड़ोसी देशों को आर्थिक मदद भी मोदी की सरकार दे रही है यही कारण है कि विदेशी राष्ट्रीय अध्यक्ष मोदी के पैर छूकर प्रणाम भी करते हैं यह सब हमने और। आपने टीवी में साक्षात देखा है और जो संकल्प हमारे जनसंघ की स्थापना के समय हमने लिए थे अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर, कश्मीर में धारा 370 खत्म करना, तीन तलाक सहित प्रमुख मुद्दे हमने खत्म किए हैं। सैनिकों को बॉर्डर में पूरी छूट दी गई है कि वह दुश्मनों का गोली का जवाब गोले से देवें। तिवारी ने आगे कहा कि मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में प्रधानमंत्री आवास बन रहे हैं, देश की 80 करोड़ की आबादी को निशुल्क आगामी 5 वर्षों तक चावल दिया जाएगा, और आपने पिछले भूपेश सरकार का कार्यकाल देखा ही होगा कि जब मोदी सरकार के द्वारा द्वारा जब फ्री में चावल के अतिरिक्त 5 किलो भी फ्री में दिया जा रहा था तब भूपेश की सरकार में उसे चावल का वितरण ही नहीं किया।

# देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब बिक्री करते रेड कार्यवाही कर आरोपी गिरफ्तार

**भंवरपुर।** भंवरपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम बनडबरी से पतेरापाली के मध्य रोड किनारे बाबूलाल श्रीवास नामक व्यक्ति रोड किनारे अवैध रूप से बिक्री वास्ते देशी हाथ भठ्ठी महुआ



शराब बिक्री करते रेड कार्यवाही कर आरोपी बाबूलाल श्रीवास पिता पूरन श्रीवास उम्र 45 वर्ष ग्राम बनडबरी (क) चौकी भंवरपुर के कब्जे से एक सफेद रंग के 10 लीटर वाली प्लास्टिक जरकीन में भरा करीबन 10 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमती 2000 रूपये को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया आरोपी को ज्यूडिसियल रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया। संपूर्ण कार्यवाही चौकी भंवरपुर पुलिस द्वारा उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन में किया गया है।

# गिरीश पंकज को मिला सरस्वती साधना सम्मान



**रायपुर।** शहर के एक होटल में साई फाउंडेशन की ओर से 'रंग संगीत' के तीसरे चैप्टर का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें सरस्वती बुक्स, भिलाई के निदेशक आकाश माहेश्वरी की ओर से शताधिक पुस्तकों के रचयिता गिरीश पंकज को ग्यारह हजार रुपये की सम्मान निधि, शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह के साथ 'सरस्वती साधना सम्मान' प्रदान किया गया। युवा कवि हीरामन वैष्णव को नेताजी आनन्द सिंघानिया स्मृति युवा रत्न सम्मान साई फाउंडेशन के संचालक आशीष सिंघानिया की ओर से दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ संजय अलंग थे। छत्तीसगढ़ कवि संगम के प्रदेशाध्यक्ष योगेश अग्रवाल, कवि नर्मदा प्रसाद मिश्र नरम, संजय शर्मा, और मयंक चतुर्वेदी मानस विशिष्ट अतिथि थे। रायपुर के संभागायुक्त अलंग को गत वर्ष उक्त सम्मान मिला था। सम्मान समारोह के बाद कवि सम्मेलन और मुशायरा हुआ, जिसमें जसविंदर बंगा, दिलदार देहलवी, श्रद्धा शौर्य, शुभांगी, भरत द्विवेदी और हीरामणि वैष्णव ने कविताएँ सुनाईं।

# नेवारीबहरा में आयोजित जिला स्तरीय स्वास्थ्य एवं समाधान शिविर का 459 मरीजों ने उठाया लाभ

- स्वास्थ्य मंत्री ने 15 दिनों के भीतर सीएचसी मनेन्द्रगढ़ में गायनेकोलॉजिस्ट व निश्चेतना विशेषज्ञ की पदस्थापना किए जाने घोषणा की

पायनियर संवाददाता ◂ मनेन्द्रगढ
www.dailypioneer.com



एमसीबी जिले के विकासखंड खड़गवां अंतर्गत ग्राम पंचायत कटकोना के पहुंचविहीन ग्रामीण क्षेत्र ग्राम नेवारीबहरा के शासकीय प्राथमिक शाला परिसर में रविवार को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक श्यामबिहारी जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, आदिवासी विकास विभाग एवं एमसीबी प्रेस क्लब के द्वारा जिला स्तरीय स्वास्थ्य एवं समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 459 मरीजों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाईयां वितरित की गईं। शिविर की अध्यक्षता गांव के बुजुर्ग गुरूदयाल पंडो ने की वहीं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह, जनपद पंचायत खड़गवां अध्यक्ष सोनवती उर्रे, कटकोना सरपंच भुनेश्वरी सिंह एवं जरौंधा सरपंच प्रदीप राम रहे। ग्राम पंचायत कटकोना, नेवारीबहरा, सरईझरिया, फुनगा, मगराहापारा सहित चिरमिरी और मनेंद्रगढ़ से पहुंचे कुल 212 पुरूष, 189 महिलाएं एवं 58 बच्चों सहित 459 लोगों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। स्वास्थ्य शिविर में आयुष कार्ड 30, 311 मरीजों की एनसीडी जांच, 250 मरीजों की सिकलिंग जांच, 65 मरीजों की नेत्र जांच, 25 मरीजों के टीबी एवं 53 मरीजों के मलेरिया की जांच की गई। साथ ही समाधान व मंत्री जनता दरबार में समस्याओं के सैकड़ो आवेदनों का निराकरण हुआ! शिविर में स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने भी अपने ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जांच कराई जिसकी रिपोर्ट सामान्य आई। इसके बाद उन्होंने शिविर स्थल में लगाए गए एकीकृत बाल विकास परियोजना, वन विभाग, खंड स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर एवं चलित थाना खड़गवां का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शिविर को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने 15 दिनों के भीतर जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं निश्चेतना विशेषज्ञ की पदस्थापना किए जाने के साथ अस्थि रोग मरीजों की सुविधा के लिए सी आर्म मशीन लगाए जाने की घोषणा की। इस मौके पर उन्होंने यह भी कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के दौरान जिन मेडिकल उपकरणों की सप्लाई की गई है, उनकी जांच करवाकर गुणवत्ताहीन मशीनों की कंपनी को ब्लैकलिस्टेड किया जाएगा। साथ ही उन्होंने पूरे प्रदेश के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किए जाने की बात कही जिसके लिए तत्काल उन्होंने अपने निज सचिव को बुलाकर तत्संबंध में सर्कुलर जारी करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री ने नेवारीबहरा में आयोजित स्वास्थ्य शिविर की प्रशंसा करते हुए कहा कि जो काम शासन-प्रशासन को करना चाहिए वह काम पत्रकारों ने किया है। शिविर से प्रेरणा लेकर स्वास्थ्य मंत्री ने पूरे प्रदेश के पहुंचविहीन इलाकों में इस तरह के स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाने की बात कही जिससे पहुंचविहीन इलाकों में रहने वालों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि समय-समय पर मोबाइल वेन के माध्यम से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उनके गांव में ही मिल सकेगी। इस दौरान उन्होंने मुख्य मार्ग से नेवारीबहरा तक आने के लिए पक्की सड़क बनवाने की घोषणा की साथ ही ग्रामीणों की मांग पर पीडीएस वितरण में होने वाली परेशानी को देखते हुए अतिरिक्त कक्ष की व्यवस्था, 10 हैंडपंप लगवाने जाने एवं एमसीबी प्रेस क्लब के नवनिर्मित भवन में मुख्य मार्ग से भवन तक पहुंचने के लिए सड़क तथा क्लब परिसर में पानी की व्यवस्था कराए जाने की घोषणा की। सीएमएचओ डॉ. तिवारी ने शिविर में 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी जनों से अपने ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच कराए जाने की अपील की।

# प्रदेश अध्यक्ष की मांग का बजट में दिखा असर

## राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष है डॉ. सिंह

- बजट में आश्रमों और हॉस्टलों के लिये भी राशि स्वीकृत

पायनियर संवाददाता ◂ मनेन्द्रगढ
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच छत्तीसगढ़ प्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विनय शंकर सिंह ने छत्तीसगढ़ के बजट में आदिवासी आवासीय विद्यालयों के लिए 13 क़रोड़ रुपयों और भवन विहीन छात्रावास /आश्रम के लिये 46 भवनों के लिए 78 करोड़ 10 लाख रुपयों का प्रावधान करने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हुये धन्यवाद ज्ञापित किया है। आपको बता दें की-राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच छत्तीसगढ़ प्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विनय शंकर सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की थी जिसका परिणाम प्रस्तुत बजट में भी देखने को मिल रहा है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से हुई सौजन्य मुलाकात में डॉ.विनय शंकर ने छत्तीसगढ़ के आदिवासी बालक बालिका आश्रम हॉस्टलों की दुर्दशा पर चिंता जताते हुये मुख्यमंत्री से निवेदन करके सबसे पहले इन आश्रमों और हॉस्टलों पर रहकर पढ़ने वाले बच्चों की दयनीय स्थिति की तरफ़ मुख्यमन्त्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इनके उन्नयन की माँग की थी जिससे आदिवासी बच्चे इन आश्रमों और हॉस्टलों में पढ़ने के लिए मजबूरीवश ना आयें बल्कि खुशी खुशी आयें और उनको इन हॉस्टलों और आश्रम में घर जैसा महसूस हो। छत्तीसगढ़ के 3300 हॉस्टलों और आश्रमों को स्मार्ट हॉस्टल में तब्दील करने के लिए मुख्यमंत्री से माँग की गई थी। उन्होंने निवेदन किया था की जीर्ण शीर्ण हॉस्टलों का मरम्मत कर मॉडर्न हॉस्टल और आश्रम, सोने के लिये घर जैसा बेड, पढ़ने के लिए स्मार्ट फर्नीचर और आलमारी पॉवर बैकअप चौबीस घंटे पीने के लिए शुद्ध आरओ पानी, खाने के लिए उच्च स्तर की भोजन व्यवस्था की जाये साथ ही हॉस्टल में ही स्मार्ट डिजिटल लाइब्रेरी से यहां रहने वाले बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा और उनकी पढ़ाई के प्रति रूचि बढ़ेगी।सौजन्य मुलाकात में छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय ने राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच छत्तीसगढ़ प्रदेश के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विनय शंकर सिंह की मांगों को गंभीरता से सुना और उन्हें आश्वस्त किया था की जल्दी ही एक समिति बनाकर सर्वे कराया जायेगा और भविष्य में इन आश्रमों और हॉस्टलों में पढ़ने वाले बच्चों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो ये सुनिश्चित किया जायेगा। बजट में क्या मिला-अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्गों का विकास-विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के विद्यार्थियों हेतु कबीरधाम, गरियाबंद, कोरिया, बलरामपुर, सरगुजा, धमतरी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, जशपुर एवं नारायणपुर में संचालित आवासीय विद्यालयों के लिए 13 करोड़ का प्रावधान किया गया है। भवन विहीन छात्रावास / आश्रमों के 46 भवन निर्माण हेतु 78 करोड़ 10 लाख का प्रावधान किया गया है।

# किसी ने सिलेण्डर लिया तो कोई आवास के लिए भरा आवेदन

## विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में पहुंचे 8 हजार हितग्राही

पायनियर संवाददाता ◂ रिसाली
www.dailypioneer.com



पॉश कॉलोनी समेत श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र में लगे शिविर में महिला हितग्राहियों की संख्या अधीक थी। आमतौर पर महतारी योजना के तहत एक हजार, आवास और राशन कार्ड व सिलेण्डर के लिए आवेदन जमा करने वालों की संख्या अधिक रही। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में 8 हजार से अधिक लोग पहुंचे और योजना का लाभ लेने जानकारी ली। आवेदन भी प्रस्तुत किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के द्वितीय चरण में नगर पालिक निगम रिसाली के रूआबांधा और हिंद नगर तालाब के सामने शिविर लगाया गया। शिविर स्थल पर वार्ड पार्षद और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने पहले केन्द्र और राज्य शासन की योजनाओं पर प्रकाश डाला और भारत को विकसित बनाने संकल्प भी दिलाया। इस अवसर पर शिविर स्थल पर पहुंचे हितग्राहियों को केन्द्र सरकार द्वारा प्रकाशित कैलेण्डर भी उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर पार्षद टिकम साहू, सारिका साहू, ममता यादव, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे, राजू जंघेल, दशरथ साहू व निगम के अधिकारी मौजूद थे। बेहतर कार्य करने वालों का सम्मान-केन्द्र सरकार की योजनाओं का बेहतर प्रचार प्रसार करने और क्रियान्वयन करने वाली सीआरपी योजना के तहत बेहतर कार्य करने वाली महिला स्व सहायता समूह की सद्स्यों का सम्मान किया गया। सम्मानित होने वाले समूह में ख्याती स्व सहायता समूह, तेजल स्व सहायता समूह, कुमकुम स्व सहायता समूह, स्व सहायता समूह, शिव शक्ति समूह, एएलएफ एकता क्षेत्रीय स्तरीय संघ, राष्ट्रीय क्षेत्रीय स्तरीय संघ, सीआरपी ललिता सिंह, बसंती साहू, रेवती तांडी, अर्पणा देशमुख, हेमीन डौंडे, रंभा पटेल, पूनम बाघ, चंद्रकांती, हेमतला सिंह, पिंकी सिंह, प्रीति साहू, निका पांडे, मिथलेश खरे, इन्द्रकला गायकवाड़ शामिल है। उज्जवला के तहत मिला सिलेण्डर-शिविर में उज्जवला योजना के तहत स्वाती साहू, समिष्ठा प्रधान, इन्द्रानी बाई, आरती, सुमनराज, पुष्पराज, प्रमिला देशमुख, नेहा, संगीता व सुमित्रा यादव को सिलेण्डर प्रदान किया गया।

# केन्द्र सरकार की विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिये विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली

पायनियर संवाददाता ◂ मनेन्द्रगढ
www.dailypioneer.com




सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास के सूत्र वाक्य को साकार करने के लिये केन्द्र सरकार की विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं से प्रत्येक पात्रताधारी को लाभान्वित करने के लिये विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। इसमें लाभों से वंचित रह गये व्यक्तियों को लाभान्वित करने का कार्य भी किया जा रहा है। नगर पंचायत खोंगापानी एकता नगर ग्राउंड में आयोजित मोदी सरकार की योजनाओं को जनता के बीच एवं निचले स्तर तक पहुंचाने का काम भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जा रहा है.उसी अवधारणा के आधार पर हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम आयोजित किया गया.आयोजन में मुख्यअतिथि के रूप उपस्थित नगर पंचायत अध्यक्ष आदरणीय धीरेंद्र विश्वकर्मा , एवं समस्त पार्षदगण सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व खोंगापानी के आमजन उपस्थित थे. अपने उद्बोधन में नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेन्द्र विश्वकर्मा ने कहा कि यह भारत सरकार की अब तक की सबसे बड़ी आउटरीच पहल है। यह पहल 25 जनवरी, 2024 तक देश भर में 2.60 लाख ग्राम पंचायतों और 4000 से अधिक शहरी स्थानीय निकायों को कवर करेगी। इस दौरान प्रधानमंत्री विकसित भारत संकल्प यात्रा के उन लाभार्थियों के साथ बातचीत करेंगे जिन्हें सरकारी योजनाओं से लाभ प्राप्त हुआ है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में 229 हितग्राहियों को लॉटरी से मिला खुद का आवास

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



निगम क्षेत्र में निर्मित प्रधानमंत्री आवास योजना के 229 आवासो का आबंटन लॉटरी निकालकर किया गया। हितग्राही अपने स्वंय का मकान पाकर खुशी से झूम उठे और उन्होंने शासन प्रशासन की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद भी ज्ञापित किया। नगर पालिक निगम भिलाई के खम्हरिया क्षेत्र में निर्मित प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी (ए.एच.पी.) मकान को किराएदारी में निवास करने वाले लोगों को शुक्रवार को आवास आबंटन के लिए महापौर नीरज पाल, आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव, डिप्टी कलेक्टर उत्तर ध्रुव की उपस्थिति में लॉटरी निकाली गई। इसमें 229 हितग्राहियों को आवास आबंटित किया गया, जिससे उनका खुद के आवास का सपना पूरा हुआ। मोर मकान मोर आस के अंतर्गत सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया में 218 इसी प्रकार मोर आस मोर चिन्हारी के अंतर्गत सूर्या विहार में 4 तथा माइल स्टोन में 7 हितग्राहियों को लॉटरी के माध्यम से आवास आबंटन किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के लॉटरी में शामिल होने के लिए सुबह 10 बजे से ही हितग्राही आवास पाने के इंतजार में निगम में उपस्थित हो गए थे। जिन्होंने अंशदान की राशि जमा की थी, उन्हें ही लॉटरी में शामिल किया गया था। महापौर व आयुक्त ने आवास आबंटन की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए है प्रधानमंत्री आवास योजना के नोडल अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि भूतल में आवास पाने के लिए दिव्यांग आवेदक एवं वरिष्ठजन को प्रमाण पत्र लॉटरी में शामिल होने के लिए अनिवार्य दस्तावेज के रूप में चिन्हित था।

# छत्तीसगढ़ कला महोत्सव 2024 का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◂ मनेन्द्रगढ
www.dailypioneer.com



भारतीय कलाकार संघ के संयुक्त तत्वाधान में छत्तीसगढ़ पेन्टर चित्रकार कल्याण संघ द्वारा छत्तीसगढ़ कला महोत्सव 2024 का आयोजन किया जा रहा है. पेन्टर एवं चित्रकारों की कला के संवर्धन एवं प्रोत्साहन हेतु दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यक्रम एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन 24 - 25 फरवरी 2024 को मंगल भवन, नगरपालिका सूरजपुर में आयोजित किया जायेगा. राष्ट्रीय संविधान सभा सदस्य भारतीय कलाकार संघ मंजीत सिंह ने प्रदेश के कलाकारों से उपरोक्त आयोजन में अधिक सदस्य संख्या में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया है।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचार में सामान्य मानव का सुख ही आर्थिक विकास का मापक : जितेन्द्र वर्मा



**दुर्ग।** एकात्म मानवदर्शन के प्रणेता भारतीय जनता पार्टी के प्रेरणा पुरुष पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर पार्टी के जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व का स्मरण करते हुए दुर्ग बस स्टैंड के सामने हाउसिंग बोर्ड परिसर में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस दौरान दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, जिला महामंत्री सुरेंद्र कौशिक, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में भी मनाया।

# लुभा की पर्यवेक्षक कुसुम वर्मा बनीं चौम्पियन ऑफ चेंज

पायनियर संवाददाता ◂ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



जिले की 1210 आंगनबाड़ियों को स्वच्छ एवं सुसज्जित आंगनबाडी केन्द्र बनाने और स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से 15 जनवरी से 21 जनवरी 2024 तक जिला प्रशासन द्वारा भारत कॉलेबोरेटिव टीम के सहयोग से स्वच्छ आंगनबाडी अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में समुदाय आधारित गतिविधियों और भागीदारी योजना पर जोर दिया गया। भारत कॉलेबोरेटिव टीम (पीरामल फाउंडेशन) द्वारा इस अभियान को तकनीकी सहयोग भी प्रदान किया जा रहा है जिनमें गांधी फेलो भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। इस योजनांतर्गत उत्कृष्ट कार्य कर आंगनबाड़ी केन्द्रों को स्वच्छ एवं सुसज्जित कर आंगनबाड़ियों को आदर्श स्वरूप प्रदान करने के लिए चौम्पियन ऑफ चेंज कोंडागांव जिले के माकड़ी विकासखण्ड के लुभा सेक्टर की पर्यवेक्षक कुसुम वर्मा को बनाया गया। इस संबंध में हर्ष जताते हुए कुसुम ने बताया कि, उन्हें बचपन से ही पेंटिंग करना अच्छा लगता था। जब मैं पहले स्कूल में पढ़ती थी तब की पेंटिग आज भी मेरे घर में मैंने फ्रेम करके रखी हुई है, तब मैं 9 वी कक्षा में पढ़ती थी 1990 की बनाई पेंटिग भी है। अभी कई सालों से वक्त न मिलने से पेंटिंग नहीं कर पायी थी। मैने जब अपने सेक्टर में आंगनबाड़ियों को देखा तो मुझे ख्याल आया की बच्चों को भी अपने बचपन में ऐसे की रोचक चीजों से जोड़ा जाये ताकि उनकी बचपन की यादें रंगीन एवं अच्छी हो। मैने इस अभियान के तहत अपने सेक्टर की सभी 13 आंगनबाड़ियों में पेंटिग का कार्य प्रारंभ कराया और इनमें तितली, खरगोश-कछुआ की कहानी, रंगो की पहचान, इंद्रधनुष, जोड़ी बनाओ, फलों, सामग्री, आकृति, नदी, तोता, बादल, वर्षा इत्यादि बनवाये ताकि बच्चों को इससे ज्ञान मिले एवं उनका मन आंगनबाड़ी केन्द्रों में लगा रहे। जिससे वे स्वयं आंगनबाड़ी आना चाहे। स्वच्छ आंगनवाड़ी अभियान ने मुझे एक नया मोड़ दिया जिसमे मैं अपनी पसंद की पेंटिग को आंगनबाड़ी में करू और अच्छे से बच्चों को इससे सिखाऊं। पहले मुझे हंडीगाव का भी प्रभार प्राप्त था। जब से मैने वहा का प्रभार छोड़ा सभी कार्यकर्ता मुझे कहती है कि आपकी पेंटिग देखते ही हमें आपकी याद आ जाया करती है। मैने अब तक लुभा, सराईबेडा, सोड़शिवनी, हांडिगांव ऐसे बहुत पंचायतों में आनेवाली आंगनबाड़ी केन्द्रों को पेंटिग कर उन्हें सजाया है। अभी मैं हर माह एक आंगनबाड़ी केन्द्रों को पेंटिग करना चाहती हूं। जिसके लिए रंग भी उपलब्ध है और मुझे नई नई चीज सीखना अच्छा लगता है इसलिए मैने बहुत अच्छे ब्रश भी बनाए है और कुछ खरीदे भी है कबाड़ से जुगाड भीं करती हूं।

# 05 लाख रु. की लागत से वार्ड क्रमांक 06 में नवनिर्मित कलामंच का किया गया उद्घाटन





पायनियर संवाददाता ◂ किरन्दुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल वार्ड क्रमांक 06 में पार्षद निधि से 05 लाख रु की लागत से नवनिर्मित कलामंच का उद्घाटन सोमवार विधिवत पूजा अर्चना कर वार्ड पार्षद राजेन्द्र मृणाल राय द्वारा किया गया।इस अवसर पर एककुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया।पार्षद राजेन्द्र मृणाल राय ने बताया कि वार्ड के महिलाओं द्वारा नगरपालिका परिषद से एक भवन के लिए मांग की गई थी।उक्त मांग को पूर्ण करते हुए कलामंच का निर्माण करवाया गया।जहां महिलाओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।मौके पर पार्षद गायत्री साहू,कीर्ति राणा व वार्ड वासी उपस्थित थे।

# भाजपा सरकार का बजट मोदी की गारंटी का बड़ा असर-शर्मिला गुप्ता



**रामानुजगंज।** मंडल अध्यक्ष शर्मिला गुप्ता ने भाजपा सरकार के बजट को विकास का सूर्योदय बताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार के वित्तमंत्री ओ.पी. चौधरी ने सभी वर्गों का ख्याल तो रखा ही है। इसके साथ ही उन्होंने नए जिलों की आधारभूत संरचना, प्रशासनिक क्षमता बढ़ाने के लिए भी विशेष प्रावधान बजट में शामिल किए हैं जो कि इन क्षेत्रों को आगे बढ़ाने के लिए बड़े मायने रखते हैं।गुप्ता ने कहा कि मातृ वंदन योजनाके तहत महिलाओं को 12 हजार सलाना, भूमिहीन कृषक परिवारों को सालाना 10 हजार, तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका का वितरण जैसे निर्णय भी प्रशंसनीय हैं। इस बजट में मोदी की गारंटी का भी बड़ा असर दिखा है।

## तालपुरी क्षेत्र में 43 लाख का भूमिपूजन

# वर्षो से पगडंडी में चलने वाले मजदूरों को विधायक के प्रयास से मिलेगी सड़क

पायनियर संवाददाता ◂ रिसाली
www.dailypioneer.com





तालपुरी क्षेत्र के अंतिम छोर पर बसे बीज निगम बस्ती में रहने वाले श्रमिकों को अब पक्की सड़क मिलेगी। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने शनिवार को सी.सी. रोड और बस्ती में शौचालय निर्माण करने भूमिपूजन किया। इस कार्य के लिए कुल 42 लाख 88 हजार खर्च की जाएगी। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि डबल इंजन वाली सरकार का फायदा नागरिकों को सीधे मिलता है। विधानसभा चुनाव भ्रमण के दौरान पहली बार बस्ती पहुंचते ही उपेक्षित जीवन जीने वाले श्रमिकों की स्थिति को भाप लिया था। तब घोषणा की थी कि विधायक बनने के बाद यहां रहवासियों के लिए सड़क और शौचालय प्राथमिकता से बनाने का प्रयास करूंगा। विधायक ललित ने कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ग को ध्यान में रख योजना लागू की है। वहीं महापौर शशि सिन्हा ने कहा कि गर्मी में पेयजल की समस्या से नागरिकों को निजात दिलाने उन्होंने बोर उत्खनन कराया है। शहर सरकार योजना बद्ध तरीके से विकास कार्य कर रहीं है। भूमिपूजन कार्यक्रम में आए अतिथियों का आभार पार्षद सविता ढवस ने किया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, सभापति केशव बंछोर, एमआईसी अनुप डे, सनीर साहू, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, पार्षद जहीर अब्बास, गजेन्द्री कोठारी, ममता सिन्हा आदि मंच पर उपस्थित थे।

**20 साल से थे उपेक्षित**-जहां बस्ती है वह बीज निगम का हिस्सा है। यहां लगभग 50 परिवार के 200 सद्स्य रहते है। 20 वर्ष से उपेक्षित जीवन जी रहे है। खास तौर पर बारिश में यहां के रहवासियों को आने जाने में दिक्कतों का सामना होता था। दलदली होने की वजह से दैनिक क्रिया में परेशानी होती थी। विधायक की अनुशंसा पर 20 लाख की लागत से 600 मीटर सी.सी. रोड और मार्डन, शौचालय बनाने निगम ने 22.88 लाख रूपए स्वीकृत की है।

**श्रमिकों को लाया सामने**-विधायक कार्यक्रम स्थल पहुंचते ही सबसे पहले स्लम क्षेत्र में रहने वाली महिलाओं से मुलाकात की। उनका अभिवादन स्वीकार किया। विधायक ने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि बस्ती में छुटे हुए हितग्राहियों का राशन कार्ड, आधार कार्ड अपडेट, आयुष्मान कार्ड प्राथमिकता से बनाए। विधायक ललित ने वहां रहने वाली महिलाओं को सामने खड़े कराकर भूमिपूजन किया।

HDFC BANK
We understand your world

पंजीकृत कार्यालयः एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुंबई - 400013 और जिसका एक कार्यालयः रिटेल पोर्टफोलियो प्रबंधन, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, पहली मंजिल, I-थिंक टेक्नो कैंपस, कांजुरमार्ग (पूर्व), मुंबई - 400042

**एचडीएफसी बैंक लिमिटेड को बंधक रखी गई प्रतिभूतियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना और सार्वजनिक सूचना।**

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड ("बैंक") के नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं को प्रतिभूतियों के खिलाफ ऋण/ओवरड्राफ्ट की रूप में क्रेडिट सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए बैंक को बंधक रखी गई प्रतिभूतियों की बिक्री के संबंध में सूचित किया जाता है।

सहमत ऋण शर्तों के अनुसार बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में उधारकर्ताओं द्वारा लगातार चूक के कारण, नीचे दिए गए ऋण खाते बकाया की स्थिति में हैं। बैंक ने इन उधारकर्ताओं को कई नोटिस जारी किए हैं, जिसमें नीचे दी गई तारीख पर अंतिम बिक्री नोटिस भी शामिल है, जिसके तहत बैंक ने प्रतिज्ञा लागू की थी और उधारकर्ता को नीचे दिए गए खातों में संपूर्ण बकाया राशि चुकाने के लिए 7 दिनों का समय प्रदान किया था, ऐसा न करने पर, बैंक इस संबंध में कोई और नोटिस जारी किए बिना बंधक रखी गई प्रतिभूतियों को बेचने के लिए स्वतंत्र होगा।

उधारकर्ताओं ने उपेक्षा की है और उचित भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए, बैंक ने गिरवीदार के रूप में ऋण समझौते के तहत अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए उधारकर्ताओं द्वारा बैंक को दिए गए बकाया की वसूली के लिए 20 फरवरी 2024 को या उसके बाद प्रतिभूतियों को बेचने/निपटाने का निर्णय लिया है। उधारकर्ताओं को यह भी सूचित किया जाता है कि, यदि किसी भी समय, शेयर बाजार में अस्थिरता के कारण मार्जिन आवश्यकता में और कमी पैदा करने के लिए बंधक रखी गई प्रतिभूतियों का मूल्य गिर जाता है, तो बैंक अपने विवेक से बंधक रखी गई सुरक्षा को इस संबंध में किसी भी नोटिस के बिना एक (1) कैलेंडर दिन के भीतर बेच देगा। बंधक प्रतिभूतियों की बिक्री से प्राप्त आय के समायोजन के बाद, उधारकर्ता किसी भी शेष बकाया राशि के पुनर्भुगतान के लिए बैंक के प्रति उत्तरदायी रहेगा।

| क्र. सं. | ऋण खाता नं. | कर्जदार का नाम | दिनांक 08.02.2024 तक कुल बकाया राशि | बिक्री सूचना की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | XXXX8456 | नीलू सिंह सेंगर | 1,09,310.28 | 05-Feb-24 |
| 2 | XXXX0304 | रंगीन लाल देवांगन | 2,13,891.74 | 12-Feb-24 |

दिनांकः 13 फरवरी 2024
स्थानः छत्तीसगढ़
हस्ता/-
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

## संपादकीय

# श्वेत पत्र संप्रग की असलियत

**केन्द्र सरकार** द्वारा पेश श्वेत पत्र संप्रग सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन के कारण उसके शासन को 'खोया दशक' बताता है। मोदी सरकार ने अपने वादे के अनुसार संप्रग सरकार युग में व्याप्त राजकोषीय कुप्रबंधन पर एक श्वेत पत्र पेश किया है। इसमें अनेक नीतिगत कमियों की ओर संकेत किया गया है जिनमें आर्थिक अव्यावहारिकता, लाल-फीताशाही, आर्थिक सुधारों में सुस्ती, आदि शामिल हैं। इनके कारण आर्थिक वृद्धि धीमी पड़ी तथा अनेक ढांचागत चुनौतियां बनी रहीं। आंकड़ों के विश्लेषण तथा ऐतिहासिक तुलनाओं के आधार पर श्वेत पत्र ने संप्रग सरकार के शासनकाल में ठहराव तथा वर्तमान सरकार में तेज गति को रेखांकित किया गया है। वास्तव में वर्तमान सरकार ने अनेक मामलों में शानदार प्रदर्शन किया है। मोदी सरकार की आर्थिक उपलब्धियों में महत्वपूर्ण सुधार, जैसे जीएसटी का क्रियान्वयन, 'बिजनेस सुगमता' में सुधार की पहल तथा वित्तीय समावेशन के कार्यक्रम 'जनधन योजना' व 'प्रधानमंत्री मुद्रा योजना', आदि शामिल हैं। 'भारतमाला' और 'सागरमाला' जैसी ढांचागत परियोजनायें तथा 'डिजिटल इंडिया' जैसी पहलों का उद्देश्य देश का आधुनिकीकरण तथा उसमें संपर्क बढ़ाना है। विदेशी निवेश आकर्षित करने, स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने तथा पीएमएवाई व पीएमकेएसवाई जैसी योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण विकास पर महत्वपूर्ण ढंग से ध्यान दिया गया है। इन उपायों से समावेशी आर्थिक प्रगति तथा खोज एवं विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। विपक्षी कांग्रेस ने इसके जवाब में फौरन एक 'ब्लैक पेपर' जारी कर सरकार के दावों पर सवाल उठाते हुए वर्तमान सरकार की विफलतायें गिनाई हैं। 'ब्लैक पेपर' में सरकार पर आरोप लगाया गया है कि वह आर्थिक असमानतायें बढ़ा रही है, समाज कल्याण कार्यक्रमों को अनदेखा कर रही है तथा बेरोजगारी, कृषि संकट व मुद्रास्फीति दबावों के कारण अर्थव्यवस्था में गिरावट का कारण बन रही है। 'ब्लैक पेपर' में सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा आर्थिक समृद्धि के विमर्श को चुनौती देते हुए कहा गया है कि सामान्य नागरिकों की कठिनाइयां बढ़ गई हैं।

कांग्रेस द्वारा जारी 'ब्लैक पेपर' में वही बातें दुहराई गई हैं जो कांग्रेस नेता बार-बार कहते रहे हैं, लेकिन ये एक प्रकार से केवल प्रचार का अंग हैं और वस्तुस्थिति से मेल नहीं खाती हैं। हालांकि, 2014 में मोदी सरकार बनने पर ही उस पर पूर्ववर्ती कांग्रेस नीत संप्रग सरकार के बारे में 'श्वेत पत्र' जारी करने का दबाव था, पर उसने ऐसा नहीं किया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि ऐसा करने से भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रति निवेशकों का विश्वास और डगमगा सकता था। अब मोदी सरकार ने अपने दो कार्यकाल पूरे करने के बाद जो 'श्वेत पत्र' जारी किया है, उसका उद्देश्य संप्रग सरकार के दस साल तथा मोदी सरकार के दस सालों के बीच तुलनात्मक व तथ्यात्मक तस्वीर मतदाताओं के समक्ष रखना है। सरकार को यह श्वेत पत्र इसलिए भी लाना पड़ा है क्योंकि कुछ अर्थशास्त्री व राजनीतिक विश्लेषक मोदी सरकार की उपलब्धियों के प्रति आंखें बंद कर बिना किसी प्रमाण के अपने पुराने 'आरोप' लगातार दुहराते रहते हैं। जहां तक बेरोजगारी और महंगाई का सवाल है, कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के बावजूद भारत का प्रबंधन विकसित पश्चिमी देशों की तुलना में बहुत अच्छा है। ग्रामीण क्षेत्रों समेत सारे देश की प्रगति सबको दिखाई पड़ रही है। आंकड़ों से परे भी देश की जनता व खासकर युवा पीढ़ी अपने भविष्य के प्रति बहुत उत्साहित है तथा उसका वर्तमान सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है।

# ईरानी क्रांति: सफलता के कारण

## पश्चिमी खुफिया एजेंसियों ने अपनी गतिविधियों से ईरानी लोगों को पश्चिम-समर्थक नेताओं के खिलाफ खड़े होने के लिए तैयार कर दिया।



नीलांत इलांगमुवा
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



इस सप्ताह ईरानी क्रांति के 45 साल हो गए। पश्चिमी गठबंधन समझ नहीं पाया कि ईरानी जनता अपने अंतिम राजा मुहम्मद रजा पहलवी के खिलाफ क्यों खड़ी हो गई। अपनी सत्ता के अजेय होने के भ्रम ने पहलवी को 'श्वेत क्रांति' के लिए प्रेरित किया था जिसे प्रगति का पर्याय माना जाता था। इससे ईरान को पश्चिमी उदारवाद व आर्थिक प्रगति का उदाहरण मान लिया गया था। लेकिन समृद्धि की ऊपरी चमक के नीचे जो अशांति पनप रही थी, उसे अधिकांश बाहरी पर्यवेक्षक समझ नहीं सके। 21 साल की आयु में सत्तारूढ़ हुए मुहम्मद रजा शाह पहलवी ने अपने पिता रजा शाह पहलवी से विरासत में सत्ता पाई थी जो पहलवी वंश के संस्थापक थे। स्वयं को साइरस महान का समकालीन स्वरूप समझने वाले पहलवी ने 1970 में प्रेसीपोलिस के खंडहरों पर वैश्विक नेताओं को खुश करने और अपने वंश की वैधता स्थापित करने का काम किया था।

लेकिन उनकी आम जनता गरीबी और दमन की शिकार थी जिसे ईरानी खुफिया पुलिस छिपाती थी और अमेरिका-समर्थित खुफिया व्यवस्था 'सवाक' उसकी सहायता करती थी। इससे कल्पना और यथार्थ में भारी अंतर पैदा हो गया था। सत्ता के बेशर्म प्रदर्शन के माध्यम से शाह ने अपनी वैधता स्थापित करने के प्रयास किए, लेकिन इससे उनकी सरकार का खोखलापन और जनता से अलगाव बढ़ता गया और अंततः उनकी सरकार का पतन हुआ। 1970 के दशक मध्य में जनता में बढ़ते असंतोष के कारण शाह को अपनी सरकार के अत्याचारों के लिए जनता से माफी मांगनी पड़ी। लेकिन इसके बावजूद वे जनता के भारी विरोध प्रदर्शनों को रोकने में विफल हुए जिन्होंने 'इस्लामी क्रांति' को जन्म दिया। इस क्रांति के परिणामस्वरूप शाह का शासन तेजी से ढह गया तथा उस राजतंत्र का अंत हुआ जो हजारों साल से जारी था। इस असाधारण घटना ने पश्चिमी खुफिया एजेंसियों व प्रशासनिक हस्तक्षेप की सीमायें स्पष्ट कर दीं तथा बीसवीं शताब्दी में भू-राजनीतिक स्थितियों को पूरी तरह बदल डाला। अगस्त, 1978 में बढ़ती अशांति के बावजूद सीआईए ने नतीजा निकाला था कि 'ईरान में क्रांति या क्रांति-पूर्व की स्थिति नहीं है।' वास्तव में ईरान के प्रति दुश्मनी की भावना किसी राजनीतिक विचारधारा के बजाय तेल उद्योग पर नियंत्रण की इच्छा का परिणाम था। इस मुद्दे पर सीआईए द्वारा तैयार विमर्श को अक्सर 'ब्लैक प्रोपेगंडा' कहा जाता है। 1953 में ईरान के लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित प्रधानमंत्री मुहम्मद मुसादेह के खिलाफ ब्रिटेन तथा अमेरिका ने सैनिक विद्रोह को खड़ा किया था। इसे 'आपरेशन एजेक्स' का नाम दिया गया और ऐसी ही कार्रवाइयां ग्वाटेमाला, चिली, ब्राजील व ग्रीस जैसे अन्य देशों में भी की गईं।

लेकिन पश्चिमी प्रभुत्व स्थापित करने के इरादे से किए इस सफल विद्रोह के कारण क्षेत्र में व्यापक विरोध फैल गया जिसे अयातुल्ला खुमैनी के नेतृत्व में 'इस्लामी क्रांति' का स्वरूप मिला। इससे पश्चिमी विदेश नीति की असलियत उजागर हुई जो अक्सर लोकतंत्र व स्वतंत्रता के नाम पर अपनी साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षायें छिपाने का प्रयास करती थी तथा शोषण व दमन का दुष्चक्र पैदा करती थी। मुसादेह के प्रधानमंत्री बनने के पहले ईरानी तेल उद्योग पर एंग्लो-ईरानी तेल कंपनी के माध्यम से पूर्ण ब्रिटिश नियंत्रण था। 1951 में तेल उद्योग के राष्ट्रीयकरण से क्षेत्र में ब्रिटिश हितों को करारा धक्का लगा था। इस प्रकरण में मुसादेह राजतंत्र व विदेशी हस्तक्षेप के खिलाफ विमर्श में केन्द्रीय स्थान पर थे और उनकी सरकार के पतन से ईरान में लोकतांत्रिक आकांक्षाओं पर कुठाराघात हुआ जिससे पुनः पश्चिमी संरक्षण में स्वेच्छाचारी शासन स्थापित हो गया। इस दृष्टिकोण से ईरानी क्रांति न केवल ईरान के आधुनिक इतिहास का एक प्रमुख क्षण है, बल्कि यह पश्चिम एशिया की भू-राजनीति में भी महत्वपूर्ण परिघटना है। इसने राजतंत्र को नष्ट कर इस्लामी गणतंत्र स्थापित किया। इसमें सेक्युलरवादियों, राष्ट्रवादियों, उदारवादियों और वामपंथियों के एक गठजोड़ ने भी सहयोग दिया जो शाह के तानाशाही शासन के खिलाफ जनता की कठिनाइयों को उजागर कर रहे थे। इस्लामी क्रांति का प्रभाव ईरान की सीमाओं से आगे बढ़ा और उसने पड़ोसी देशों में इस्लामवादी आंदोलनों को जन्म देकर मध्यपूर्व की भू-राजनीति में व्यापक परिवर्तन किए। अयातुल्ला खुमैनी के करिश्माई नेतृत्व और धार्मिक पद ने क्रांति के पक्ष में जनता का समर्थन प्राप्त करने में केन्द्रीय भूमिका अदा की। इसके साथ ही बाजार और व्यापार ने शक्तिशाली आर्थिक शक्ति के रूप में क्रांति को और विस्तार दिया। ईरानी क्रांति एक महत्वपूर्ण केस स्टडी की तरह है जो क्रांतिकारी आंदोलनों में जटिल सामाजिक-राजनीतिक गत्यात्मकताओं को प्रदर्शित करती है। धार्मिक विचारधारा जनता को लामबंद करने तथा उसके राजनीतिक प्रतिरोध को वैधता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। क्रांति के बाद समावेशी शासन का महत्व समझा गया तथा प्रतिरोधी शक्तियों के हाशियाकरण के खिलाफ चेतावनी दी गई क्योंकि इससे तानाशाही व नस्ली हिंसा भड़क सकती थी। ईरानी क्रांति से वैश्विक राजनीति के परस्पर जुड़ाव तथा अवांछित परिणामों से बचने के लिए राष्ट्रीय संप्रभुता को महत्व मिला।

ईरानी क्रांति के दशकों बाद ईरान अब भी बहुआयामी विरासत से आंतरिक और बाहरी रूप से निपट रहा है। यह घटना सामाजिक-राजनीतिक ढांचे में क्रांतिकारी उभार की तीव्रता को याद दिलाती है। ईरान की विदेश नीति उसकी गहरी सांस्कृतिक और मनोवैज्ञानिक विरासत से प्रभावित है। ईरानियों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत 'जोरोस्ट्रनिज्म' जैसी प्राचीन सभ्यताओं से प्रभावित है जिसने दुनिया भर के धर्मों को बदलने में अपनी भूमिका निभाई। इसके बावजूद वे सामूहिक रूप से शताब्दियों के विदेशी दम और शोषण को याद रखते हैं जिसमें पश्चिम की साम्राज्यवादी आकांक्षायें तथा ईरानी लोकतंत्र के खिलाफ उनके इशारे पर किया विद्रोह भी शामिल है। यह ऐतिहासिक पृष्ठभूमि विदेशी शक्तियों के प्रति ईरान का दृष्टिकोण निर्धारित करती है। इनमें अमेरिका भी शामिल है जो अक्सर लोकतांत्रिक सिद्धान्तों को वास्तव में समर्थन देने के बजाय अपने आर्थिक व रणनीतिक हितों से संचालित होता है। ईरान के विदेशी संबंधों को समझने के लिए उसकी सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और भू-राजनीति को समझना जरूरी है जो उसकी नीतियों को स्वरूप देते हैं। पश्चिमी दुनिया से ईरान के संबंध शताब्दियों से उसके साथ संबंधों व टकरावों पर आधारित हैं जो वर्तमान समय में ईरान की विदेश नीति का निर्धारण करते हैं। ईरान की ऐतिहासिक विरासत अंतरराष्ट्रीय समुदाय से उसके संबंधों को परिभाषित करती है।

ईरानी क्रांति इतिहास में सत्ता संतुलन के महत्वपूर्ण अध्ययन का विषय है जहां विजयें भविष्य में प्रतिरोध के बीज बोती हैं। अनेक चुनौतियों के बावजूद ईरान ने समय बीतने के साथ अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की हैं। युनेस्को के आंकड़ों से स्पष्ट है कि ईरान में साक्षरता दर तथा जीवन प्रत्याशा में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इससे शिक्षा व स्वास्थ्यरक्षा के प्रति ईरान सरकार की प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। इसके साथ ही ईरान की अर्थव्यवस्था में व्यापक प्रगति हुई है। आज यह देश वैश्विक रैंकिंगों में महत्वपूर्ण स्थान बनाने के साथ ही अंतरिक्ष तकनीक जैसे क्षेत्रों में अपनी गतिविधियों का विस्तार कर रहा है।

पश्चिम-समर्थक शक्तियों पर ईरान की 'इस्लामी क्रांति' की विजय ने न केवल ईरान की घरेलू राजनीतिक संरचना में व्यापक परिवर्तन किए हैं, बल्कि उसकी ध्वनि सारी दुनिया में सुनाई दे रही है। इससे पश्चिमी प्रभुत्व को चुनौती देने वाले अन्य आंदोलनों को प्रेरणा मिल रही है। दुर्भाग्य से पश्चिम के अनेक रणनीतिकार व नीति-निर्माता अपनी पूर्वाग्रही धारणाओं के चलते जल्दी से नतीजे निकाल लेते हैं। इसके परिणामस्वरूप लाल सागर में अशांति तथा पश्चिम एशिया में लंबे समय से उथलपुथल की स्थिति बनी हुई है। यह उथलपुथल फिलिस्तीन से लेकर सीरिया तक जारी है। लू शुन ने क्रांति की अवधारणा अपने लेखों में जोर दे कर बताई है कि यह इस उद्देश्य में निहित है- 'लोगों को मौत का सामना करने के बजाय उनका जीवन सुनिश्चित हो।'

# समाज सेवा और आध्यात्मिकता का संगम


> आध्यात्मिकता, संस्कृति और समाज सेवा सही लोगों के एक साथ मिलकर काम करती है।

प्रभा गुप्ता
(लेखिका, सामाजिक विषयों पर टिप्पणीकार हैं)



शायद ही कभी हम मानवता की भलाई के लिए आध्यात्मिकता, सेवा और संस्कृति का संगम देखते हैं। हालाँकि, जैसा कि वे कहते हैं, हर चीज़ के लिए हमेशा एक समय होता है। एक ही मंच पर आध्यात्मिक प्रमुखों का ऐसा संगम और भी दुर्लभ है। गीत भक्ति अमृत महोत्सव, एक आध्यात्मिक उत्सव, में स्वामी श्री गोविंद देव गिरिजी महाराज, श्री श्री रविशंकर, सुधांशुजी महाराज, श्रीमती राजश्रीजी बिड़ला, साध्वी ऋतंभराजी, आदरणीय श्री चिन्ना जीयर स्वामीजी महाराज और बाबा जैसे आध्यात्मिक गुरुओं और बुद्धिजीवियों की सम्मानित उपस्थिति देखी गई। सत्यनारायणजी मौर्य. विशेष रूप से, बाबा रामदेव और योगी आदित्यनाथ इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

गीता भक्ति अमृत महोत्सव आध्यात्मिकता, समृद्ध भारतीय संस्कृति, देशभक्ति और भक्ति का एक अनूठा मिश्रण है। इस कार्यक्रम में 2500 वैदिक आचार्यों द्वारा हरिकीर्तन, पवित्र ग्रंथों के निरंतर जप और भागवत कथा के साथ 81 कुंडीय महायज्ञ का दिव्य दृश्य देखा गया। 450 से अधिक कलाकारों ने महाकाव्य रामायण और भारतीय संतों की परंपरा पर महानाट्य प्रदर्शन किया। यह आध्यात्मिक उत्सव दिव्य वैदिक विरासत, समृद्ध भारतीय संस्कृति और भक्ति को श्रद्धांजलि देता है।




इस आयोजन की जो बात अलग है, वह है सामाजिक मुद्दों पर इसका ज़ोर देना। गीता परिवार ने समाज में महिलाओं के महत्व और उन्हें सम्मान और सशक्त बनाने की हमारी मौलिक जिम्मेदारी को रेखांकित करने के लिए मातृशक्ति सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन में महिला सशक्तिकरण पर गहन विचार-विमर्श हुआ। देवाची आलंदी में गीता भक्ति अमृत महोत्सव में उपस्थित सभी लोगों को एकजुट करते हुए श्री राम जय राम, जय जय राम के गूंजते मंत्रों के साथ बाघवाड कथा की शुरुआत हुई।

कार्यक्रम के दौरान सामाजिक उत्थान और समाज के सशक्तिकरण के लिए समर्पित विभिन्न क्षेत्रों की बारह सफल महिलाओं को सम्मानित किया गया। गोविंद गिरजी महाराज ने टिप्पणी की, आज, जब हम इन बारह उल्लेखनीय महिलाओं का सम्मान करते हैं, तो आइए हम हमारी सांस्कृतिक विरासत के सार को दर्शाते हुए, समाज के कल्याण के लिए उनके मूल्यवान प्रयासों और अटूट प्रतिबद्धता को पहचानें।

अपने विचार साझा करते हुए, श्री श्री रविशंकर ने कहा, आपने ज्ञान के माध्यम से भारत के संत समुदाय को एकजुट किया है, और यह ज्ञान कोई और नहीं बल्कि दिव्य भगवान कृष्ण का है। आपका उत्सव, गीता भक्ति अमृत महोत्सव, एक संयोग नहीं बल्कि एक दिव्य व्यवस्था है। भक्त भगवत गीता पथ के भावपूर्ण मंत्रोच्चार में डूब गए जो गीत भक्ति अमृत महोत्सव का एक अनिवार्य हिस्सा था। एक ज्ञानवर्धक ज्ञानेश्वरोपासना सत्र हुआ, जहाँ गोविंद गिरजी महाराज ने ज्ञानेश्वर मौली की पूजा करके और उनकी शिक्षाओं पर विचार करके अपने शिष्यों को गहन ज्ञान प्रदान किया। कार्यक्रम में एक सकारात्मक माहौल छा गया क्योंकि वेदशास्त्र संवाद के माध्यम से समृद्ध गुरु-शिष्य परंपरा को पुनर्जीवित किया गया। देश भर से वैदिक विद्वानों ने इस सदियों पुरानी परंपरा के माध्यम से ज्ञान फैलाने के महत्व पर जोर दिया।

आध्यात्मिक कार्यक्रम में जगद्गुरु शंकराचार्य, स्वामी विजयेंद्र सरस्वती जी महाराज और आनंदमूर्ति गुरु मां जैसे दिग्गजों सहित श्रद्धेय आध्यात्मिक मार्गदर्शकों और बुद्धिजीवियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। गोविंद गिरजी महाराज ने कहा, गीता भक्ति अमृत महोत्सव आध्यात्मिक जागृति और ज्ञानोदय की यात्रा रही है। आलंदी की भूमि में श्रीमद्भगवद्गीता की दिव्य शिक्षाओं को देखना सम्मान की बात है। उन्होंने आगे श्री धीरेंद्रकृष्ण शास्त्री जी महाराज के बौद्धिक ज्ञान और युवाओं के बीच इस तरह के आध्यात्मिक ज्ञान की सार्वभौमिक अपील का उल्लेख किया, जो भक्तों के उत्साही अनुसरण में स्पष्ट है।

## आप की बात

आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

### मोदी का आत्मविश्वास

**मोदी** के आलोचक कह सकते हैं कि प्रधानमंत्री का भाजपा और एनडीए के बारे में इतनी सीटों की घोषणा करना अहंकार हो सकता है, लेकिन परिस्थितियों को देखते हुए यह मोदी का आत्मविश्वास है। जिस तरह विपक्षी इंडिया गठबंधन बिखरने लगा है और उसके घटक अलग-अलग दिशाओं में जा रहे हैं उससे लगता नहीं कि विपक्ष एकजुट होकर भाजपा या मोदी का सामना करने में सक्षम होगा। इसलिए अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा और उसके नेतृत्व में राजग को हराना दिनेंदिन लगभग असंभव होता जा रहा है। यही मोदी के आत्मविश्वास का कारण है। भाजपा इस बार 1984 में कांग्रेस के पक्ष में आए चुनावी परिणामों को भी पीछे छोड़ना चाहती है जिसमे उसने 404 सीटें जीती थीं। हालांकि, अभी लोगों को मोदी के दावों पर पूरा विश्वास नहीं है, लेकिन 2014 में भाजपा ने 272 प्लस तथा 2019 में 300 पार का नारा दिया था और ये दोनों सही सिद्ध हुए। 2014 व 2019 के मुकाबले आज मोदी की छवि और मजबूत हुई है, देश की जनता और नौजवानों का उन पर विश्वास बढ़ा है तथा विपक्ष खस्ताहाल है।

– **बाल गोविंद,** नोएडा

### भारत के रत्न

**कर्पूरी ठाकुर** और लाल कृष्ण आडवाणी के बाद अब पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और पीवी नरसिम्हा राव एवं कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर एम.एस. स्वामीनाथन को भारत रत्न देने की घोषणा की गई! यह पहली बार हुआ है कि किसी सरकार ने 1 महीने में पांच विभूतियों को भारत रत्न सम्मान से सम्मानित किया है। सवाल उठता है कि आजादी के बाद से अधिकांश भारत रत्न पुरस्कार राजनीति से जुड़े लोगों को ही दिए गए हैं। हालांकि, अन्य क्षेत्र के भी कुछ लोगों को यह सर्वोच्च पुरस्कार मिला है। इस बार भी पांच में मात्र एक वैज्ञानिक को भारत रत्न मिला। एक प्रधानमंत्री ने तो स्वयं ही अपने आप को भारत रत्न घोषित कर दिया था। अच्छा होगा कि भारत रत्न राजनेताओं के बजाय अविष्कारकों, वैज्ञानिकों, चिकित्सा वैज्ञानिकों, आदि को दिए जाएं। मोदी सरकार ने पद्म पुरस्कारों का एक प्रकार से लोकतांत्रीकरण किया है और ये अनेक अनाम लोगों को मिले हैं जो मीडिया की सुर्खियों से बहुत दूर थे। भारत रत्न पुरस्कार का सम्मान बढ़ाने के लिए जरूरी है कि इसे भी राजनीतिक नफा-नुकसान के बजाय भारत के अतीत, वर्तमान व संभवतः भविष्य को गौरवान्वित करने वाले महान लोगों को दिया जाए।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### भारत की राजनीति

**भारत** प्रजातंत्र का अमृत महोत्सव मना रहा है और अब आम चुनाव की तैयारियां हो रही हैं। और भाजपा बड़ी पार्टी होने के बावजूद क्षेत्रीय दलों से गठबंधन कर रही है तो कांग्रेस व अन्य दलों ने भी आईएनडीआईए गठबंधन बनाया है। हालांकि, कुछ दल अपने बलबूते पर अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुके हैं। कुल मिलाकर गठबंधन की राजनीति सिर्फ सत्ता तक पहुंचने का मार्ग बन चुकी है। इस बार भी भाजपा के बहुमत पाने के आसार बन रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद वह क्षेत्रीय दलों को साथ ले रही है ताकि सशक्त सरकार दे सके। वह अपने नेतृत्व वाले गठबंधन-राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग का विस्तार करने के प्रयास भी कर रही है। दक्षिण भारत की राजनीति में गठबंधन राजनीति का प्रभुत्व है। हालांकि, सरसरी तौर से देखें तो गठबंधन की राजनीति में कोई बुराई नहीं है। लेकिन गठबंधन बनाकर सीटें जीतने के बाद उच्च पद को लेकर गठबंधन धर्म का त्याग कर दूसरे गठबंधन से जुड़ जाना मतदाताओं के साथ सरासर धोखाधड़ी है इस प्रवृत्ति पर रोक लगनी चाहिए। गठबंधन को अपना एजेंडा तथा चुनाव घोषणापत्र अलग से जारी करना चाहिए तथा गठबंधन तोड़ कर दूसरी पार्टी के साथ जाने को दलबदल विरोधी कानून के दायरे मे लाया जाना चाहिए।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

# देवरी के पास खरखरा नदी पर 650 लाख की लागत से बनेगा उच्च स्तरीय पुल

## विधायक कुंवर सिंह निषाद की अनुशंसा पर 19839 लाख की लागत से विभिन्न विकास कार्य हुए बजट में शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

गुंडरदेही विधानसभा अंतर्गत देवरी के पास खरखरा नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण किया जाएगा। 2024-25 के बजट में इसे शामिल कर लिया गया हैं। इस पुल के निर्माण से राजनांदगांव आने जाने वालों को बड़ी राहत मिलेगी। बसों सहित भारी भरकम वाहन आसानी से आवाजाही कर सकेंगे। राजनांदगाँव से अंतागढ़ राज्य मार्ग क्र.5 में देवरी के पास खरखरा नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कार्य हेतु 650 लाख बजट में शामिल किया गया हैं।

क्षेत्रीय विधायक कुंवर सिंह निषाद के अथक प्रयास से वित्त मंत्री ओपी चौधरी में बजट में इस पुल को शामिल किया है। इतना ही नही विधायक कुंवर सिंह निषाद की अनुशंसा पर गुंडरदेही विधानसभा अंतर्गत जल संसाधन विभाग हेतु 12490 लाख के 31 विभिन्न कार्य, पीडब्ल्यूडी विभाग हेतु 6699.23 लाख के 12 विभिन्न कार्य, पीएमजीएसवाय विभाग हेतु 326.11 लाख के 4 कार्य एवं सेतु विभाग हेतु 650 लाख की लागत से उच्च स्तरीय पुल निर्माण को बजट में शामिल किया गया हैं।



### गुंडरदेही विधानसभा अंतर्गत 2024-25 में बजट में शामिल हुए ये कार्य

**जल संसाधन विभाग-** डौंडीलोहारा के खपराभाट व्ययवर्तन के शीर्ष कार्य वियर हाउस के साथ नहर रिमांडिंग लाइनिंग एवं 7 नग पक्के कार्य की अनुमानित लागत 3 करोड़ 50 लाख है, जिस पर इस वर्ष 10 लाख का व्यय संभावित है। पिरीद व्ययवर्तन के शीर्ष कार्य वियर के साथ नहर रिमांडिंग लाइनिंग एवं 5 नग पक्के कार्य की अनुमानित लागत 3 करोड़ 95 लाख है। जिस पर इस वर्ष 10 लाख का व्यय संभावित है। मुजगहन जलाशय के शीर्ष कार्य नहर का रिमांडिंग लाइनिंग एवं वेस्ट वियर तथा 5 नग पक्के कार्य की अनुमानित लागत 4 करोड़ है, जिस पर इस वर्ष 10 लाख का व्यय संभावित है। ग्राम फरदफोड़ में खरखरा नदी पर स्टॉप डेम कम रफ्टा निर्माण कार्य की अनुमानित लागत 3 करोड़ है जिस पर इस वर्ष 10 लाख का व्यय संभावित है। खरखरा नहर नाली में मोहंदीपाट परियोजना से सिंचाई एवं डौंडीलोहारा नाला पर भेड़ी (लो.) में एनीकट निर्माण कार्य की अनुमानित लागत 4 करोड़ है, जिस पर इस वर्ष 10 लाख का व्यय संभावित है। भरनापाट स्टापडेम का निर्माण की अनुमानित लागत 4 करोड़ है, जिस पर इस वर्ष 10 लाख का व्यय संभावित हैं। खुरसुल जलाशय योजना के शीर्ष कार्य एवं नहर का रिमांडिंग लाइनिंग तथा पक्के कार्यों का मरम्मत कार्य की अनुमानित लागत 1 करोड़ 50 लाख है जिस पर इस वर्ष 15 लाख का व्यय संभावित है। गुंडरदेही ब्लॉक अंतर्गत गहिरा नवागांव डायवर्सन नहर का रिमाइंडिंग एवं लाइनिंग कार्य की अनुमानित लागत 1 करोड़ 50 लाख है, जिस पर इस वर्ष 10 लाख का व्यय संभावित है। बघेलीभाठा जलाशय के शीर्ष कार्य एवं नहर का रिमांडिंग लाइनिंग तथा पक्के कार्यों का मरम्मत कार्य की अनुमानित लागत 1 करोड़ लाख है, जिस पर इस वर्ष 10 लाख का व्यय संभावित है। कोडेवा जलाशय का लाइनिंग एवं जीर्णोद्धार कार्य की अनुमानित लागत 15 करोड़ है जिस पर इस वर्ष 15 लाख का व्यय संभावित है। केंवट नवागांव जलाशय का लाइनिंग जीर्णोद्धार कार्य की अनुमानित लागत 15 करोड़ है, जिस पर इस वर्ष 15 लाख का व्यय संभावित है। परना जलाशय का लाइनिंग एवं जीर्णोद्धार कार्य का अनुमानित लागत 15 करोड़ है, जिस पर इस वर्ष 15 लाख का व्यय संभावित है। देवरी- देवसरा जलाशय के शीर्ष कार्य एवं नहर का रिमाइंडिंग लाइनिंग एवं पक्के कार्य का मरम्मत कार्य की अनुमानित लागत 15 करोड़ है जिस पर इस वर्ष 15 लाख का व्यय संभावित है। खरखरा मोहंदीपाट नहर परियोजना उप संभाग . 2 अर्जुन्दा का नवीन कार्यालय भवन एवं शासकीय आवास का निर्माण कार्य की अनुमानित लागत 15 करोड़ है, जिस पर इस वर्ष 15 लाख का व्यय संभावित है। बासीन जलाशय का वेस्ट वियर गेट एवं केनाल स्ट्रक्चर रिपेयरिंग तथा केनाल लाइनिंग कार्य की अनुमानित लागत 20 करोड़ है जिस पर इस वर्ष 15 लाख का व्यय संभावित है। बोरी व्ययवर्धन शीर्ष एवं नहर जीर्णोद्वार कार्य की अनुमानित लागत 20 करोड़ है, जिस पर इस वर्ष 15 लाख का व्यय संभावित है। कांदूल व्ययवर्धन शीर्ष एवं नहर का जीर्णोद्धार कार्य की अनुमानित लागत 30 करोड़ है, जिस पर इस वर्ष 15 लाख का व्यय संभावित है। ग्राम भिलाई में उद्वहन सिंचाई योजना निर्माण की अनुमानित लागत 7 करोड़ है जिस पर इस वर्ष 15 लाख का व्यय संभावित है। मटिया मटेवा स्टाफडेम काम काज वे निर्माण कार्य की अनुमानित लागत 15 करोड़ है जिस पर इस वर्ष 10 लाख व्यय संभावित है। ग्राम पंचायत कांदूल अंतर्गत नवीन हाट बाजार के समीप नाला में स्टाफडेम निर्माण की कार्य की अनुमानित लागत 3 करोड़ है जिस पर इस वर्ष 10 लाख का व्यय संभावित है। डुडिया नाला (अर्जुंदा) पर स्टाफ डेम का निर्माण कार्य की अनुमानित लागत 35 करोड़ है जिस पर इस वर्ष 10 लाख का व्यय संभावित है। चौरेल पैरी स्टाफडेम कम रपटा मरम्मत एवं 2 फीट ऊंचाई बढ़ाने का कार्य की अनुमानित लागत 65 करोड़ है जिस पर इस वर्ष 10 लाख का व्यय संभावित है। गुंडरदेही के अरौद से कमरौद एनीकट काम कावरेज का निर्माण कार्य की अनुमानित लागत 120 करोड़ है जिस पर इस वर्ष 10 लाख का व्यय संभावित है। तांदुला मुख्य नहर के 16 से 22 मील तक लाइनिंग एवं स्ट्रक्चर का मरम्मत कार्य की अनुमानित लागत 30 करोड़ है जिस पर इस वर्ष 10 लाख का व्यय संभावित है। तांदुला परियोजना के अंतर्गत पिकरीपार का लाइनिंग एवं स्ट्रक्चर का मरम्मत कार्य की अनुमानित लागत 30 करोड़ है जिस पर इस वर्ष 10 लाख का व्यय संभावित है। तांदुला परियोजना के अंतर्गत तमोरा माइनर का लाइनिंग एवं स्ट्रक्चर का मरम्मत कार्य की अनुमानित लागत 30 करोड़ है जिस पर इस वर्ष 10 लाख का व्यय संभावित है। खपरी मध्यम परियोजना जलाशय का गहरीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य की अनुमानित लागत 220 करोड़ का व्यय संभावित है। खपरी जलाशय के उलट में आरसीसी रपटा निर्माण कार्य की अनुमानित लागत 50 करोड़ है, जिस पर इस वर्ष 20 लाख का व्यय संभावित है। खरखरा फीडर नहर लाइनिंग मरम्मत कार्य 19 किमी से 34 किमी की अनुमानित लागत 30 करोड़ है, जिस पर इस वर्ष 20 लाख का व्यय संभावित है। खरखरा मोहंदीपाट मध्यम परियोजना के कसही वितरक नहर के लासाटोला उप वितरक नहर बासीन माइनर डुण्डेरा माइनर कांदूल माइनर . 1 रिमांड लिंग एवं लाइनिंग तथा 5 नग व्ही आरबी इनलेट/आउटलेट कार्य की अनुमानित लागत 80 करोड़ है जिस पर इस वर्ष 20 लाख का व्यय संभावित है अतः इस प्रयोजन हेतु नवीन मद के रूप में 40.00.000 का प्रावधान किया गया है। गुण्डरदेही के रुदा व्यपवर्तन के शीर्ष कार्य नहर मरम्मत एवं स्ट्रक्चर (पक्के कार्य) तथा लाइनिंग कार्य की अनुमानित लागत 30 करोड़ है जिस पर इस वर्ष 100.00 लाख का व्यय संभावित है।

**पीडब्ल्यूडी-** देवरी में नवीन विश्रामगृह का निर्माण अनुमानित लागत राशि 1 करोड़ 20 लाख तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 में राशि 15 लाख का व्यय संभावित है। अर्जुन्दा में नवीन विश्रामगृह का निर्माण अनुमानित लागत राशि 1 करोड़ 20 लाख तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 में राशि 15 लाख का व्यय संभावित है। गुंडरदेही के रेस्ट हाउस में 3 नग अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य अनुमानित लागत राशि 1 करोड़ तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 में राशि 10 लाख का व्यय संभावित है।

# जो व्यक्ति गौ हत्यारे दलों के साथ होगा उसे नहीं माना जाएगा हिंदू शंकराचार्य स्वामिश्री: अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

परमाराध्य परमधर्माधिस उत्तराम्नाय ज्योतिषपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती '1008' महाराज रायपुर पहुंचे, जहां रायपुर एयरपोर्ट पर शंकराचार्य महाराज का भव्य स्वागत किया गया। शंकराचार्य महाराज ने मीडिया से चर्चा करते हुए इस दौरान बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में गौ हत्या सबसे बड़ा मुद्दा हैं। देश में आजादी का अमृत काल चल रहा है और गौ हत्या बंद नहीं हुई हैं, इसका क्या मतलब हैं। छत्तीसगढ़ सरकार से हम गौ माता को राजमाता का दर्जा देने की मांग और केंद्र सरकार भी गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग कर रहें हैं। वही जो व्यक्ति गौ हत्यारे दलों के साथ होगा उसे हिंदू नहीं माना जाएगा।

गौ हत्या करने वाले पार्टियों को जो वोट देंगे वह गौ हत्या पाप के भागीदार होंगे। बता दे कि शंकराचार्य महाराज एकदिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ पहुंचे। शंकराचार्य महाराज कबीरधाम जिले के विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। वही मीडिया के सामने शंकराचार्य जी ने मंगल पांडे का उदाहरण दिया कि अंग्रेजों ने जब उन्हें मुहँ से कारतूस खोलने के लिए कहा था, तो उन्होंने मना कर दिया था,



क्योंकि उसमें गौ मांस होता हैं। अंग्रेजों के खिलाफक्रांति में भी गाय का बड़ा योगदान हैं। ऐसा देश में गाय की हत्या हो रही हैं, तब तक सब राजनीति बेकार हैं। शंकराचार्य जी ने 6 फरवरी को प्रयागराज में हुए गौ संसद के बारें में बताया कि उसमें यह प्रस्ताव पारित हुआ हैं कि जो व्यक्ति गाय की हत्या से किसी भी रूप से जुड़ा हुआ हैं। उसको हम हिंदू कहना बंद करेंगे। इस दौरान शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती जी के साथ एयरपोर्ट पर ब्रह्मचारी डॉ इंदुभवानंद, ज्योतिर्मठ सीईओ चंद्रप्रकाश उपाध्याय, ज्योतिर्मठ सीएफओ मदन उपाध्याय, हरीश शाह, सतीश शाह, पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी, उमंग पांडेय, भूपेश शर्मा, सुदीप अग्रवाल, करिश्मा राजपूत, शंकराचार्य के मीडिया प्रभारी अशोक साहू सहित सैकड़ों की संख्या में सनातनी हिन्दू उपस्थित रहें।

# नए एसपी के आने से अपराधियों हुए खौफजदा, अवैध शराब बिक्री और जुआ खेलते आधा दर्जन से ज्यादा आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले में नए पुलिस कप्तान सरजू राम भगत के कमान संभालने के बाद अपराधियों खौफजदा हो गए हैं। जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारी पहले से भी ज्यादा अलर्ट एवं सतर्क नज़र आ रहे हैं। एसपी एसआर भगत के निर्देश पर जिले में अवैध शराब बिक्री, अवैध जुआ-सट्टा के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर धड़ाधड़ कार्यवाही की जा रही हैं। रविवार को बालोद थाना स्टाफ के द्वारा गांव एवं शहरो में अवैध जुआ खेलने वाले 4 आरोपी थानसिंह साहू पिता नम्मु राम साहू (उम्र40), कंवल सिंह साहू पिता जंगलीराम (उम्र53), मनोज कुमार साहू पिता नेमीचंद (उम्र37) और बिरेन्द्र कुमार निषाद पिता विष्णु (उम्र22) को अपराध क्रमांक 95/24 धारा 3(2) छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम वर्ष 2022 के तहत नगदी रकम 2 हजार 160 रुपये एवं 52 पत्ती ताश जप्त कर गिरफ्तार किया गया हैं।

**केस-01**

बालोद थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम तालगांव निवासी आरोपी मनोहर लाल दुग्गा पिता स्व सगउ राम दुग्गा (उम्र43) के द्वारा अपने पास 2 सफेद रंग के प्लास्टीक डिब्बा में 20 लीटर कच्ची शराब जिसकी कीमत 6 हजार रुपये अधिक मात्रा में शराब बि ी करने हेतु रखा हुआ था। जिसे जप्त कर आरोपी के विरूध्द थाना बालोद में अपराध क्रमांक 96/2024 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया।





**केस-02**

दल्लीराजहरा थाना क्षेत्रांतर्गत चिखलाकसा वार्ड-7 निवासी आरोपी योगेश कश्यप पिता दिलीप कश्यप (उम्र31) को घटना स्थल वार्ड मांक 27 रेलवे मैदान छिन्द झाड़ के पास अधिक मात्रा में शराब रखकर बि ी करने परिवहन करते पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से एक सफेद गुलाबी रंग का सरगम बिग साल्ट लिखा हुआ। थैला में जिसमें 40 नग पौवा देशी प्लेन शराब 7,200 बल्क लीटर जिसकी कीमत 3 हजार 200 रूपये एवं एक काला नीला रंग का हीरो होण्डा मोटर सायकल सीजी 07 एलएम 7861 को जप्त कर आरोपी के विरूध्द धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया।

**केस-03**

दल्लीराजहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत आरोपी राजा सोनकर पिता स्व. सुखराम सोनकार (उम्र23) एवं प्रमोद विश्वकर्मा पिता शंकर विश्वकर्मा (उम्र20) को वार्ड मांक 20 गांधी चौक राजहरा मांइस जाने के रेलवे सिंग के पास अधिक मात्रा में शराब रखकर बिक्री करने परिवहन करते पकड़ा गया। उक्त दोनों आरोपियों के कब्जे से अलग-अलग थैला रखे कुल 67 पौवा देशी प्लेन शराब जुमला 12,060 बल्क लीटर कीमत 5 हजार 360 रूपये एवं शराब बिक्री का नगदी रकम 270 रूपये तथा एक ग्राजीया स्कुटी सीजी 24 एस 9807 को जप्त कर आरोपीगण के विरूध्द धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया।

# राजहरा नगर में देर रात्रि बिना कारण घूम रहे 3 व्यक्तियों पर की गई कार्यवाही



**दल्लीराजहरा।** पुलिस अधीक्षक एस.आर. भगत के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक राजहरा डॉ. चित्रा वर्मा के मार्गदर्शन में थाना क्षेत्रांतर्गत चोरी व अपराधों को रोकने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना राजहरा टाउन में 09-10 फरवरी की दरम्यानी रात्रि बिना कारण घूमते तीन व्यक्तियों नोहर निषाद पिता बिरङ्नु राम निषाद उम्र 20 वर्ष वार्ड क्रमांक 18 मोंगरा दफाई, अमरनाथ मंडावी पिता कुशल नाथ मंडावी उम्र 29 वर्ष वार्ड क्रमांक 25 देवार पारा एवं संदीप सपहा पिता कौशल सपहा उम्र 39 वर्ष वार्ड क्रमांक 24 दिखे जो संज्ञेय अपराध करने की उद्देश्य से रात्रि के अंधेरे में लुक छिप रहे थे। जिसे संदिग्ध अवस्था में घेराबंदी कर पकड़ा गया जिनसे रात्रि में बेवजह घूमने के संबंध में पुछताछ करने पर टाल मटोल कर रहा था तथा हमलोग दल्ली राजहरा के रहने वाले हैं, कभी भी, कहीं भी घूम सकते हैं कहकर पुलिस स्टाफ के साथ ही वाद-विवाद कर रहा था, संज्ञेय अपराध की रोकथाम हेतु तीनों व्यक्तियों के विरूध्द धारा 151/107,116 (3) जाफौ के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर जेल दाखिल किया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील तिर्की ने बताया कि कोई भी व्यक्ति पेट्रोलिंग गश्त अकारण घूमते मिले या आपत्तिजनक स्थिति में टाउन में घूमते या लुकते छिपते मिलता है तो उसके विरूद वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया जायेगा।

# एसपी भगत ने थानों में दी दबिश, पुलिसकर्मियों को अनुशासन में रहकर ड्यूटी करने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

नवनियुक्त पुलिस कप्तान एसआर भगत के द्वारा जिले के महामाया, दल्लीराजहरा एवं डौंडी थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। एसपी ने इस दौरान सभी अधिकारी कर्मचारियों को अनुशासन में रहकर कार्य करने निर्देशित किया। अवैध शराब, जुआ सट्टा एवं अन्य अवैध गतिविधियों पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए एवं साइबर प्रहरी अभियान एवं नए कानून के संबंध में जानकारी साझा की। एसपी एसआर भगत ने निरीक्षण के दौरान थानों के रिकार्ड संधारण, माल खाना, विवेचक कक्ष समेत समस्त थाना भवन का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। थाने में उपस्थित सभी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों का परिचय प्राप्त कर उन्हें मूलभूत पुलिसिंग करने एवं अनुशासन में रहकर ड्यूटी करने निर्देशित किया गया।

**थाने में आने वाले व्यक्तियों से शालीनता पूर्वक करें व्यवहार**

एसपी एसआर भगत ने थाना क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री, नशे के अन्य कारोबार एवं जुआ सट्टा पर कड़ाई से कार्यवाही करते हुए साइबर जागरूकता, यातायात जागरूकता आदि पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया। थाने में आने वाले व्यक्तियों से शालीनता पूर्वक व्यवहार करने, शिकायत



आने पर त्वरित निराकरण करने तथा साइबर फ्रॉड संबंधित अपराध के संबंध में आम नागरिकों से संवाद स्थापित कर जागरूक कर साइबर प्रहरी के तहत कार्य करने कहा गया। एसपी ने थाना क्षेत्र के दूरस्थ अंचलों में चलित थाना लगाने एवं सघन गस्त, पेट्रोलिंग कर स्कूल कॉलेज एवं अन्य सामाजिक, धार्मिक स्थलों में असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने हेतु विशेष प्रयास किए जाने के लिए थाना प्रभारी को निर्देशित किया। साथ ही थानों में लंबित अपराध, लंबित शिकायत, मर्ग, गुम इंसान इत्यादि का यथा शीघ्र निराकरण कर पीड़ितों को राहत पहुंचाने हेतु निर्देश भी दिया गया। उक्त आकस्मिक निरीक्षण के दौरान पुलिस कप्तान के साथ उप पुलिस कप्तान सुशील नायक एवं दल्लीराजहरा नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. चित्रा वर्मा साथ रहे।

# घर-घर दस्तक देकर महतारी वंदन योजना का फॉर्म वितरण कर रहे हैं सीएमओ श्रीनिवास द्विवेदी

## गाइडलाइन के अनुसार महतारी वंदन योजना का फॉर्म 20 फरवरी तक भर सकते हैं आवेदन

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



राज्य सरकार के घोषणा पत्र के अनुसार विवाहित महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह 1000 रुपया देने की एवं सालाना 12000 देने की घोषणा किया था जिस पर अमल करना प्रारंभ हो चुका है बेमेतरा जिला कलेक्टर रणवीर शर्मा ने सरलीकृत करते हुए अनिवार्य रूप से हितग्राहियों के फोटो आधार कार्ड राशन कार्ड परिचय पत्र बैंक पासबुक को अपलोड करने के लिए आदेश जारी किया है साथ ही सभी हितग्राहियों को आवश्यक दस्तावेज भी जमा किया जाना है ताकि समय में फॉर्म अपलोड भी हो सकता है मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीनिवास द्विवेदी ने घर घर जाकर दस्तक देकर सभी अनिवार्य दस्तावेज भरकर दिशा निर्देशों का पालन करते हुए फार्म जमा करने की अपील किया। साथ ही सभी हितग्राहियों को आवश्यक दस्तावेज भी जमा किया जाना है ताकि समय में फॉर्म अपलोड भी हो सकता है साथी ही इसकी समय सारणी की गतिविधियां योजना अंतर्गत जिलों बेमेतरा के शहरी एवं ग्रामीणों को 02फरवरी दिशा निर्देश जारी करना 03फरवरी मैदानी अम्लों में योजना दिशा निर्देश के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन करना 05फरवरी ऑनलाइन/ऑफलाइन आवेदनों का पंजीयन प्रारंभ 20फरवरी आवेदन प्राप्त करने का अंतिम तिथि 21फरवरी को अंतिम सूची जारी करने की अंतिम तिथि 21 से 25फरवरी अंतिम सूची पर आपत्ति करने की अवधि 26 से 29फरवरी आपत्ति निराकरण हेतु अवधि 01 मार्च अंतिम सूची का प्रकाशन 05 मार्च स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि दिनांक 08 मार्च राशि अंतरण जारी तिथि निर्धारण किया गया है डबल इंजन की राज्य सरकार की मंशा है कि पात्र महिलाओं को सत प्रतिशत महतारी वंदन योजना का लाभ लिया जाना संभव हो अनिवार्य दस्तावेजों के साथ महतारी वंदन योजना का फॉर्म भरे और महिला छत्तीसगढ़ का निवासी एवं 21 वर्ष से कम ना हो जिसका फॉर्म 20 फरवरी तक ऑफलाइन या ऑनलाइन या स्वयं ऑनलाइन कर सकते हैं साथ ही नगरी निकाय आंगनवाड़ी ग्राम सचिव महिला बाल विकास कार्यालय के माध्यम से आवेदन जमा कर सकते हैं स्वयं ऑनलाइन करने के लिए आपको www.mahtarivandan.cgstata.gov.in में जाकर आगे बढ़ते हुए आवेदन करना होगा इस अभियान घर-घर दस्तक देने में महतारी वंदन योजना के फॉर्म बांटने में सीएमओ श्रीनिवास द्विवेदी जनप्रतिनिधि रोहित साहू आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सबीना मेमन सीमा मिश्रा संकल्प शर्मा धनु मरकाम मनोज ध्रुव उपस्थित रहे एवं उक्त महतारी वंदन योजना के फॉर्म नगर पंचायत आंगनबाड़ी केंद्र में फार्म जमा कर भरने में लगे हुए हैं।

# उत्कृष्ट सेवाओं के लिए कर्म शिरोमणि पुरस्कार से अलंकृत




**दल्लीराजहरा।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा कर्मचारियों को उनके कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं असाधारण कार्य करने पर पुरस्कृत करने प्रति माह कर्म शिरोमणि पुरस्कार देने की घोषणा की है, जिसमें लौह अयस्क समूह दल्लीराजहरा में दिसंबर माह में संजय कुमार यादव माइनिंग फ़ोर मैन दल्ली खदान, एवं फूल सिंह, वरिष्ट टेक्नीशियन आई, ओ.सी, को उनके उत्कृष्ट सेवाओं के लिए कर्म शिरोमणि पुरस्कार से अलंकृत किया। कार्मिक विभाग, लौह अयस्क समूह, राजहरा ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इमेनुअल रॉय महाप्रबंधक (एम. एंड एस) राकेश कुमार उप महा प्रबंधक एवं खदान प्रबंधक राजहरा खदान, प्रमोद कुमार सहायक महा प्रबंधक दल्ली खदान, मुकेश ड्रोलिया एम.टी.ए (कार्मिक) दल्ली खदान, के. शशांक राव एम.टी.ए (कार्मिक) राजहरा खदान, उपस्थित थे। इसी क्रम में कर्मचारियों की पत्नियों को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाता है। इस कार्यक्रम का संचालन संध्या रानी वर्मा, श्रम कल्याण अधिकारी ने किया।

# सेंदुखार में भावना बोहरा की उपस्थिति में बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने किया भाजपा प्रवेश

### सेंदुखार में बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता हुए भाजपा में शामिल, भावना बोहरा ने दिलाई सदस्यता

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत सेंदुरखार में मेला मंडई एवं आभार रैली के कार्यक्रम में पंडरिया विधायक भावना बोहरा सम्मिलित हुईं। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्र के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने उनकी उपस्थिति में भाजपा प्रवेश किया और भावना बोहरा ने उन्हें सदस्यता दिलाई। इस दौरान भावना बोहरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अंत्योदय के लक्ष्य के साथ सर्व जन के हित व अधिकार के लिए कार्य करने वाली पार्टी है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की कुशल नीतियों, कल्याणकारी योजनाओं, ऐतिहासिक उपलब्धियों एवं विकास कार्यों से भारत को एक नई दिशा दी है। हमारा भारत विश्व मे अपनी एक अलग पहचान स्थापित कर रहा है। छत्तीसगढ़ की जनता ने भी भाजपा की इसी नीतियों को देखते हुए विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दिलाकर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनाई है। कार्यक्रम में भी बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता भाजपा की रीति-नीति से प्रभावित होकर सदस्यता ग्रहण की, जिनका मैं भाजपा परिवार में स्वागत करती हूं। भावना बोहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता इस बार लोकसभा में पूरे 11 सीटों पर भाजपा को प्रचंड जीत दिलाने का संकल्प कर चुकी है। प्रधानमंत्री जी की योजनाओं और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु






देव साय जी के सुशासन में प्रदेश की जनता उत्साहित है, आज महिलाओं, युवाओं, किसानों, बुजुर्गों एवं प्रत्येक व्यक्ति व वर्ग के लिए डबल इंजन की भाजपा सरकार एक विजन के साथ कर रही है, जहां छत्तीसगढ़ के सर्वांगिण विकास के साथ जनहित के लिए योजनाओं का सुचारू रूप से क्रियान्वयन हो रहा है। मोदी की गारंटी में किये अपने वादों को पूरा करने के लिए लगातार कार्य करते हुए आज महतारी वंदन योजना, किसानों का बकाया धान बोनस, 3100 प्रति क्विंटल में धान खरीदी और तेंदूपत्ता संग्राहकों को 5500 रुपये प्रति मानक बोरा देने की योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन हो रहा है, जिससे जनता में एक नया विश्वास दिखाई दे रहा है। इन्हीं कुशल नीतियों, कल्याणकारी योजनाओं एवं प्रदेश व प्रदेशवासियों के विकास हेतु बजट में किये गए प्रावधानों से विकासशील छत्तीसगढ़ को आने वाले समय में भाजपा सरकार विकसित छत्तीसगढ़ बनाने में जरूर सफल होगी। आज केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार के इन्हीं जनहितैषी निर्णयों, उपलब्धियों और राष्ट्र सर्वप्रथम की भावना से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में युवा, क्षेत्रवासी एवं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए कुछ नेताओं से चर्चा के दौरान बताया कि पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा किये जा रहे जनसेवा के कार्यों एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर हमने आज भावना बोहरा जी की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। जिस प्रकार से भावना बोहरा जी क्षेत्रवासियों के लिए अनवरत कार्य कर रहीं हैं, स्वास्थ्य,शिक्षा, नारी सशक्तिकरण एवं अन्य क्षेत्रों में भी उनके द्वारा किये जा रहे सराहनीय प्रयासों से आमजनों को लाभ मिल रहा है वह प्रशंसनीय है। जनता के प्रति उनकी संवेदनशीलता और उनकी समस्याओं के लिए उनकी तत्परता से आज क्षेत्र का विकास एवं जनता की मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित हो रही हैं। एक जनप्रतिनिधि के रूप में अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण भावना से उनके सार्थक प्रयास आज पूरे पंडरिया विधानसभा को विकसित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं, देश की प्रगति के लिए उनके कार्य से आज हमारा देश एक नई पहचान स्थापित कर रहा है जो देश के प्रत्येक नागरिक के लिए गौरव की बात है। क्षेत्रीय विधायक और प्रधानमंत्री जी के इन्हीं कार्यों से प्रभावित होकर हमने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है और आने वाले समय मे हम पार्टी हित मे प्रतिबद्धता से कार्य करेंगे।

# दो करोड़ कीमती काली ग्रेनाइट की दुर्लभ भंवर गणेश की मूर्ति 5वी बार हुई चोरी

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com





मस्तूरी क्षेत्र के इटवा पाली स्थित ऐतिहासिक मंदिर से 10वीं 11वीं शताब्दी के दुर्लभ भंवर गणेश की 2 करोड की कीमत वाले काले ग्रेनाइट की मूर्ति करीब 3 फीट ऊंची व 65 किलो वजनी है जो आज पांचवी बार फिर चोरी हो गई। ग्रामीणों के बताएं अनुसार सुबह-सुबह जब आज मंदिर का दरवाजा खोलने गए तो देखा कि ताला टूटा हुआ है और गर्भ गृह से मूर्ति फिर से गायब है, इसकी सूचना ग्रामीणों ने तत्काल मस्तूरी पुलिस को दी । मौके पर मस्तूरी पुलिस की टीम पहुंची और पूछताछ कर रही है। इटवा पाली स्थित भंवर गणेश मंदिर की मुर्ती ग्रेनाइट की दुर्लभ मूर्ति है , जो मल्हार स्थित डिडनेश्वरी देवी की समकालीन है। सातवीं से दसवीं सदी के बीच के विकसित मल्हार की मूर्तिकलाओं में भंवर गणेश को भी प्रमुख माना जाता है। मल्हार में बौद्ध स्मारकों व प्रतिमाओं का निर्माण इस काल की विशेषता माना जाता है। मल्हार व आसपास में कई प्राचीन मंदिरों के अवशेष मिलते हैं और यह एक महत्वपूर्ण पुरातत्व स्थल है।

**सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं**-इसी मंदिर में चार बार पहले भी चोरी हो चुकी है। पहली बार 2004 में प्रतिमा की चोरी हुई लेकिन चोर जिले से बाहर जा नहीं पाए थे। इसके बाद अप्रैल 2006 में मूर्ति की चोरी हुई। 2007 में भी मंदिर से मूर्ति चोरी की कोशिश हुई थी। और 26अगस्त 2022 को चोरी हुई थी, लेकिन इसकी सुरक्षा के लिए आज भी शासन प्रशासन की ओर से कहीं कोई कड़ी कदम नहीं उठाया गया है जिसके वजह से आए दिन यह मूर्ति चोरों के निशाने पर रहती है।

मस्तूरी थाना प्रभारी रविंद्र अनंत ने बताया कि ग्राम ईटवा पाली में भगवान भांवर गणेश का प्राचीन मंदिर है। मंदिर में पुरातात्विक महत्व की काले ग्रेनाईट से बनी मूर्ति थी। गांव के लोग इसकी पूजा अर्चना करते थे। साल 2022 में चोरों ने मूर्ति को चुरा लिया था। इसकी जांच के बाद पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार कर मूर्ति जब्त कर ली। मूर्ति को गांव में लाकर फिर से स्थापित किया गया। उन्होंने बताया कि रविवार को गांव के लोगों ने मंदिर में पूजा अर्चना की। सोमवार को जब भक्त मंदिर पहुंचे तो मूर्ति गायब थी। इसकी सूचना अधिकारियों को दी गई है। इसके बाद अधिकारियों समेत पुलिस की टीम गांव में पहुंच गई है। पुलिस की टीम गांव के लोगों से घटना के संबंध में पूछताछ कर रही है। इसके अलावा चोरी के मामले में पकड़े गए पुराने लोगों की भी जांच चल रही है।

# आयुष्मान कार्ड शिविर, पीएम विश्वकर्मा योजना, श्रम पंजीयन, राजस्व शिविर का सतत निरीक्षण करने के दिए निर्देश

## कलेक्टर ने जनचौपाल, शिकायत के प्रकरणों की सिलसिलेवार की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ∢ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर आकाश छिकारा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। इसके साथ ही आयुष्मान कार्ड शिविर का सभी सीएमओ, जनपद पंचायत सीईओ को निरीक्षण करने के साथ सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक मे लंबित आवेदनों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने कहा तथा विभागीय प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए तथा उन्हे शतप्रतिशत समय सीमा के भीतर पूर्ण करने को कहा। इसके अलावा जनदर्शन व जनचौपाल में प्राप्त होने वाले आवेदनों के लंबित प्रकरणों की सिलसिलेवार समीक्षा करते हुए समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होने जिला स्तरीय अधिकारियों को विभागीय योजनाओं की सतत बैठक लेने और कार्यो की मौके पर जाकर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को जिले के अधिक से अधिक युवाओं को अग्निवीर भर्ती में शामिल होने के लिए प्रेरित करने कहा। साथ ही अधिक से अधिक पात्र युवाओं का पंजीयन अग्निवीर भर्ती में सुनिश्चित करे। उन्होंने जिले के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में प्रचार प्रसार करने कहा जिससे अग्निवीर भर्ती की जानकारी सभी युवाओं तक पहुंच सके और अधिक से अधिक पात्र युवा भर्ती में शामिल हो सके। इसके अलावा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, घर पहुँच पेंशन योजना से भी लोगों का पंजीयन करने के निर्देश दिए। इसके अलावा राजस्व विभाग, श्रम पंजीयन, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड सहित अन्य शिविर की जानकारी लोगो तक पहुंचे इसके लिए उन्होंने मुनादी कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही 15 फरवरी को पामगढ़ विकासखंड में दिव्यांगता शिविर, 16 फरवरी को अकलतरा विकासखंड में आजीविका ऋण मेला लगाये जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने महतारी वंदन योजना की समीक्षा करते हुए आवेदन की अंतिम तिथि 20 फरवरी को ध्यान में रखते हुए सभी मैदानी अमलों को सक्रिय करते हुए अधिक से अधिक आवेदन फॉर्म भरवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय सहित सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# खैरा में स्वस्थ जीवन शैली पर स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ति
www.dailypioneer.com




इफ्को-एमसी और हेल्पेज इंडिया के संयुक्त तत्वावधान एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सक्ती सूरज सिंह राठौर के मार्गदर्शन में सक्ती जिला अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्यादित खैरा में एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाई वितरण किया गया, शिविर का शुभारंभ मनीष सिंह राज्य विपणन अधिकारी इफ्को-एमसी, अंकुर शर्मा क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, राजकुमार विपणन अधिकारी द्वारा किया गया। चिकित्सा विशेषज्ञों में डॉ. डी.डी. मिश्रा एमबीबीएस सक्ती, डॉ. श्रीकांत जांगड़े एमएस ऑर्थो कोरबा, डॉ. विनय सिंह एमडीपीडिया कोरबा, डॉ.गायत्री शर्मा एमबीबीएस डीजीओ कोरबा, हॉस्पिटल स्टॉफ में सारिका डडसेना सीएचओ खैरा, गायत्री कंवर एएनएम व फार्मेसी लैब ने अपनी सेवाएं दी, यूनिसेफ एवं यूथ रेडक्रॉस के वालंटियर्स ने दिव्यांग व वृद्ध हितग्राहियों को कैंप तक ले जाने में सहयोग दिया। वालंटियर्स द्वारा स्वस्थ जीवनशैली एवं नशा मुक्ति विषय पर नुक्कड़ प्रस्तुत किया गया। स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन में खैरा के सरपंच लीलाधर जायसवाल, मंडी निरीक्षक परमानन्द जायसवाल, यूनिसेफ जिला सलाहकार तोषित चौहान, वी द पीपल फाउंडेशन के जिला समन्वयक रुद्र पटेल, वालंटियर्स टीनेश्वर देवांगन, राजू, मितानिन आंगनबाड़ी, समस्त ग्रामवासी खैरा की विशेष भागीदारी रही।

# 20 शिक्षक स्कूलों से नदारद,एक दशक से नही आ रहे, सेवा समाप्ति के लिए नोटिस जारी

## जिला शिक्षा अधिकारी ने कलेक्टर को सौंपी सूची

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

स्कूल शिक्षा विभाग की विभिन्न शालाओं से 20 शिक्षक एवं कर्मचारी लम्बे समय से स्कूल से अनधिकृत रूप से नदारद हैं। इनमें 13 शिक्षकों की गैरहाजिरी 3 साल से अधिक अवधि की और 7 शिक्षक एवं कर्मचारी 3 साल से कम अवधि से स्कूल नहीं पहुंच रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने आज टीएल की बैठक में जिला कलेक्टर को उनके निर्देशों के अनुरूप नदारद शिक्षकों की सूची सौंप दी। कलेक्टर अवनीश शरण ने तीन साल से अधिक अवधि से गायब शिक्षकों की सेवा समाप्ति के लिए अंतिम नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। तीन साल से कम अवधि वाले कर्मियों को भी कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए कहा है। इनमें से कुछ शिक्षक तो दस-दस, ग्यारह-ग्यारह साल से बिना सूचना के स्कूल से गायब हैं। इससे स्कूल की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिल्लीबंद (कोटा)के शिक्षक बत्तीलाल मीना 11 वर्ष से, मनोरमा तिवारी रिस्दा 10 साल से, प्रेमलता पाण्डेय नवागांव 9 साल से, राकेश उरांव दर्रीघाट 8 साल से, अल्का महतो फरहदा 7 साल से, नलिनी अग्रवाल दर्रीघाट 6 साल से, दिव्यनारायण रात्रे 6 साल से, स्टेनली मार्क एक्का तिफरा, 5 साल से, बसंत कुमार लकड़ा ओखर 5 साल से, शारदा सिंह, मोढ़े 5 साल से, यशवंत कुमार साहू डण्डासागर 3 साल से, मेघा यादव परसापानी 3 साल से, हरीराम पटेल भटचैरा 3 साल से, शिवकुमार बछालीखुर्द 2 साल से, अमन मिरी 22 महीने से, श्याम सुंदर तिवारी सीपत 18 माह से, राकेश मिश्रा बेलसरा 18 माह से, मदनलाल श्यामले कंआंजति 17 माह से, रामबिहारी ताम्रकार मस्तरी 15 माह से तथा शशिकान्त यादव सीस 11 महीने से स्कूल नहीं पहुंच रहे हैं। ज्ञात हो कि लगातार तीन साल से अधिक अवधि से शासकीय सेवा से बाहर रहने पर कर्मचारी की सेवा समाप्ति के निर्देश हैं।

# मालखरौदा पुलिस की बड़ी कार्रवाई- अवैध शराब बेचने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ति
www.dailypioneer.com



लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार किया गया है,तथा इस मामले में अपराध क्रमांक 65/2024 धारा 34(2) आब. एक्ट की कार्यवाही की गई है, आरोपी का नाम कंचन सतरंज पिता सुंदरसाय शतरंज उम्र 49 साल सकिन छोटे सीपत, थाना मालखरौदा, जिला सक्ती (छ.ग.) है,आरोपी से 09 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त कर कीमती 900 रूपये बरामद हुए है, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा एवम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति गायत्री सिंह द्वारा जिला सक्ति में अवैध रूप से शराब बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु निर्देश दिया गया है जिसके परिपालन में दिनांक 10.02.2023 को मुखबिर की सूचना पर ग्राम छोटे सीपत में आरोपी के कब्जे से सफेद रंग की प्लास्टिक जरिकेन में 09 लीटर हाथ भटठी का कच्ची महुआ शराब भरी हुई किमती 900 रूपये का मिला जिसे आबकारी एक्ट के प्रावधानो के तहत विधिवत कार्यवाही कर गवाहों के समक्ष के समक्ष आरोपी के कब्जे से जप्त कर कब्जा पुलिस लिया जाकर मौके पर शीलबंद किया गया आरोपीगण का कृत्य अपराध धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम का सबुत पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर मान. न्यायालय पेश किया गया। जहां से आरोपी की सक्ती जेल में दाखिल किया गया।

# स्वच्छता अभियान के तीसरे सप्ताह जिला कलेक्टर ने खेलभाटा स्टेडियम को किया गंदगी मुक्त

पायनियर संवाददाता ∢ सारंगढ़
www.dailypioneer.com



जिला कलेक्टर के एल चौहान के दिशा निर्देश पर निरंतर तीसरे सप्ताह स्वच्छता अभियान युद्ध स्तर पर जारी रहा। सारंगढ़ रियासत कालीन खेलभाटा स्टेडियम जहां खुद जिला कलेक्टर ने सफाई का मोर्चा संभाला और साथ ही साथ खेलभाटा स्टेडियम के मैदान के फुटबॉल ग्राउंड क्रिकेट ग्राउंड वॉलीबॉल ग्राउंड सॉफ्ट बाल, लंबी कूद ऊंची कूद के मैदान और ओपन जिम तथा ओपन झूले का सघन निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर द्वारा खेल मैदान के साथ-साथ छात्रावास, जिला कलेक्ट्रेट का स्थान और ऑफीसर्स कॉलोनी का भी पैदल निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर को सड़कों पर उतरकर सीधे आम जनता की समस्याओं को नजदीक से देखने समझने को लेकर आम जन ने उनके कार्यशैली की सराहना की। स्वच्छता अभियान के दरमियान जिला कलेक्टर ने नगर पालिका को स्वच्छता के साथ-साथ बच्चों के चेंजिंग रूम, शौचालय, प्रकाश और पानी की व्यवस्था को तत्काल दूर करने की बात कही, मैदान किनारे गंदगी और चरोटा को निकाल कर वॉक करने के लिए उसे पथवे का रूप देने साथ ही ओपन झूलों के किनारे चेकर टाईल्स लगाने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने खिलाड़ी छात्राओं से की मुलाकात - खेल मैदान में अभ्यास रथ नन्हे-नन्हे छोटे-छोटे बच्चों छात्राओं से जिला कलेक्टर ने मुलाकात की उनसे कुछ प्रश्न पूछे और उन्हें खेल मैदान को स्वच्छ रखने की बात कही, सेना भर्ती का अभ्यास कर रहे युवाओं से चर्चा करते हुए उन्होंने अग्नि वीर के लिए युवाओं को भागीदारी की अपील की और उनके ट्रेनिंग की सराहना भी की। उन्होंने युवाओं को खूब मेहनत करने की दिशा पर बल दिया। खिलाड़ी छात्राओं ने युवा कलेक्टर के साथ सेल्फी ली।

# जिला परिवहन विभाग ने की 94 स्कूल बसों की चेकिंग 9 में पाई गई खामी

- जिला परिवहन विभाग को 55 स्कूल बसों की जांच में दो में मिली खामी, दो बस चालकों की आंखों में मिली समस्या

पायनियर संवाददाता ∢ कोरबा
www.dailypioneer.com






स्कूल बसों का संचालन सुप्रीम कोर्ट के तय गाइडलाइन के अनुरूप किया जाना है। ऐसा नहीं किए जाने पर कार्यवाही का प्रावधान है। जिला परिवहन विभाग द्वारा ऐसे वाहनों की जांच की जाती है। इस कड़ी में रविवार को पीजी कॉलेज खेल मैदान में जिला परिवहन अधिकारी के नेतृत्व में स्कूल बसों की जांच की गई। जांच के अलावा चालकों का नेत्र परीक्षण भी कराया गया। जांच के लिए 55 स्कूल बसें पहुंची हुई थी। सभी बसों में सुप्रीम कोर्ट के गाइडलाइन के तहत फर्स्ट एड बॉक्स, सेफ्टी टूल्स, चालक, परिचालक के ड्रेस, बसों में स्कूल के नाम और कांटेक्ट नंबर सहित अन्य चीजों की जांच की गई। जिसमें दो वाहनों में स्कूल के नाम और नंबर लिखा नहीं पाया गया। जिन्हें स्कूल का नाम और कांटेक्ट नंबर लिखने निर्देश दिया गया। वाहन चालकों के नेत्र परीक्षण में दो चालकों में आंखों की समस्या मिली। जिन्हें मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल रेफर किया गया।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पोस्टकार्ड भेजो अभियान का संचालन, जिला बचाओ संघर्ष मोर्चा व बैंकर्स क्लब रिटायर्ड रायगढ़ की संयुक्त पहल

## केएमटी कालेज में 'पर्यावरण संरक्षण सबकी जिम्मेदारी' विषयक कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिला बचाओ संघर्ष मोर्चा और बैंकर्स क्लब रिटायर्ड रायगढ़ के संयुक्त प्रयास से आज सुबह 9 से 10 बजे के बीच जिला ग्रंथालय के सामने पर्यावरण संरक्षण के लिए पोस्टकार्ड भेजो अभियान का संचालन किया गया। इस अभियान पर 180 पोस्टकार्ड प्राप्त किए गए। जिसे मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं पर्यावरण मंत्री छत्तीसगढ़ शासन को प्रेषित करने की बात कही गई। जिला बचाओ संघर्ष मोर्चा के जयप्रकाश अग्रवाल, गणेश मिश्रा, के आई टी के अजय पटेल एवं बैंकर्स क्लब रिटायर की सत्यव्रत पंडा और प्रमोद सराफ की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इसी क्रम में दोपहर12 रू00 बजे के एम टी गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में बैंकर्स क्लब रिटायर्ड के द्वारा पर्यावरण संरक्षण सबकी जिम्मेदारी विषयक एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पर्यावरण संरक्षण सबकी जिम्मेदारी विषय पर महाविद्यालय के प्राचार्य कछवाहा ने विस्तृत व्याख्यान दिया अपने व्याख्यान में वे ग्लोबल वार्मिंग सहित आने वाले समय में जो पांच बड़ी समस्या है उसमें एक बड़ी समस्या पर्यावरण प्रदूषण की है इसे भी रेखांकित किया। तत्पश्चात बैंकर्स क्लब रिटायर्ड रायगढ़ के तरुण कांति घोष ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता क्यों है? और कैसे व्यक्ति निजी स्तर पर प्लास्टिक का उपयोग न कर वाहनों का संयुक्त उपयोग, या कम उपयोग करके पर्यावरण का संरक्षण कर सकता है इस पर प्रकाश डाला। प्रताप सिंह खोडियार ने अपने वक्तव्य में पर्यावरण की संरक्षण हेतु वृक्षों का लगाना, लगाए गए वृक्षों को जतन करना और वृक्ष रहित भूमि को किस तरह हरा भरा किया जा सकता है उसके सरलतम उपाय से अवगत कराया तत्पश्चात बैंकर्स क्लब रिटायर के निर्मल सिंह ने एक कविता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण विषय को बड़े रोचक ढंग से वर्णित किया। तत्पश्चात समाजसेवी नवनीत जगतरामका ने अपने व्याख्यान में विस्तार से इस विषय पर चर्चा की और कहा कि उद्योगों द्वारा कितने बड़े पैमाने पर रायगढ़ जिले के पर्यावरण को प्रदूषित किया जा रहा है इस पर विस्तार से जानकारी दी उन्होंने यह भी कहा कि ईश्वर ने कुछ जगह रहने लायक बनाया है कुछ रहने लायक नहीं जो रहने लायक जगह नहीं है उसे पर रायगढ़ का नाम भी शामिल है। तत्पश्चात प्रगतिशील लेखक संघ और बैंकर्स क्लब के साथी रवीन्द्र चैबे ने कहा कि जब मनुष्य आदिम अवस्था में था तब प्रदूषण समस्या नहीं थी जैसे जैसे मनुष्य विकास करता गया वैसे वैसे पकृति के संतुलन के विपरित कार्य कर प्रदूषण को एक बड़ी समस्या बना दिया।

## जिले129 उपार्जन केंद्रों में 14 लाख क्विंटल धान हैं जाम

# धान उठाव को लेकर सेवा सहकारी समिति के कर्मचारियों ने घेरा डीएमओ कार्यालय

पायनियर संवाददाता ∢ चांपा
www.dailypioneer.com





धान उपार्जन केंद्रों से धान उठाव को लेकर सेवा सहकारी समिति के कमर्चारियों ने जिला विपणन अधिकारी कार्यालय का घेराव करते हुए जमकर नारेबाजी करते हुए ज्ञापन सौपे। अपने ज्ञापन में समिति के कमर्चारियों ने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी वर्ष 2023-24 में जिले के 129 उपार्जन केंद्रों में 64.08 लाख क्विंटल धान खरीदी की गई है, जिसमें से 50 लाख क्विंटल का उठाव हो चुका है, लेकिन आज दिनांक तक उपार्जन केंद्रों में लगभग 14 लाख क्विंटल उठाव हेतु शेष है। अतः शीघ्र धान उठाव कराने की आवश्यकता है, शीघ्र धान उठाव नही होने पर समितियो को निम्नांकित समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उपार्जन केंद्रों को बफर लिमिट के लिये धान सुरक्षा एवं भंडारण राशि प्रदान किया जाता है, लेकिन धान के अधिक मात्रा की सुरक्षा के लिये समितियो को अनावश्यक रूप से अतिरिक्त ब्ययभार वहन करना पड़ता है। विपणन संघ द्वारा किये गये अनुबंध के आधार पर बफर लिमिट से अधिक धान होने पर 72 घंटे के भीतर धान का उठाव कराने का उल्लेख है, लेकिन जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट से 4 से 5 गुना अधिक धान का उठाव करना आज भी शेष है। जिसके कारण बेमौसम बारिश होने से धान खराब होने की संभवना है, व धान सूखत होना एवं चुहा, दीमक इत्यादि से नुकसान होता है, जिसकी भरपाई के लिए परेशानी होगी। इसके पूर्व जिला विपणन अधिकारी कार्यालय का घेराव करने के पूर्व जिला नोडल अधिकारी कार्यालय में इकठ्ठा होकर मोटर सायकल में रैली के माध्यम से डीएमओ ऑफिस पहुँचे, जहां डीएमओ, जिला पंजीयक, जिला नोडल अधिकारी व सेवा सहकारी समिति संघ के पदाधिकारियो की बीच चर्चा हुई, चर्चा में डीएमओ ने जल्द से धान उठाव का आश्वासन दिया। अपने ज्ञापन में समिति कर्मचारियों ने यह बात भी स्पष्ट किया कि आगामी 20 फरवरी के पूर्व धान का उठाव कराने की मांग की गयी साथ ही संघ ने यह बताया कि समितियों में होने वाले सूखत एवं कमी के लिए समिति/उपार्जन केंद्रों की कोई जवाबदेही नहीं होगी। इस दौरान सहकारी समिति के अध्यक्ष रवि राठौर संरक्षक डॉ. श्रवण सिंह, संरक्षक प्रमोद कुमार दुबे, गोविंद मिश्रा, मनेन्द्र कुमार शुक्ला, ब्रजेश तिवारी, नरेंद्र सिंह, भागवत साहू, केशव सिंह, तुषार सिंह, मनोज राठौर, योगेश साहू, धन्नु अहिर, विद्या यादव, हितेश राठौर, सुखसागर कश्यप, मोहन साहू, हीरो साहू, मधु साहू, लीलादास मानिकपुरी, बाबुलाल मन्नेवार, संतोष कुमार साहू, सहित विभिन्न सहकारी समिति के कमर्चारी मौजूद रहे।

# कलेक्टर द्वारा पीएम आवास योजना के जिले में बेहतर क्रियान्वयन के लिए लगातार की जा रही विस्तृत समीक्षा

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ति
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नूपुर राशि पन्ना द्वारा सक्ती जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए लगातार वृहद् समीक्षा की जा रही हैद्य कलेक्टर द्वारा जिला पंचायत परियोजना निदेशक सहित सभी जनपद पंचायतो के मुख्य कार्यपालन अधिकारीयों की लगातार शाम के समय विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जमीनी स्तर पर कार्यों की समीक्षा लेते हुये आवश्यक निर्देश दिये जा रहे है,जिला पंचायत कार्यालय के परियोजना निदेशक बी पी भारद्वाज से प्राप्त जानकारी अनुसार कलेक्टर द्वारा आवास योजना के तहत सभी पुराने आवास को 30 मार्च तक शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए गये है। जिसके तहत सभी सीईओ आवास योजना के हितग्राहियों से संपर्क कर उन्हें आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे है। इसके साथ ही जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना के कई हितग्राहियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपने घर का निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया गया है और वे पुरे उत्साह और खुशी से अपने घरो में रह रहे हैद्य लेकिन कुछ हितग्राहियों द्वारा पूर्व में योजना के तहत क़िस्त प्राप्त हो जाने के बाद भी अपने आवास का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करा रहे है या प्राप्त राशी का दुरुपयोग कर रहे है।

उन्हें एस डी एम कार्यालय से नोटिस भी जारी किया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देशन में जिला पंचायत परियोजना निदेशक, जनपद पंचायतों के सीईओस द्वारा लगातार प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों का फिल्ड में जाकर निरिक्षण किया जा रहा है।

# खेल के माध्यम से किया गया यातायात जन जागरूकता, प्रतिभागियों को किया गया पुरूस्कृत

- 34वॉं राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत रक्षित केंद्र में स्कूली बच्चों का जुंबा डांस, रंगोली, चित्रकला, गीत, निबंध, भाषण, 100 मीटर दौड़, फुगड़ी प्रतियोगिता का आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ बीजापुर
www.dailypioneer.com



जिला बीजापुर में 34 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 के तहत् 10 फरवरी 2024 को यातायात पुलिस बीजापुर द्वारा विविध कार्यक्रम के माध्यम से स्कूली छात्र-छात्राओं को यातायात नियम एवं संकेतो के सबंध में जागरूक किया गया। सड़क सुरक्षा जागरूकता माह में पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेंद्र कुमार यादव के दिशा निर्देशन एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात नोडल अधिकारी विनीत साहू के मार्गदर्शन पर यातायात पुलिस के तत्वाधान में न्यू पुलिस लाइन मैदान में जुंबा डांस, रंगोली, चित्रकला, गीत, निबंध, भाषण, 100 मीटर दौड़, फुगड़ी का आयोजन किया गया। जुंबा डांस के माध्यम से स्वस्थ शरीर स्वस्थ मन की अपील बीजापुर पुलिस द्वारा किया गया। सुरक्षित यातायात के लिए यातायात नियमों एवं संकेतो का विधिक रूप से पालन करने की अपील की गई। उक्त कार्यक्रम में छू लो आसमान, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम बीजापुर, स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम बीजापुर, एकलव्य, अंकुर पब्लिक स्कूल, कन्या परिसर बीजापुर, आदेश्वर पब्लिक स्कूल बीजापुर के छात्र-छात्राएं शामिल होकर जुंबा डांस, रंगोली, चित्रकला, गीत, निबंध,भाषण, 100 मीटर दौड़, फुगड़ी प्रतियोगिता में शामिल हुए। विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय,तृतीय इनाम दिया गया।100 मीटर दौड़ में बालिका वर्ग में प्रथम बुलबुल स्वामी आत्मानंद स्कूल हिंदी मीडियम, द्वितीय कुमारी सरिता एकलव्य स्कूल, तृतीय कु. कंजाल अंकुर पब्लिक स्कूल रहे। 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में अर्जुन स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम, द्वितीय समीर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम, तृतीय अनिल छु लो आसमान रहे। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले, इशिता राणा स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम द्वितीय स्थान पाने वाले राजेश छू लो आसमान,तृतीय स्थान रश्मि शिमला कन्या शिक्षा परिसर। सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा गीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नागमणि ग्रुप कन्या परिसर बीजापुर, द्वितीय स्थान सुरभि ग्रुप स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम, तृतीय खुशी यादव स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम बीजापुर रहे। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिशा ग्रुप स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम द्वितीय स्थान आशीष ग्रुप स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम नंदू कोरसा एवं मोहित कश्यप छू लो आसमान रहे। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम संजना कन्या शिक्षा परिसर, द्वितीय स्थान आकाश आकांक्षा स्वामी आत्मानंद स्कूल अंग्रेजी मीडियम, तृतीय अनीता सेमला कन्या परिसर बीजापुर रहे।

# विप्र प्रीमियर लीग सीजन 6, चाणक्य को पराजित कर महाकाल इलेवन बना चैंपियन

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति एवं विप्र महाविद्यालय शिक्षण समिति के सहयोग से छत्तीसगढ़ी युवा विप्र संगठन द्वारा विप्र कॉलेज के मैदान में आयोजित रात्रि कालीन क्रिकेट स्पर्धा विप्र प्रीमियर लीग सीजन -6 के फाइनल मैच में महाकाल इलेवन ने चाणक्य इलेवन को सात विकेट से पराजित कर चैंपियन बना। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि मृत्युंजय दुबे (पार्षद सुंदर नगर वार्ड रायपुर) एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष किसान नेता योगेश तिवारी अध्यक्ष, राष्ट्रीय सनातन महासभा ने विजेता और उपविजेता टीम को विप्र ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। विजेता टीम को 51000रु एवं उपविजेता टीम को 31000रु की नगद राशि प्रदान की गई। प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी महाकाल के लक्ष्मण को चुना गया। इस अवसर पर मंच पर छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, संयोजक अविनाश शुक्ला, उमाकांत शर्मा, अशोक दीवान, संजय दीवान, नवीन शर्मा, चंद्रशेखर दीवान, राजेंद्र तिवारी डॉ मेघेश तिवारी एवं पतंजलि दीवान सहित छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के समस्त सदस्य उपस्थित थे। इसके पूर्व फाइनल मुकाबले में चाणक्य ने पहले बैटिंग करते हुए 10 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 86 रन बनाएं। अभिषेक मिश्रा ने एक चौके और 1 छक्के की सहायता से 8 गेंद में 15 रन बनाएं। महाकाल के प्रवीण ने 15 रन देकर दो विकेट और लक्ष्मण ने 20 रन देकर दो विकेट लिए ।जवाब में महाकाल की टीम ने तीन विकेट के नुकसान पर 79 रन बनाकर फाइनल मुकाबला 7 विकेट से जीत लिया। मैन ऑफद मैच पार्थ दीवान 17 गेंद में 5 चौके और तीन छक्के की सहायता से 45 रन बनाएं। चाणक्य के ललित दुबे ने दो ओवर में 13 रन देकर एक विकेट लिए। शानदार प्रदर्शन के कारण महाकाल के कप्तान पार्थ दीवान को मैन ऑफद मैच चुना गया। विप्रो प्रीमियर लीग सीजन 6 के आयोजन में छत्तीसगढ़ी युवा विप्र संगठन के अध्यक्ष सौरभ शर्मा सहित सौमित्र मिश्रा, हर्षित शर्मा, सुयश शर्मा सानू, प्रतीक शर्मा, अमित दीवान, प्रशांत शर्मा, शिवेंद्र चौबे, पार्थ चौबे, आकाश दीवान, अनिकेत मिश्रा, अभिजीत तिवारी, अजय तिवारी, सागर मिश्रा, शुभांक शर्मा शुभंकर शर्मा, आयुष शर्मा, वेदांत शर्मा और आकाश शर्मा सहित सभी सदस्यों ने ने सफलतापूर्वक आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों ने मैच का आनंद लिया।

# अवैध 230 नग खैर लकड़ी को वन विभाग ने किया जप्त, मामला सिंघोडा वन परिक्षेत्र के अन्तर्गत का

पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com





सिंघोड़ा वन परिक्षेत्र के तहत मुरमुरी चौक के पास एक स्थान पर छिपा कर रखी हुई 230 नग खैर लकड़ी को जप्त किया है। वन विभाग से मिली जानकारी अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि मुरमुरी चौक के पास भेरूडीपा में आबादी जमीन में पैरा के अंदर ढककर 230 नग खैर लकड़ी को छुपा कर रखा गया है। जिसकी कहीं अन्यत्र परिवहन किया जा सकता है। सूचना पर वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रत्यूष तांडे की टीम के द्वारा वहां पहुंचकर आसपास के लोगों से पूछने पर पता चला कि वह किसी का निजी स्वामित्व का जमीन नहीं है। आबादी वाला है वन विभाग के द्वारा लकड़ी का पीओआर जारी किया गया और चालान से उसे डिपो लाकर पूरा नाप-जोख किया गया। उक्त 230 नग खैर लकड़ी 3,365 घन मीटर कीमत 42679,10 रुपए जब तक डिपो में रखा गया है। और लकड़ी किसका है। इसकी भी जांच की जा रही है। उपरोक्त कार्रवाई में सहायक परिक्षेत्र अधिकारी संतोष कुमार पैकरा, पुरुषोत्तम साव वनरक्षक, एवं वन सुरक्षा श्रमिकों मौजूद थे।

# बीएसवी ने एफओजीएसआई के साथ गठबंधन किया

**रायपुर।** भारत में अग्रणी बायोफार्मास्युटिकल कंपनी भारत सीरम्स एण्ड वैक्सीन्स लिमिटेड (बीएसवी) ने फेडरेशन ऑफ ऑब्स्टेट्रिक एण्ड गायनेकोलॉजिकल सोसायटीज ऑफ इंडिया (एफओजीएसआई) की स्टडी ऑन फीमेल ब्रेस्ट कमिटी के साथ गठबंधन किया है। यह गठबंधन रिश्ता इनिशिएटिव 2024 के माध्यम से स्तनपान एवं प्रसव के बाद की देखभाल पर जागरूकता बढ़ाने के लिये किया गया है। रिश्ता पहल स्तनपान से स्वास्थ्य को मिलने वाले फायदों पर चिकित्सा-सहायकों को शिक्षित करते हुए स्तनपान के लिये अनुकूल एवं सहयोगी परितंत्र को बढ़ावा देने की एक कोशिश है। इसमें नई माताओं की भावनात्मक एवं मानसिक तंदुरुस्ती का ध्यान भी रखा जाता है।

# प्रोफेसर राजीव रंजन की फंडामेंटल ऑफ इंग्लिश ग्रामर किताब का सीएम विष्णुदेव साय ने किया विमोचन

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



बगीचा के संत गहिरा गुरू महाविद्यालय के प्रोफेसर राजीव रंजन तिग्गा के द्वारा लिखे गए फंडामेंटल ऑफ इंग्लिश ग्रामर किताब का विमोचन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। इस संबंध में प्रोफेसर तिग्गा ने बताया कि किताब लिखने का मुख्य उद्देश्य अंग्रेजी में कमजोर एवं पिछड़े छात्र-छात्राओं को सरल एवं सहज तरीके से व्याकरण से उनका परिचय कराना है। अंग्रेजी हमारी स्थानीय भाषा नहीं होने के कारण हमें समझने एवं बोलने में काफी कठिनाई होती है हमारे क्षेत्र के छात्र-छात्राएं टैलेंटेड होने के बावजूद अंग्रेजी में कमजोर होते हैं इसके कई कारणों में एक कारण यह भी है कि उन्हें सही मार्गदर्शन नहीं मिल पाता. मार्केट में कई किताबें उपलब्ध हैं जो कई बड़े विद्वान लेखकों द्वारा लिखे गए हैं लेकिन फिर भी बच्चे समझ नहीं पाते. उन्हें किताबों की समस्या का समाधान इस किताब में है आसान भाषा तथा सरल उदाहरण के कारण विद्यार्थियों को यह किताब आसानी से समझ में आ जाती है। संघर्ष और संयम को बताती है। एक ऐसी किताब है जो जीवन के मूल्यों को दर्शाती है प्रत्येक व्यक्ति का जीवन एक संघर्ष है और इस संघर्ष के दौरान हमें अच्छाई और बुराई के बीच में चुनाव करना होता है जो अच्छे गुणों को जीता है वह अच्छा इंसान कहलाता है और जो बुरे गुणों को चुनता है वह बड़ा कहलाता है अच्छाई एवं बुराई को चुनते हुए वह अपने अस्तित्व को समझता है यह किताब व्यक्ति के अच्छे बुरे के बीच के भेद को समझने में उसकी मदद करता है।

# घर बाड़ी में छुपाकर रखे अंग्रेजी शराब, कोचिया के विरूद्ध लवन पुलिस की बड़ी कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ∢ लवन
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा जिला में शराब, जुआ सट्टा जैसे कारोबार में संलिप्त आपराधिक आचरण वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया गया है जिसके परिपालन में अति. पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी केसर पराग के नेतृत्व में टीम गठित कर 11/02/24 को विशेष अभियान चलाकर मुखबीर लगाकर ग्राम गिंदोला में मंतराम निराला द्वारा अपने बाडी में बिक्री करने के लिए अंग्रेजी शराब रखने की सूचना पर मौके पर पहुंचकर रेड कार्यवाही किया गया एवं आरोपी मंतराम निराला पिता मुकुंतराम निराला उम्र 58 साल सा0 गिंदोला कब्जे से बाडी में रखे एक पीला रंग के थैला में 10 पाव बाम्बे गोवा व्हीस्की अंग्रेजी शराब, 7 पाव सिंडीकेट व्हीस्की शराब एवं 33 पाव सीजी फाईन प्रीमियम व्हीस्की जुमला 9 ली. किमती 6000रू0 को बरामद कर जप्त किया गया है एवं आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। अवैध शराब जुआ के विरुद्ध प्रतिबद्ध लवन पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी है।

# संपन्न हुआ शब्दाक्षर का काव्यअनुष्ठान




पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय साहित्यिक (पंजीकृत) संस्था शब्दाक्षर की प्रदेश इकाई द्वारा रायपुर शहर के वृंदावन हॉल में आयोजित काव्य अनुष्ठान सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रसिद्ध साहित्यकार भाषाविद, छंद विशेषज्ञ डा. चितरंजन कर, मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर प्रदीप यदु एवं विशिष्ट अतिथि सुप्रसिद्ध गीतकार दिनेश गौतम रहे। मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के पश्चात डॉ अमृता शुक्ला द्वारा सुमधुर सरस्वती वंदना का गायन मां शारदे के आव्हान के साथ सभागार को संगीतमय कर गया। स्वागत उद्बोधन शब्दाक्षर की प्रदेश अध्यक्ष नीता श्रीवास्तव द्वारा किया गया। शब्दाक्षर संस्था की स्थापना से लेकर ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाले संस्थापक अध्यक्ष रविप्रताप द्वारा स्थापित शब्दाक्षर से परिचित कराया प्रचार मंत्री मीना शर्मा ने। तत्पश्चात शुरू हुई काव्य गोष्ठी जिसमे शहर के स्थापित और चर्चित कवि-कवयित्रियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और देर शाम तक काव्य गंगा प्रवाहित होती रही। शब्दाक्षर के उपाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव ने अपने बेहतरीन संचालन द्वारा कार्यक्रम को ऊंचाई प्रदान की। में डा अर्चना श्रीवास्तव द्वारा आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।

कार्यक्रम में दिलीप बरवंडकर,शकुंतला तरार, चंद्रकला, अर्चना श्रीवास्तव, गोपाल शुक्ला, आलिम नकवी, सुरेन्द्र रावल, सुरेश तिवारी, शीलू लूनिया, शशि मिश्रा, चंद्रकला त्रिपाठी, सुनीता वर्मा, विनय वर्मा सहित शहर के गणमान्य ने शामिल होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

# जशपुर विधायक रायमुनी ने लोदाम में कॉलेज और जिला अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट देने की मांग विधानसभा में रखी

- लोदाम के विद्यार्थियों की समस्याओं को देखते हुए अभिभावकों ने रखी थी मांग

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



विधायक रायमुनी भगत ने लोदाम में महाविद्यालय खोलने और जिला चिकित्सालय जशपुर में सीटी स्केन ऑपरेटर व रेडियोलॉजी विशेषज्ञ डॉक्टर पदस्थ करने विधानसभा में याचिका लगाकर मांग किया है। जिला मुख्यालय से 28 किलोमीटर की दूरी पर स्थित लोदाम में महाविद्यालय नहीं होने के कारण यहां के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए जशपुर पर केंद्रित होना पड़ता है। लोदाम क्षेत्र के लोगों ने शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी समस्या का हवाला देकर गत दिनों जशपुर विधायक के समक्ष उक्त मांग रखी थी। काफी लंबे समय से बहु प्रतीक्षित मांग को विधायक भगत ने विधानसभा में याचिका लगाकर महाविद्यालय खोलने की मांग की है।

**जिला अस्पताल में विशेषज्ञ** –इसी प्रकार जिला चिकित्सालय जशपुर में सीटी स्केन ऑपरेटर व रेडियोलॉजी विशेषज्ञ की कमी के कारण आ रही स्वास्थ समस्याओं को देखकर जशपुर विधायक ने विधानसभा में इस संबंध में भी याचिका लगाई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 12 फरवरी को विधानसभा में याचिकाओं की प्रस्तुति के दौरान जशपुर विधायक द्वारा लगाए गए याचिका सामने रखे गए।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर डी के कॉलेज में छात्रों को दवा दी गई, 19 वर्ष तक के युवाओं ने खाई गोली

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



शासकीय डी के महाविद्यालय में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर 19 वर्ष तक के छात्र छात्राओं को कृमि मुक्ति की दवा एल्बेंडाजोल की खुराक दी गई। प्राचार्य डॉ ए आर सी जेम्स के निर्देशन में कार्यक्रम प्रभारी डॉ राजेश मिश्रा ने पहले विद्यार्थियों को कृमि क्या होते हैं,उनसे शरीर को क्या नुकसान होता है,इनसे बचने के क्या उपाय हैं व किस तरह इस पर नियंत्रण किया जा सकता है आदि की विस्तृत जानकारी दी और शासन द्वारा प्रदत्त दवा की एक एक खुराक दी। डॉ राजेश मिश्रा ने बताया कि प्रथम दिन 130 विद्यार्थियों को दवा दी गई है। शेष बचे छात्रों को 15 फरवरी को मॉप अप दिवस का आयोजन कर दवा दी जाएगी।

# अमेजन डॉट इन के वैलेंटाइन डे स्टोर से अपने सबसे पसंदीदा इंसान के लिए खरीदें सबसे शानदार गिफ्ट

**रायपुर।** इस वैलेंटाइन डे अमेजन डॉट इन पर खासतौर पर तैयार किए गए वैलेंटाइन डे स्टोर से शॉपिंग कीजिए, और अपनी जिंदगी के सबसे पसंदीदा इंसान पर तोहफों की बारिश कर दीजिए. यह वैलेंटाइन डे स्टोर 14 फरवरी 2024 तक लाइव रहेगा। इस स्टोर में वेरा मोडा, जीवा, कैडबरी, फ्लावर ऑरा, वनप्लस, सोनी, बोट, फॉसिल आदि जैसे दिग्गज ब्रांडों के शानदार प्रोडक्ट बेहतरीन ऑफर्स के साथ उपलब्ध हैं। चॉकलेट से लेकर फूलों, ग्रूमिंग से जुड़ी जरूरी चीजें, हैंडबैग, घड़ियां, परिधान, स्मार्टफोन, टीवी, जूते और वीडियो गेम तक, अमेजन के इस वैलेंटाइन स्टोर में हर किसी के लिए कुछ न कुछ है। अगर आप अभी तक तय नहीं कर पा रहे हैं कि अपने प्रियजन को क्या गिफ्ट दें, तो परेशान होने की कोई जरूरत नहीं है। अमेजन डॉट इन के गिफ्ट कार्ड इसका एक बहुत ही शानदार समाधान हैं। इस कार्ड को आप उनकी पसंद के मुताबिक कस्टमाइज कर सकते हैं।

# अमेजन डॉट इन की होम शॉपिंग स्प्री के साथ मनाएं इस शानदार सीज़न का जश्न

**रायपुर।** लंबा इंतजार अब खत्म हुआ, और अमेजन डॉट इन की होम शॉपिंग स्प्री होम, किचन और आउटडोर उत्पादों के विशाल संग्रह पर बेमिसाल डील्स और ऑफ़र के साथ वापस आ गई है। अगर आप अपने घर को आधुनिक बनाने के लिए साज-सज्जा से लेकर किचन अप्लायंसेस, पर्दे, बेडशीट, गद्दे आदि खरीदना चाहते हैं, तो आपके लिए टॉप ब्रांडों जैसे अवनी, बजाज, पिजन, प्रेस्टीज, सेलबेल, बोरोसिल, वेगा के शानदार प्रोडक्ट खरीदना का शानदार मौका है। अमेजन प्राइम को आपके जीवन का हर दिन बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है क्योंकि यह एक ही मैंबरशिप में सबसे बेहतरीन खरीदारी, बचत और मनोरंजन प्रदान करता है। सदस्यों को 40 लाख से अधिक उत्पादों पर एक दिन में मुफ्त डिलीवरी, उनके को-ब्रांडेड आईसीआईसीआई क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके सभी खरीदारी पर असीमित 5 कैशबैक, सौदों और शॉपिंग कार्यक्रमों तक इंस्टेंट और एक्सक्लूसिव एक्सेस मिलती है।

# द लीजेंड रीबॉर्न काइनेटिक ग्रीन ने ई-लूना लॉन्च किया जो आइकॉनिक लूना का एक ऑल-इलेक्ट्रिक और स्टाइलिश अवतार है

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com




भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के अग्रणी निर्माता, काइनेटिक ग्रीन ने एक प्रतिष्ठित कार्यक्रम में गर्व से बहुप्रतीक्षित ई-लूना पेश किया, जो उन्नत तकनीक और सुविधाओं के साथ एक स्टाइलिश, बहु-उपयोगी इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन है। नई दिल्ली। प्रतिष्ठित लूना के इस बिल्कुल नए इलेक्ट्रिक संस्करण का अनावरण भारत सरकार के माननीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के हाथों, भारी उद्योग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव, डॉ. हनीफ कुरेशी, आईपीएस, के साथ किया गया। भारत सरकार, काइनेटिक ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. अरुण फिरोदिया और काइनेटिक ग्रीन की संस्थापक और सीईओ सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी ने इस महत्वपूर्ण अवसर को बहुत महत्व दिया। ई-लूना अद्वितीय बहुमुखी प्रतिभा के साथ एक अनूठी पेशकश के रूप में इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में खड़ा है। यह नवाचार का प्रतिनिधित्व करता है क्योंकि इसे व्यक्तिगत आवागमन और छोटे व्यवसायों के लिए विभिन्न अनुप्रयोगों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसकी उन्नत इलेक्ट्रिक तकनीक और नवीन विशेषताएं पर्यावरण के अनुकूल और अत्यधिक समकालीन सवारी अनुभव में योगदान करती हैं। ई-लूना एक हाई-स्पीड इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर है जो 100त्न डिजाइन, इंजीनियर और भारत में निर्मित है, जिसमें स्टाइलिश डिजाइन, अत्यधिक बहुमुखी अपील, अत्यधिक किफायती कीमत पर लंबे समय तक चलने वाले निर्माण के साथ-साथ उन्नत हरित तकनीक की पेशकश की गई है। कीमत। ई-लूना को इस दृष्टि से डिजाइन किया गया है कि केवल वर्ग ही नहीं, बल्कि आम जनता भी ईवी क्रांति में भाग ले और बड़ी बचत और शोर रहित, उत्सर्जन-मुक्त सवारी के ई-मोबिलिटी के लाभों से लाभान्वित हो। नई ई-लूना के स्टाइलिश डिज़ाइन के केंद्र में इसकी अनूठी, धातु के रंग की, दोहरी-ट्यूबलर, उच्च शक्ति वाली स्टील चेसिस है। यह हेवी-ड्यूटी चेसिस न केवल वाहन को मजबूती और स्थायित्व प्रदान करती है।

# अयोध्या से रामलला का दर्शन कर लौटे रूपानंद साहू का किया सम्मान

पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com



रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात आम नागरिकों के लिए मंदिर के पट खोल दिए हैं और प्रतिदिन लाखों की संख्या में राम भक्त रामलला का दर्शन करने अयोध्या पहुंच रहे हैं। 10 फरवरी को सरायपाली अंचल के ग्राम रोहिना के रूपानंद साहू का भगवान श्री राम के बाल रूप का दर्शन कर अयोध्या से लौटने पर ग्रामीणों द्वारा बाजे गाजे के साथ फूलमाला, नारियल व गमछा भेंट कर स्वागत किया गया। इसी तरह राम मंदिर निर्माण आंदोलन से जुड़े कारसेवक अमरबग्गा एवं समाज सेवी दिलीप गुप्ता, श्री अग्र शिरोमणि संस्था सरायपाली के मनोज अग्रवाल, पवन अग्रवाल, एवं लक्ष्मी अग्रवाल द्वारा रूपानंद साहू का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। रूपानंद साहू क्षेत्र से पहले श्रद्धालू हैं जिन्होनें रामलला का दर्शन कर लौटे हैं। उन्होंने बताया कि रामलला जी का दर्शन भावुक करने वाला क्षण था। कारसेवकों के त्याग, तप और संघर्ष की बदौलत आज हम राम भक्तों को राम मंदिर का दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। राम मंदिर न सिर्फभव्य है बल्कि अकल्पनीय एवं अविश्वसनीय है। जब लाखों की भीड़ एक साथ जय श्री राम का जय घोष करते हैं तो वह जय घोष मन मस्तिष्क में सदा के लिये अंकित हो जाता है। जब रूपानंद साहू गांव लौटे तो हर कोई उनसे राम मंदिर की भव्यता एवं दिव्यता के बारे में ही जानने और सुनने को आतुर था। स्वागत करने वालों में सरपंच प्रतिनिधि चुड़ामणी साहू, बाबा बिशासहे कुल कोलता समाज रोहिना शाखा सभापति बृन्दावन साहू, कमलेश चौरसिया, धर्मेंद्र पटेल, पूर्व सरपंच सुरेंद्र सेठ, रविन्द्र सेठ, भगवानो बेहरा, दुर्योधन बेहरा, हेमलाल बेहरा, नीलमणि बारिक, विजय राणा, जयकृष्ण नेताम, वीरेंद्र सेठ, दुर्लभ बंजारा, कुंजबिहारी, शत्रुघन, भोज, उदेनाथ, रघुमणि, नेपाल, कामपाल, हीरालाल, खिरोद्र, भूपेंद्र, विशाम्बर, आनंद आदि ग्रामीण प्रमुख थे।

# ग्राम कांची के रामजतन सिंह और दयाशंकर राम ने बनाई मुस्कान भारत टीम



**मनोरा।** युवाओं में समाज के जरूर मंद लोगो को और मानवता सेवा, परोपकार, सड़क हादसा जैसे लोगो की मदद करना , रक्त दान करने हेतु प्रेरित, धार्मिक स्थलों का स्वय सेवा भाव से साफ सफाई जैसे कार्य करने के उद्देश्य से स्वय सेवा टीम मुस्कान भारत टीम बनाई है जो आज मनोरा ब्लाक के डाहु कोना में निवास रत पहाड़ी कोरवा लोगो को गर्म कपड़ा , जैकेट, टोपी , साड़ी, बच्चों की छोटी अवश्य कपड़ा के साथ कंबल का वितरण किया गया जिसमे कुल 15, परिवार कुल 60 से अधिक लोगों को कपड़ा और मिठाई वितरण किया गया कपड़े मिलने से लोगो में खुशी और उत्साह का माहौल रहा इस कार्यक्रम को आर्थिक सहायता विशेष रूप से सूर्यवंशी मेडिकल आस्था। रामजतन सिंह, सिंह किराना दुकान आस्था ननका सिंह, दयाशंकर राम (कांची) शिक्षक, दिलमोहन सिंह, डमरू धर बुनकर, उमेश यादव का विशेष योगदान रहा।

# झूरानदी सहकारी समिति में धान में मिलावट का भांडा फूटा, शिकायत पर टीम ने जांच की

## निलंबित रहे सहायक समिति प्रबंधक पर गंभीर आरोप

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



छुईखदान के करीब सहकारी समिति झूरानदी में खरीदे गए धान में खराब धान की मिलावट किए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में झूरानदी सहकारी समिति के सहायक समिति प्रबंधक प्रकाश कुमार चंदेलपर आरोप लग रहे हैं। उक्त सहायक प्रबंधक पहले भी समिति में लापरवाही किए जाने के मामले में निलंबित रहे हैं और लंबे समय से विवादित हैं। मिलावट की शिकायत पर जब पायनियर संवाददाता ने मौके की पड़ताल की तो वहां धान में मिलावट करने का जारी था। जब इसके विषय में जानकारी ली गई तो हमालों ने सहकारी समिति प्रबंधक का नाम लिया। 10 फरवरी को सहकारी समिति में सहायक प्रबंधक की मौजूदगी में कुछ हमालों द्वारा किसानों से खरीदे गए गुणवत्तायुक्त धान में बदरा मिलाए जाने की सूचना मिली थी। मौके पर पायनियर के संवाददाता ने पहुंचकर इसकी तस्दीक की। धान में मिलावट कर रहे हमालों ने बताया कि, सहायक प्रबंधक प्रकाश कुमार चंदेल ने ऐसा करने के लिए कहा है। मामला सामने आने के बाद समिति प्रबंधक ने संवाददाता को धमकाने की कोशिश भी की। उसने पुलिस से फर्जी शिकायत भी की है। चोरी पकड़े जाने पर वह समिति में किसी के भी प्रवेश के प्रतिबंधित होने का दावा कर रहा है। जबकि पायनियर के पास मिलावट किए जाने के पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध है।जानकारी मिली है कि, इस बीच देर रात ही प्रकाश कुमार चंदेल द्वारा अपने लोगों से धान की बोरियां हटवा दी गईं। गौरतलब है कि, सहकारी समिति झूरानदी के प्रबंधक प्रकाश वर्मा के खिलाफपहले भी कई शिकायतें रहीं हैं। कुछ ही समय पहले यहां कलेक्टरके औचक निरीक्षण में धान खरीदी में लापरवाही पाई गई थी। इस पर सहायक पंजीयक ने जांच उपरांत सहायक समिति प्रबंधक प्रकाश कुमार चंदेल को निलंबित कर दिया था। हालही में उन्हें दोबारा बहाली मिली है जिसके बाद फिर से सहकारी समिति में गड़बड़ियां शुरु हो गई है। क्षेत्र के किसान भी उन पर वसूली के लिए दबाव बनाने और कोचियों का धान खपाने का आरोप लगा रहे हैं। धान खरीदी के ही दौरान 3 फरवरी को प्रशासनिक टीम ने झूरानदी के करीब से ही अवैध परिवहन किए जा रहे 150 कट्टा धान जप्त किया था। बताया जाता है कि, यह धान भी समिति में ही खपाने की तैयारी थी।

### जांच से पहले लिपापोती की आशंका

सहकारी समिति झूरानदी में धान में मिलावट की शिकायत के बाद कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के निर्देश पर सोमवार को यहां धान की जांच की गई है। इसके पहले ही रविवार की देर रात जांच प्रभावित करने और खुद को बचाने सहायक प्रबंधक द्वारा मिलावटी धान की बोरियां यहां से हटवा दिए जाने की जानकारी मिली है। समिति के अन्य कर्मचारी भी सहायक समिति प्रबंधक से प्रताड़ित बताए जाते हैं। किसानों से उगाही, कोचियों से सांठगांठ के कई मामले में सहायक समिति प्रबंधक प्रकाश के खिलाफ शिकायतें हैं।

# झमाझम बारिश, ओले भी गिरे, खरीदी केंद्रों में रखा करोड़ों का धान भीगा

### बफर लिमिट से अधिक धान के संग्रहण के चलते व्यवस्था बनाने में दिक्कतें



■ परिवहन की सुस्त रफ्तार से हो रहा नुकसान

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

राजनांदगांव और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के कुछ इलाकों में सोमवार की सुबह बारिश के साथ ओले गिरे हैं। घुमका क्षेत्र के में चने के आकार ओले बरसे हैं। इससे पहले रविवार को पड़ोसी जिलों में बारिश और ओले गिरने की खबरें सामने आई थी। अचानक इस बारिश से खरीदी केंद्रो में रखे धान के भीगने और खराब होने की आशंका भी बढ़ गई है। रविवार की खैरागढ़ इलाके में झमाझम बारिश हुई। आधी रात के बाद तेज गर्जना के साथ मूसलाधार बारिश हुई। मौसम के करवट बदलने से सोसाइटियों में रखे धान भीग गए। जबकि दूसरे दिन सुबह भी बारिश और ओले गिरे हैं। इससे खुले आसमान के नीचे रखे करोड़ों रुपए के धान के खराब होने का खतरा बढ़ गया है। गौरतलब है कि इस बार बंफर धान खरीदी हुई है। सरकार द्वारा 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदे जाने की घोषणा के बाद अविभाजित राजनांदगांव में रिकॉर्ड तोड़ खरीदी हुई है। लेकिन अब अचानक खराब हो रहे मौसम से नुकसान का खतरा बढ़ गया है। उपज को खराब मौसम से बचाने के लिए किए गए बंदोबस्त विफल साबित हुआ है। अचानक बारिश होने के कारण धान की छलनियां पानी में भीग गई है। सोसाइटियों में बदइंतजामी के खामियाजा के तौर पर सरकार को आर्थिक हानि भी उठानी पड़ेगी।बताया जाता है कि मार्कफे ड की लापरवाही के कारण इस साल परिवहन व्यवस्था बेहद धीमी रही। बड़े सोसाइटियों के अलावा छोटे सोसाइटियों में भी धान अब भी खुले आसमान में रखे हुए हैं।

# झूठी वाहवाही लूट रहे हैं विधायक और पूर्व विधायक : अजय पटेल

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com



भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय पटेल ने खुज्जी विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक छन्नी साहू द्वारा भाजपा सरकार के खिलाफ दिए बयान पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि स्वयं छन्नी साहू 5 वर्ष के अपने कार्यकाल में झूठे आश्वासन एवं भूमि पूजन तक सीमित रहीं। क्षेत्र के विकास से उनका कोई नाता नहीं रहा। बिना स्वीकृत कार्यों के भूमिपूजन करना उनका कार्य रहा है।

उन्होंने कहा कि - जब कांग्रेस के शासन में 132 केवी भंडारपुर के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा वर्चूअल भूमिपूजन कर आमजनों को दिग्भ्रमित करने का ही कार्य किया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने छुरिया प्रवास के दौरान 26 मार्च को 64 करोड़ 14 लाख रुपए के कार्य की नींव रखने और भूमिपूजन किया था। लेकिन सात महीनों तक कांग्रेस की सरकार कुंभकर्णी नींद में सोयी रही। छन्नी को इस बात का ध्यान जरुर होगा कि उन्होंने छुरिया के माँ दंतेश्वरी मंदिर के निर्माण के लिए लाखों रुपये की घोषणा कर छुरिया के लोगों को ठगा है। ठीक वैसे ही कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी भेंट मुलाक़ात कार्यक्रम में मंदिर निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के लिये करोड़ों की घोषणा की थी जिसका आज पर्यन्त कोई अता पता नहीं। उन्होंने कहा कि - जबकि आज विष्णु देव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने सभी वर्गो का ख़्याल रखते हुए जानकल्याणकारी बजट पेश किया है। जिसमें खुज्ज़ी विधानसभा के विभिन्न ग्रामों के पुल पुलिया,सड़क, नये स्कूल भवन एवं अन्य करोड़ों के नव निर्माण शामिल है।

# बालको के विश ट्री पहल से समुदाय के बच्चों को मिली खुशियां

पायनियर संवाददाता < बालकोनगर
www.dailypioneer.com








वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने समुदाय में बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए अपने वार्षिक विश ट्री अभियान का सफ्ल आयोजन किया। यह पहल स्थानीय समुदाय के बच्चों की 'उपहार इच्छाओं' को इकट्ठा करके उन्हें बालको के समर्पित कर्मचारी की सेवा भावना द्वारा पूरा किया गया। लगातार तीसरे वर्ष में समुदाय में खुशी को बढ़ावा देने के लिए समर्पित पहल में 16 से अधिक गांवों से सक्रिय भागीदारी देखी गई। विश ट्री अभियान के तीसरे संस्करण को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। बालको के प्रचालन क्षेत्र के आसपास के समुदाय और गांवों से 400 से अधिक 'उपहार इच्छाओं' को एकत्रित किया गया। 260 से अधिक बालको कर्मचारियों ने स्वेच्छा से आगे आकर देने की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए आगे आये। ये इच्छाएँ मुख्य रूप से 3-10 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की ओर से आई हैं। बच्चों ने अपनी इच्छाओं में पेंसिल बॉक्स, खिलौने कपड़े, स्कूलबैग से लेकर जूते और अन्य ज़रूरी चीजों को शामिल किया। बालको के कर्मचारियों ने व्यक्तिगत रूप से उपहार वितरित करके इन इच्छाओं को पूरा किया और संतुष्टि की भावना का अनुभव किया। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि कंपनी अपने सामुदायिक विकास पहल के माध्यम से अपने स्थानीय समुदाय के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर अटल हैं। बच्चों को हमारे भविष्य के निर्माता के रूप में पहचानते हुए हम उनकी क्षमता के पोषण की महत्वपूर्ण भूमिका को समझते हैं। हमारी पहल परिवर्तन लाने के लक्ष्य के साथ समुदाय के समग्र विकास पर केंद्रित है। सामुदायिक विकास की परिवर्तनकारी दृष्टिकोण को अपनाते हुए हम समुदायों के उत्थान और सशक्तीकरण की दिशा में सक्रिय रूप से काम करते हैं। विभिन्न पहल के माध्यम से बालको अपने कर्मचारियों के सहयोग से 'समाज को वापस लौटाने की संस्कृति' को भी बढ़ावा दे रहा है जिसकी मदद से हम विश ट्री अभियान सफ्ल हुआ है। चुईया गांव के सरपंच शिवराज सिंह राठिया ने विश ट्री पहल की सराहना करते हुए कहा कि बालको अपने सामुदायिक कार्यों द्वारा समुदाय को खुद से जोड़ा है। बालको की पहल से हमारे समुदाय के बच्चों को सशक्त बनने का अवसर मिला है। इस अभियान के माध्यम से उनके विश पूरे हुए और उन्हें प्रोत्साहित भी किया गया। युवाओं के उतरोत्तर प्रगति में बालको ने अपनी दृष्टिकोण को मजबूती प्रदान करते हुए समुदाय में सकारात्मक प्रभाव पैदा कर रही है।'विश ट्री' पहल के अलावा बालको अपने विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से समुदाय के बच्चों के समग्र विकास हेतु सक्रियता से योगदान दे रहा है। ग्रीष्मकालीन तथा शीतकालीन कैम्प और विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से बालको कर्मचारियों ने बच्चों के कौशल एवं व्यक्तित्व विकास के अवसरों को सुगम बनाया है। साल भर बालको कर्मचारी प्रोजेक्ट कनेक्ट के तहत सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिए सहायता कक्षाएं संचालित करते हैं। परियोजना मुख्य रूप से बालको कर्मचारियों तथा स्वयंसेवी शिक्षकों के माध्यम से छात्रों के ग्रेड में सुधार, शिक्षकों की क्षमता निर्माण और करियर परामर्श के लिए एक सक्षम वातावरण बनाकर सरकारी स्कूलों में सीखने के माहौल में सुधार लाने पर केंद्रित है। बालको अपने सामुदायिक विकास कार्यों द्वारा क्षेत्र के 123 गांवों के लगभग 1.5 लाख लोगों के जीवन में बदलाव ला रहा है।

# वोटों की गिनती नहीं, आयोग एवं ईवीएम की विश्वनीयता खतरे में : रूपेश दुबे

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता। लोकसभा राजनांदगांव के मीडिया प्रभारी रूपेश दुबे ने विधानसभा निर्वाचन 2023 में राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र क्र 75 के बूथ नंबर 123 के 961 मतदाताओं के वोटो की गिनती न कर घोषित अवैध निर्वाचन परिणाम के गंभीर मुद्दे को लेकर एक स्मरण पत्र कलेक्टर जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष निर्वाचन आयोग दिल्ली हेतु प्रस्तुत किया गया है। प्रदेश प्रवक्ता एवं राजनांदगांव विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन के निर्वाचन अभिकर्ता रूपेश दुबे ने बताया कि देश में ईवीएम की अविश्वनीयता रूपी आंदोलन मुखर है। निर्वाचन दल से माकपोल में त्रुटि,17 सी, सी यू से वोट संख्या मिलान नहीं होने पर उस बूथ के वोट गणना के अंतिम दौर बाद वीवीपेट से किए जाने का प्रावधान है। क्योंकि लोकतंत्र में जनमत सर्वोपरी है। लेकिन निर्वाचन आयोग ने हार जीत का अंतर ऐसे मतदान केंद्रों में डाले गए कुल मतों की संख्या से अधिक है को आधार बनाकर अन्य मतदान केंद्रों के वोटो की गिनती नहीं करने का अव्यवहारिक व जनता के वोटो का अपमान रूपी निर्देश लागू कर दिया है जिसके कारण राजनांदगांव शहर के बूथ नं 123 चौखड़िया पारा के 961 वोटो की गिनती ही नही की गई। उन्होंने कहा कि - वोटों के सत्यापन के लिए 5 वीवीपेट की गिनती सामान्य प्रक्रिया है। इसके अलावा इस त्रुटिपूर्ण बूथ के वोटो की गिनती वीवीपेट से करने के लिए लिखित निवेदन किया गया था पर आयोग के अव्यवहारिक निर्देश के कारण गिनती नही की गई और अपूर्ण मतगणना में ही परिमाण घोषित किया गया। इस अलोकतांत्रिक निर्देश के विरुद्ध मतगणना के तत्काल बाद दस्तावेज सहित शिकायत 5 दिसंबर को ही प्रस्तुत किया।

# चारभाठा में गांव चलो अभियान में पहुंचे डॉ. नीरेंद्र



**डोंगरगांव।** भारतीय जनता पार्टी के गाँव गाँव चलो अभियान के तहत डोंगरगांव विधानसभा के ग्राम बड़गांव चारभांठा के बूथ क्र. 229 व 230 में जनसंपर्क किया गया। इस मौके कार्यक्रम प्रभारी व वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ नीरेन्द्र साहू ने मोदी सरकार व विष्णुदेव सरकार की योजनाओं को विस्तारपूर्वक से जानकारी दी। इस दरम्यान राधेश्याम कमरिया, यदु नायक, राजू गिरी गोस्वामी, शिव लटिया, कृष्णा लटिया, खेमूराम मसिया, हरिराम साहू, हेमलाल देवांगन, यादव साहू, शंकर देवांगन, अंकालू भुआर्य, पहुप मसिया, वासुदेव पिस्दा सहित स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता व गणमान्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# आरोपियों के घर पर चला बुलडोजर अवैध कब्जा हटाने की दी गई थी नोटिस

पायनियर संवाददाता < दुर्ग/भिलाई
www.dailypioneer.com



बहुचर्चित शिवम साव हत्याकांड के आरोपियों के घर पर सोमवार को नगर निगम ने बुलडोजर चलाया। इस कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई शुरू होने से पहले इलाके में धारा 144 लागू कर दी गई थी। तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू होने से पहले हत्या में शामिल आरोपियों के परिजन घर पर बुलडोजर न चलाने की गुहार करते रहे, लेकिन उनकी गुहार को अनदेखी कर घर के अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। छावनी थाना क्षेत्र में शिवम साव की चार युवकों ने मिलकर हत्या कर दी थी। 21 जनवरी की रात को कैंप-2 शारदा पारा स्थित संजय टेंट हाउस के पास गाड़ी बैक करने के नाम पर विवाद हुआ था। इस दौरान यहां से गुजर रहे कुछ युवकों ने टेंट हाउस के संचालक और उसके बेटे शिवम साव से मारपीट की।

विवाद इतना बढ़ गया कि एक युवक ने चाकू से शिवम साव पर चाकू से हमला कर दिया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस घटना के बाद क्षेत्र में काफी आक्रोशित माहौल बन गया और स्थानीय विधायक रिकेश सेन ने आरोपियों के अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलाने की बात कही थी। भिलाई निगम के जोन-3 कार्यालय ने हत्या के आरोपियों के परिवार को नोटिस भेजकर घर के भू-स्वामित्व संबंधित दस्तावेज की जांच हेतु प्राधिकृत अधिकारी को प्रेषित किया गया था। इस अवैध कब्जा अथवा निर्माण को तीन दिन के भीतर स्वयं से हटाने को कहा गया था, लेकिन नहीं हटाने पर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के तहत बेदखली कार्रवाई की गई। पुलिस ने इस मामले में अंकेश चौहान, चंदेश प्रधान, राहुल प्रजापति, सुमित चौहान और एक अपचारी बालक को गिरफ्तार कर पुलिस ने जुलूस निकालकर क्षेत्र में घुमाया गया।

### आरू साहू के कार्यक्रम में उमड़ा जन सैलाब

# मड़ई-मेला आयोजन में आधी रात तक बना रहा उत्साह

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com

नगर में मड़ई मेला के अवसर पर गायक आरु साहू का कार्यक्रम रविवार की रात स्कूल ग्राउंड में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सभी वर्ग और दूर दराज व आसपास के ग्रामीणों की हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी।

छुरिया में मड़ई मेले का आयोजन शांतिपूर्वक निपटा। यहां रात में आयोजित कार्यक्रम के लिए आयोजकों ने भीड़ को देखते हुए चटाई और कुर्सी की व्यवस्था में विस्तार किया। देररात तक भीड़ का आना बंद नहीं हुआ था। आरु साहू कार्यक्रम शुरू होने के 1 घंटे बाद आई। उनका स्वागत अजय पटेल, राहुल तिवारी ,संजय सिन्हा मनभावन सिंह उइके,प्रिंस भाटिया और कीर्ति सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्षअजय पटेलथे। इसके अलावा शिव चंद्रावंशी, सुनील लारोकर, रोहित सिन्हा, कांता साहू, भुखन धनकर, टामेश कुंभकार, प्रकाश साहू, सोनू कसेर, सन्नी भाटिया आदि की उपस्थिति में शुभारंभ हुआ।अजय पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह कार्यक्रम विस अध्यक्ष डॉ रमन सिंहव पूर्व सांसद की पहल पर संस्कृति विभाग की ओर से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। नगर उन्हें धन्यवाद ज्ञापित करता है। वहीं राहुल तिवारी कहा कि इस मंच में कांग्रेस, भाजपा,समाज सेवी,पत्रकार व विभिन्न विचारधारा से जुड़े लोग एक साथ मौजूद हैं, हम सब का एक ही उद्देश्य है कि नगर में कोई भी कार्यक्रम में हम सब की एकता दिखे...यह छुरिया नगर की विशेषताएं हैं।



# संगठन के साथ आगे बढ़ें समृद्धि तय है : प्रतीक्षा भंडारी

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरिय में महिला स्व सहायता समूह सशक्तिकरण के तहत शक्ति वंदन अभियान आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिले भर से स्व सहायता समूहों की महिलाएं शामिल हुईं। कार्यक्रम में अतिथि बतौर मौजूद जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतीक्षा भंडारी व अन्य अतिथियों ने महिलाओं का सम्मान किया।

इस दौरान जपं अध्यक्ष प्रतीक्षा भंडारी ने कहा कि - संकल्प से शक्ति, संगठन से समृद्धि यह नारा सशक्त हो रही महिलाओं के लिए है। आप ही वे महिलाएं हैं जिन्होंने उदाहरण स्थापित किए हैं। गृहिणी का कर्तव्य निभाते हुए भी आप सशक्तिकरण की दिशा में अपना दायित्व पूरी तन्मयता से निभा रहीं हैं। मातृ शक्ति संगठन के साथ आगे बढ़ें और समृद्धि के नए आयाम तक पहुंचे हम सभी की यही कामना है।

इस आयोजन में शक्ति वंदन अभियान में लाभान्वित महिलाओं ने योजना के बारे में अपने अनुभव भी साझा किए। कार्यक्रम में नारी शक्ति हेतु चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी,जपं छुरिया अध्यक्ष किरण वैष्णव ने भी उद्बोधन दिए। इस दौरान स्व सहायता समूह की बहनें सहित विभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

# केंद्रीय गोड़ महासभा धमधागढ़ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

- समाज के सहयोग से उत्तरदायित्व का निर्वहन करने में सफल रहूंगा
- आदिवासी लोकनायक बिरसा मुण्डा की प्रतिमा लगाने 25 लाख रूपए की घोषणा
- गोड़वाना भवन दुर्ग में अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु 50 लाख रूपए की घोषणा

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय दुर्ग के सिविल लाइन स्थित कचना धुरवा देवालय परिसर में आज केंद्रीय गोड़ महासभा धमधागढ़ द्वारा सम्माननीय मंत्री एवं विधायकों का सम्मान तथा वीर नारायण सिंह बलिदान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बतौर मुख्य अतिथि शिरकत किये। कार्यक्रम में खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल एवं विधायक डोमन लाल कोरसेवाड़ा, गजेंद्र यादव एवं ललित चंद्राकर तथा केंद्रीय गोड़ महासभा धमधगढ़ के अध्यक्ष एम.डी. ठाकुर, अन्य पदाधिकारी और समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थें। समारोह में गोड़ समाज द्वारा गौर सिंह मणित मुकुट पहनाकर और धनुष बाण भेंट कर पारम्परिक ढ़ंग से सम्मान किया गया। समाज द्वारा मुख्यमंत्री जी को मोतीचूर लड्डुओं से भी तौला गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि यह सम्मान आप सभी का सम्मान है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रदेशवासियों की सेवा के लिए जिस विश्वास के साथ जिम्मेदारी मुझे सौंपी है उस पर मैं समाज के सहयोग से उत्तरदायित्व का निर्वहन करने में सफल रहूंगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री जी के गारंटी को क्रमशः पूरा करने जा रही है। इसी कड़ी में प्रदेश के गरीबों को प्रधानमंत्री योजना अंतर्गत18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए है। किसानों का विगत वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 का धान बोनस राशि 3716 करोड़ रूपए किसानों के खाते में अंतरण किया गया है। वन क्षेत्रों में रहने वाले तेंदुपत्ता संग्रहकों से प्रति मानक बोरा 5 हजार 500 रूपए में खरीदी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी जी की गांरटी के मुताबिक सरकार महतारी वंदन योजना के तहत अगले माह से प्रत्येक हितग्राही महिलाओं को प्रतिमाह 1 हजार रूपए देने जा रही है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा जनआस्था के अनुरूप विगत 22 जनवरी को अयोध्या में 5 सौ वर्षों उपरांत रामलला का प्राण प्रतिष्ठा किया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों की आस्था को ध्यान में रखते हुए सरकार शीघ्र ही रामलला दर्शन योजना लागू करने जा रही है। मुख्यमंत्री साय ने गोड़ समाज के पदाधिकारियों की मांग पर गोड़वाना भवन दुर्ग में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 50 लाख रूपए और दुर्ग नगर के राजेंद्र पार्क चौक में आदिवासियों के लोक नायक बिरसा मुंडा की प्रतिमा लगाने के लिए 25 लाख रूपए की घोषणा की। बिरसा मुंडा एक महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और सामाजिक सुधारक थे। वह झारखंड के बांगा गांव में जन्मे थे। उनकी शौर्यगाथाएं भारतीय इतिहास में अमिट चिह्न के रूप में प्रस्तुत हैं। उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी और आदिवासी समुदायों के अधिकारों की रक्षा की। उन्होंने आदिवासी जनजाति के लिए लड़ते हुए उन्नति का मार्ग प्रशस्त किया। वे आदिवासी संगठनों की स्थापना की और लोगों को जागरूक करने का काम किया। बिरसा मुंडा का जीवन एक प्रेरणास्त्रोत है, जो हमें दिखाता है कि एक संघर्षशील व्यक्ति किसी भी असंभव को मुकाबला कर सकता है। वे हमेशा याद रखे जाएंगे और उनकी महानता को सम्मान देना चाहिए। बिरसा मुंडा एक महान आदिवासी समाजसेवी, वीर और क्रांतिकारी थे।

# रायपुर क्लस्टर प्रभारी राजेश मूणत ने ली लोकसभा कोर कमेटी और लोकसभा प्रबंधन समिति की बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



लोकसभा चुनाव होने में कुछ दिनों का ही समय शेष है, ऐसे में भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने और जनाधार को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से अपने बड़े नेताओ को मैदान में उतारने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। प्रत्येक लोकसभा के समीकरण के हिसाब से कार्ययोजना बनाई जा रही है, इसके लिए पार्टी ने 3 या 4 लोकसभा जोड़कर एक क्लस्टर बनाया है, वरिष्ठ नेताओ को क्लस्टर की जिम्मेदारी देकर पार्टी चुनाव प्रबंधन का क्रियान्वयन कर रही है। इसी कड़ी में रायपुर क्लस्टर अंतर्गत आने वाले दुर्ग लोकसभा क्षेत्र की लोकसभा कोर कमेटी और लोकसभा प्रबंधन समिति की आवश्यक बैठक चुनाव कार्यालय में क्लस्टर प्रभारी राजेश मूणत ने ली। क्लस्टर प्रभारी विधायक राजेश मूणत ने आगामी 29 तारीख लोकसभा क्षेत्र की सभी 9 विधानसभाओं में कार्यालय का उदघाटन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा छत्तीसगढ़ भाजपा को जो भी निर्देश और कार्ययोजनाएं मिलेंगी, उसका पालन प्रदेश भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को अक्षरशः करना है, पार्टी के पदाधिकारियों से लेकर कार्यकर्ता तक सबको एकजुट होकर पार्टी की सबसे सूक्ष्म इकाई बूथ समिति तक ऐसा समन्वय स्थापित करना है कि व्यापक संवाद और पारदर्शिता बनी रहे। राजेश मूणत ने बताया कि क्लस्टर प्रभारियों का मुख्य कार्य संवाद स्थापित करना और पारदर्शिता से कार्य संपन्न कराना है, हमें जितनी भी जिम्मेदारियां शीर्ष नेतृत्व से प्राप्त होंगी उन्हे बूथ तक पहुंचाना और उन पर क्रियान्वयन करवाने की नीति पर गंभीरता से चलना है, आगामी नव-मतदाता सम्मेलन, शक्ति वंदन कार्यक्रम, गांव चलो अभियान के साथ साथ मीडिया और सोशल मीडिया का सकारात्मक उपयोग करते हुए नए लोगों को अधिक से अधिक पार्टी प्रवेश का अभियान चलाना है। महिला समूहों और एनजीओ के बीच एक अलग अभियान चलाना है, गांव चलो घर घर चलो अभियान का शुभारंभ हो चुका है। उन्होंने आगे कहा जिस प्रकार कार्यकर्ताओ की अथक मेहनत के फलस्वरूप भाजपा ने मात्र 5 वर्षों में ही जबरदस्त वापसी की है उसी तरह छत्तीसगढ़ की ग्यारह की ग्यारह लोकसभा सीटें नरेंद्र मोदी को उपहार में देनी है। क्लस्टर प्रभारी एवं विधायक राजेश मूणत ने कहा कि आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि के अवसर पर संकल्प लेते हुए दुर्ग लोकसभा की जीत का समर्पण मांगता हूं और मुझे विश्वास है कि दुर्ग में कार्यकर्ता ऐतिहासिक जीत दर्ज करवाएंगे।

# रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस भिलाई के वार्षिक उत्सव सह प्रतियोगिता कार्निवल में शामिल हुए स्कूल शिक्षा मंत्री अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल आज रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस भिलाई के वार्षिक उत्सव सह प्रतियोगिता कार्निवल-2024 में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत किये। उन्होंने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि आज विद्यार्थी हायर एजुकेशन में अपने करियर बनाने आते है। देश को आगे ले जाने की जरूरत है। उच्च शिक्षा संस्थान केवल डिग्री बांटने का केंद्र न हो। विद्यार्थी के भविष्य निर्माण का केन्द्र होना चाहिए। उन्होंने बताया कि सरकार विद्यार्थियों के स्किल डेवलपमेंट का कार्य करने जा रही है। आज एक किसान का बच्चा टेक्नालॉजी में कैसे आगे बढ़ सकता है। इस पर भी ध्यान रखना होगा। मंत्री अग्रवाल ने कार्निवल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी और इसके बाद पुनः अध्ययन प्रारंभ करने का आह्वान किया। उन्होंने कार्निवल में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वालों को अपने कर कमलों से पुरस्कृत किया। समारोह में रूंगटा ग्रुप के चेयरमैन संजय रूंगटा एवं अन्य पदाधिकारी और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# छठे पशु विकास दिवस पर 1 लाख से अधिक मवेशियों का इलाज

## एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने महिलाओं का भी किया सम्मान, 4-10 फरवरी को हुआ था स्वास्थ्य शिविर

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर, सरायपाली, सारंगढ़, बैकुंठपुर, धमतरी और पिथौरा सहित 14 राज्यों में 460 से अधिक स्थानों पर पशु शिविर आयोजित किए गए और एक ही दिन में 1 लाख से अधिक मवेशियों का इलाज किया गया। कंपनी को पशु विकास दिवस के छठे संस्करण के लिए वर्ल्ड रिकॉर्ड्स यूनियन के प्रोविजनल सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया है। एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट के 4,000 से अधिक कर्मचारी देशभर में वार्षिक पशु विकास दिवस कार्यक्रम के लिए अपनी स्वेच्छा से शामिल हुए। 4-10 फरवरी तक कुल 315 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए, जिससे 30,000 से अधिक लोग लाभान्वित हुए। भारत की अग्रणी एनबीएफसी में से एक



एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड (पूर्व में फुलर्टन इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड) ने अपना छठा पशु विकास दिवस (पीवीडी)आयोजित किया। यह देश में सबसे बड़ा एक दिवसीय पशु देखभाल शिविर के रूप में जाना जाता है। भारत में, 8 करोड़ से अधिक परिवार सीधे तौर पर डेयरी क्षेत्र से जुड़े हुए हैं और इनमें इनमें महिलाएं 70 प्रतिशत कार्यबल का प्रतिनिधित्व करती हैं। इन महिलाओं की भूमिका के सम्मान के लिए, छठा पशु विकास दिवस डेयरी फार्मिंग में महिलाएं के रूप में मनाया गया। यह पहल ईएसजी ढांचे के सामाजिक पहलू को दर्शाती है, जो सामाजिक उत्थान को आगे बढ़ाने में लैंगिक विविधता और समावेशन के महत्व पर जोर देती है। कंपनी की सामाजिक पहल के बारे में बोलते हुए एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर और मैनेजिंग डायरेक्टर शांतनु मित्रा ने कहा। मवेशियों की देखभाल के अलावा, एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने 4 फरवरी से 10 फरवरी 2024 तक देश भर में लोगों के लिए 300 से अधिक स्वास्थ्य देखभाल शिविरों का भी आयोजन किया, जिससे 30,000 से अधिक लोगों को लाभ हुआ। छठे पशु विकास दिवस ने कुल मिलाकर 1,25,000 से अधिक लोगों के जीवन को प्रभावित किया।

# निगम आयुक्त ने किया क्षेत्र भ्रमण दिए आवश्यक निर्देश



पायनियर संवाददाता ◄ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

निगम क्षेत्र क्षेत्र में चल रहे नियमित सफाई कार्य, निर्माण कार्य एवं पेयजल आपूर्ति का स्थल अवलोकन करने आयुक्त प्रातः 6 बजे से क्षेत्र भ्रमण कर रहे है। सोमवार को आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव जोन-1 नेहरू नगर के विभिन्न वार्डो में पहुँचकर सफाई व्यवस्था को देखा, उन्होने दो-तीन नाली को जोड़ने वाले स्थल में बह कर आने वाले कचरे की सफाई नियमित रूप से करने को कहा ताकि जल जमा की स्थिति न बने। भ्रमण के दौरान आयुक्त कोहका पानी टंकी पहुॅचे और पेयजल हेतु क्षेत्र में सप्लाई किये जा रहे पानी की नियमित नमुना जॉच कर रिकार्ड संधारण करने के निर्देश दिये। ध्रुव कोहका के साकेत नगर पहुॅचकर क्षेत्र में जल भराव की स्थिति को रोकने रिसाव वाले जगह को चिन्हित कर जल प्रवास को रोकने के निर्देश दिये है। सभी जोन आयुक्त भी अपने प्रभार क्षेत्र का प्रातः भ्रमण कर चल रहे निर्माण कार्य, सफाई एवं जल प्रदाय पाईप की जॉच कर हुए लिकेज का तत्काल संधारण करवा रहे है साथ ही डोर टू डोर किये जा रहे कचरा संग्रहण मे लोगो को सुखा और गीला कचरा को पृथक कर देने के लिए लोगो को प्रेरित कर रहे जिसका अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।

# विधिक जागरूकता शिविरः दिव्यांग हितग्राही को मिला ट्राई-साईकल




पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्र कुमार अजगल्ले के मार्गदर्शन में जिले के ग्राम बिजराकापा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मयंक सोनी ने बताया कि शिविर में ग्रामीणों को कानूनी जानकारी दी गई और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान दिव्यांग सुरेन्द्र निषाद द्वारा ट्रॉई-साईकल की मांग की गई, जिस पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए समाज कल्याण विभाग के समन्वय से जिला एवं सत्र न्यायालय में दिव्यांग को पात्रतानुसार ट्राई-साईकल उपलब्ध कराया गया।

## जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर 17 को

**मुंगेली।** शासन के निर्देशानुसार 17 फरवरी को जनपद पंचायत मुंगेली में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जिले के आमजनों की राजस्व संबंधी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। कलेक्टर ने आय, जाति, निवास, सीमांकन, बंटाकन, नामांतरण, फौती सहित अन्य राजस्व प्रकरणों का नियमानुसार निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

# महतारी वंदन योजनाः सुदूर वनांचल ग्राम की महिलाओं में खुशी की लहर

- ग्राम बिजराकछार में 250 महिलाओं ने भरा आवेदन

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



राज्य शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण और आर्थिक स्वावलंबन को बढ़ावा देने तथा स्वास्थ्य व पोषण स्तर में सुधार लाने 'महतारी वंदन योजना' शुरू की है, जिसे लेकर मैदानी क्षेत्रों के साथ सुदूर वनांचल ग्रामों की महिलाओं में खुशी की लहर है। योजना का लाभ लेने विकासखण्ड लोरमी के ग्राम बिजराकछार में एक ही दिन में 250 महिलाओं ने आवेदन भरा। कलेक्टर राहुल देव के मार्गदर्शन में महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी ग्राम पंचायतों और आंगनबाड़ी केन्द्रों के साथ कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर योजना की जानकारी देकर महिलाओं से आवेदन फार्म भरवाया जा रहा है। जिले के तीनों विकास खण्ड में अब तक 01 लाख 53 हजार 576 से अधिक महिलाओं द्वारा आवेदन भर लिया गया है। वहीं 66 हजार से अधिक आवेदन की आनलाईन पोर्टल में एंट्री की जा चुकी है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में महतारी वंदन योजना लागू करने का निर्णय लिया गया है। योजना के तहत 05 फरवरी से आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदन की अंतिम तिथि 20 फरवरी तक निर्धारित की गई है। योजना अंतर्गत पात्र विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 01 हजार रूपए अर्थात साल के 12 हजार रूपए आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से अंतरित की जाएगी तथा विभिन्न पेंशन योजनाओं से पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं को एक हजार रूपए से कम पेंशन राशि प्राप्त होने से शेष अंतर की राशि का भुगतान होगा। योजना का लाभ लेने के लिए आंगनबाड़ी केंद्र, ग्राम पंचायत सचिव, बाल विकास परियोजना कार्यालय, नगरीय क्षेत्रों में वार्ड प्रभारी की लॉगिन आईडी या आवेदक स्वयं ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे।

# आवास और उज्जवला योजना के लिए लगी कतार आयुक्त ने पुरैना शिविर का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ रिसाली
www.dailypioneer.com



विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के दूसरे चरण के तहत सोमवार को 9 हजार से अधिक महिला पुरूष शिविर स्थल पहुंचे। निगम के अंतिम छोर पुरैना और एचएससीएल कालोनी मरोदा में शिविर लगाया गया। निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने दोनो स्थल का निरीक्षण कर हितग्राहियों को योजना के बारे में जानकारी दी। दरअसल शिविर स्थल श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र है। काबिज निवास स्थल भिलाई इस्पात संयंत्र और रेलवे के क्षेत्राधिकार में है। पट्टा नहीं होने की वजह से निगम कर्मचारियों ने आम लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना के अलावा प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी महतारी वंदन योजना के बारे में जानकारी दी। शिविर का उद्घाटन पार्षद ओमप्रकाश मिर्झा, रंजीता बेनुआ, पार्वती महानंद, सरिता देवांगन, रेखा देवी, विनय नेताम, गजेन्द्री कोठारी, ममता सिन्हा मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे, राजू जंघेल, विक्की सोनी, दुर्गेश साहू, लक्ष्मण राव आदि लोग उपस्थित थे।

**स्कूली छात्राओं ने कराया आधार अपडेट**-एच.एस.सी.एल. कालोनी स्टेशन मरोदा में आधार अपडेट कराने वालों की संख्या अधिक थी। यहां आधार अपडेट नहीं होने की वजह से योजनाओं का लाभ लेने में दिक्कत हो रही थी। आयुक्त की पहल पर शिविर स्थल पर आधार अपडेट करने वाले कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई गई।

**उज्जवला योजना के तहत कराया पंजीयन**-शिविर में कई ऐसे गरीब महिलाएं थी जिन्हें उज्जवला योजना का लाभ नहीं मिल रहा था। खाद्य विभाग द्वारा लगाए स्टाल में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की मदद से निःशुल्क सिलेण्डर के लिए पंजीयन कराया गया।

**योजना को जानने लगी भीड़**-सुबह 9 से 1 और दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक लगे शिविर में केन्द्र और राज्य शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार करने एल.ई.डी. स्क्रीन लगाया गया था। योजनाओं को जानने और लाभ लेने आम लोगों ने विडियों भी देखा।

## विदेश जाने से पहले आईएफएस अधिकारी उइके ने राष्ट्रपति मुर्मू से की शिष्टाचार भेंट

# कोंडागांव के राजेश उइके विदेश में निभाएंगे भारतीय राजदूत की जिम्मेदारी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



'जिंदगी की कठिनाइयों से भाग जाना आसान होता है, जिंदगी में हर पहलू इम्तेहान होता है, डरने वालों को नहीं मिलता कुछ जिंदगी में, लड़ने वालों के कदमों में जहां होता है।' ये लाइन छत्तीसगढ़ के एक पिछड़े इलाके से निकलकर विदेश में भारतीय राजदूत बनने तक का सफर तय करने वाले राजेश उइके पर बिलकुल सटीक बैठती हैं। कोंडागांव जिले से आने वाले उइके ने असुविधाओं को पार कर सफलता की प्रेरणादायक कहानी लिखी है। 2006 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) अधिकारी उइके की हाल ही में ताजिकिस्तान में भारत के अगले राजदूत के रूप में नियुक्ति हुई है। ताजिकिस्तान के लिए निकलने से पहले उइके ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने ताजिकिस्तान में भारत के अगले राजदूत के रूप में आधिकारिक नियुक्ति को चिह्नित करते हुए उइके को क्रेडेंशियल दस्तावेज प्रस्तुत किए। वर्तमान में, राजेश उइके नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय के बाहरी प्रचार एवं सार्वजनिक कूटनीति प्रभाग में संयुक्त सचिव के रूप में कार्यरत हैं। उनके राजनयिक करियर में विदेशों में भारतीय दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों में विभिन्न भूमिकाएं, साथ ही नई दिल्ली में मंत्रालय के भीतर विभिन्न जिम्मेदारियां शामिल हैं। उइके अपने स्कूल के दिनों से ही काफी प्रतिभावान रहे हैं। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा कोंडागांव और सुकमा जिले में पूरी की। उन्होंने एनसीईआरटी की राष्ट्रीय प्रतिभा खोज मेरिट छात्रवृत्ति प्राप्त की। इसके अलावा उन्होंने हाई स्कूल और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर गणित प्रतिभा खोज परीक्षा में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक भी प्राप्त किए। उइके के पास एनआईटी, भोपाल से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री और आईआईटी, दिल्ली से औद्योगिक इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री है। भारतीय विदेश सेवा में शामिल होने से पहले उन्होंने कुछ समय के लिए ऑटोमोबाइल सेक्टर में डिजाइन इंजीनियर और ऑपरेशन मैनेजर के रूप में भी काम किया। उइके भारतीय रेलवे में भी सेवारत रहे और उन्होंने स्नातक स्तर की पढ़ाई के तुरंत बाद एक औद्योगिक स्टार्ट-अप भी शुरू किया था। हालांकि विदेश मामलों और कूटनीति में विशेष रूचि रखने वाले उइके ने इससे आगे बढ़कर कुछ बड़ा करने की ठानी और वह सिविल सेवा परीक्षा की तैयारियों में जुट गए और कामयाबी भी प्राप्त की। उइके अब ताजिकिस्तान के दुशांबे में अपनी नई भूमिका को निभाने के लिए उत्साहित हैं। विपरीत परिस्थितियों के बीच सपनों को पूरा करने के लिए उइके का अपने लक्ष्य पर फोकस और निरंतरता युवाओं को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

# ईपीएफ पर ब्याज दर बढ़कर 8.25 प्रतिशत हुई

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छ.ग.कमिटी ऑफ नेशनल एंप्लाइयर्स फेडरेशन चेयरमैन प्रदीप टंडन ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए ईपीएफ सदस्यों के लिए ब्याज दर को पिछले वर्ष की तुलना में 8.25 प्रतिशत तक बढ़ाने के केंद्रीय न्यासी बोर्ड, ईपीएफओ के निर्णय का स्वागत किया है, यह निर्णय 10 फरवरी 2024 को आयोजित सीबीडीटी की बैठक में लिया गया, जो भारत सरकार की वित्तीय योजनाओं के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाने के प्रधान मंत्री के दृष्टिकोण के रूप में श्रमिक वर्ग के सामाजिक कल्याण की दिशा में उठाया गया एक बड़ा कदम है। केंद्र सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजना के लिए ब्याज दर में वृद्धि से लगभग 5 करोड़ कर्मचारियों को लाभ होगा, जिनमें से अधिकतम रोजगार की सबसे लोकप्रिय श्रेणी में हैं। एनईएफ के निदेशक आरके जोशी ने गरीबी रेखा से नीचे के सभी लोगों को एक या अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से कवर करने की सरकार की दूरदर्शी दृष्टि का स्वागत किया, चाहे वे नियोजित हों या स्व-रोजगार वाले, किसान हों, वरिष्ठ नागरिक हों या जरूरतमंद हों।

Shri Balaji Group of Hospitals & Colleges
संकल्प, समर्पित सेवा का

# श्री बालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स

15th Years CELEBRATION

**1400 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं 150 सीटो का मेडिकल कॉलेज**

## श्री बालाजी हॉस्पिटल के 15 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 15 दिवसीय विशाल स्वास्थ्य शिविर

**15 साल** विश्वास के
**15 दिन** आभार के




**दिनांक :15/02/2024-29/02/2024 तक**

**नि:शुल्क ओ.पी.डी ***

**ओ.पी.डी. जाँचों पर 50%* की छूट**

**हॉस्पिटल बिल पर 50%* की छूट**

| रोबोटिक सर्जरी | MRI | CT SCAN | एंजीयोग्राफी | एंजीयॉप्लास्टी (सिंगल स्टेंट) | बीटिंग हार्ट बाईपास सर्जरी | एंडोस्कोपी | सोनोग्राफी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ₹100000/-* में | ₹1800/-* से | ₹1200/-* से | ₹4999/-* में | ₹90,000/-* से | ₹1,30,000/-* में | 750/-* रू | 600/-* रू |

**नि:शुल्क**
**नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी**

**अग्रिम पंजीयन आवश्यक**
**9340019842, 8319690434, 9926191294**

*नियम व शर्तें लागू

**मोवा, रायपुर 0771-4241000/01/02**

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403